हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
शुक्ल पक्ष, स्वाति, विक्रम संवत् 2081
• औरंगाबाद • रविवार • 08 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 267 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND













## अबुआ आभार हेमन्त सरकार

## अधिवक्तागण के समृद्ध भविष्य के लिए सरकार का प्रयास

### देश में पहली बार हेमन्त सरकार द्वारा अधिवक्ता कल्याण हेतु लिए गए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय

**₹5 लाख**
**तक का स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा**
झारखण्ड राज्यकृत एडवोकेट वेलफेयर फंड के सभी सदस्यों को राज्य सरकार एडवोकेट वेलफेयर फंड के माध्यम से ₹5 लाख तक का स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा प्रदान करेगी

**₹14,000**
**हुई पेंशन की राशि**
झारखण्ड राज्यकृत एडवोकेट वेलफेयर फंड के माध्यम से सदस्यों को ₹7,000 पेंशन दी जा रही थी। अब राज्य सरकार इस फंड में राज्यांश से अतिरिक्त ₹7,000 देगी, इस तरह अधिवक्ताओं के कल्याण हेतु पेंशन की राशि ₹7,000 से बढ़ कर ₹14,000 हुई

**₹5,000**
**हुई स्टाइपेंड राशि**
नए निबंधित अधिवक्ताओं के स्टाइपेंड राशि प्रतिमाह (पहले तीन वर्ष तक) मिलने वाली राशि ₹1,000 को बढ़ाकर ₹5,000 किया गया, इसमें 50% राशि राज्य सरकार वहन करेगी

अधिवक्ता हित को ध्यान में रखकर सभी अधिवक्ताओं से आग्रह है कि वे एडवोकेट वेलफेयर फंड के सदस्य बनें और लाभ उठाएं

PR No. 335102 / IPRD / 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## संक्षिप्त समाचार

### जावा महुआ के साथ 20 लीटर देसी शराब जब्त

**मानपुर।** सूबे में पूर्ण शराब बंदी के बाद भी शराब का निर्माण धड़ल्ले से हो रहा है। ताजा मामला प्रखंड कार्यालय के पीछे स्थित अशोक नगर आहर का है। यहां से जावा महुआ और शराब को बरामद किया गया है। धंधेबाज के रूप में गोंगा मांझी के बेटे राजा मांझी को चिह्नित किया गया है। एसआई अजय कुमार ने बताया कि शराब निर्माण की गुप्त सूचना पर एएसआई रितेश कुमार के साथ छापेमारी की गई, जहां से 20 लीटर चुआई गई शराब और 840 लीटर जावा महुआ बरामद की गई है। इस दौरान शराब बनाने के उपक्रम को ध्वस्त किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस को देखते ही धंधेबाज फरार होने में सफल रहा। थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि चिह्नित धंधेबाज के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### अभाविप ने मवि प्रशासन व प्रो. वीसी का फूंका पुतला

**बोधगया।** परीक्षा परिणाम में त्रुटि और विलंब को लेकर छात्रों में नाराजगी है। इसी को लेकर शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बोधगया ने मगध विश्वविद्यालय प्रो वीसी का पुतला फूंका और नारेबाजी कर आक्रोश जताया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बोधगया अभिषेक आर्य ने बताया कि बीते दिन स्नातक सत्र 2022-25 के प्रथम वर्ष का परिणाम जारी किया गया। इसमें लगभग करीब 40 फीसदी से ऊपर छात्र-छात्राओं के परिणाम में भारी त्रुटि है। बहुत सारे विद्यार्थियों की उपस्थिति होने के बावजूद अनुपस्थित कर दिया गया है। विभाग संयोजक शिव नारायण ने कहा कि विषयों में सही अंक नहीं दिए गए हैं। स्नातक सत्र 2022-25 के प्रथम वर्ष की परीक्षा में विलंब हुआ और परिणाम भी गलत दिया गया। मगध विश्वविद्यालय में छात्रों का आर्थिक व मानसिक शोषण हो रहा है। कॉलेज से लेकर विश्वविद्यालय तक छात्रों को अपने काम करने के लिए संघर्ष करना होता है। । मौके पर विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री मंतोष सुमन, विभाग संयोजक शिव नारायण जी, सौरभ स्वराज, सुमित मौर्य,निखिल राज, पिंटू, हर्ष सिंह, विनायक सिंह, मैक्स कुमार,प्रिया सिंह, प्रगति मिश्र,शिवम कुमार, प्रवीण यादव आदि थे।

### नारायणपुर बांध की नहीं हुई मरम्मत, 20 गांव प्रभावित

**गया।** नारायणपुर बांध की मरम्मत व गाद की सफाई नहीं होने से करीब 20 गांवों के किसान प्रभावित है। इन्हें फसलों की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। सबसे अधिक परेशानी भेटौरा, टनकुप्पा, मखदुमपुर, बरसौना, इचोई, पैमार व मानपुर इलाके के किसानों को हो रही है। इस संदर्भ में सर्वदलीय संघर्ष समिति का एक शिष्टमंडल लघु सिंचाई मंत्री डॉ. संतोष मांझी से मुलाकात की और मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। समिति के लोगों की बातों को सुन मंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द ही नारायणपुर बांध का डीपीआर तैयार कर प्रशासनिक स्वीकृति के लिए विभाग को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि नारायणपुर बांध के निर्माण में देर हुई है, इसके लिए अफसोस है। लेकिन तकनीकी दक्ष अभियंताओं द्वारा इसका डिजाइन अब पूरा कर लिया गया है, जल्द ही टेंडर प्रक्रिया में जाकर कार्य को संपन्न किया जाएगा।

### कर्क व्यू स्कूल ने गया को किया गौरवान्वित

**गया।** शहर के कर्क व्यू स्कूल के दो छात्रों का चयन अगले महीने तमिलनाडु में होने वाले सीआईएससीई खो-खो राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के लिए किया गया है। इस स्कूल की अंडर-17 टीम ने 30-31 अगस्त 2024 को जमशेदपुर में आयोजित सीआईएससीई क्षेत्रीय चैम्पियनशिप में भाग लिया था। दो छात्र, निलेश कुमार और शिवम कुमार का चयन राष्ट्रीय चयनकर्ताओं द्वारा किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल प्रभुद्धा चटर्जी ने इसपर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

### स्पेशल ऑफिसर पद पर चयनित छात्र सम्मानित



**गया।** बीएससी एकेडमी गया में पीएनबी के स्पेशल ऑफिसर के पद पर चयनित छात्र अनमोल प्रताप को सम्मानित किया गया। चार सितंबर को इसका परिणाम घोषित हुआ है। अनमोल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी सफलता के लिए बीएससी की पूरी टीम, स्टडी मैटेरियल, टेस्ट सीरीज़, इंटरव्यू क्लास उपयोगी सिद्ध हुआ। इसके लिए पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने छात्रों से कहा कि लगन व धैर्य रखकर बीएससी एकेडमी के साथ जुड़े रहें सफलता अवश्य मिलेगी। इसके लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है मौके पर रणजीत कुमार, संजय वर्मा, निरज कुमार, नीतीश कुमार, निरंजन कुमार, शिवेक सर, धीरज अभिमान, संजय कुमार सहित सैकड़ों छात्र शामिल हुए।

### तीज पर सुहागिनों ने हाथों में रचाई मेहंदी, पारण कर पर्व का समापन

**गया।** आज पारण कर पूजा का होगा समापन 05 सितंबर को नहाय-खाय के साथ सुहागिनों का महापर्व तीज शुरू हुआ था। 06 सितंबर को व्रतियों ने निर्जला उपवास का व्रत रखा और 07 सितंबर को पारण कर तीन दिवसीय पूजा का समापन करेगी। आचार्य नवीन चंद्र मिश्र वैदिक ने बताया कि सूर्योदय के बाद महिलाएं पारण कर सकती है। इस बार तीज व्रत में तृतीय व चतुर्थी का संयोग था। इस कारण तीज व्रत की पूजा महिलाओं ने दोपहर से लेकर रात तक महिलाओं ने की। भास्कर न्यूज। गया सुहाग की लंबी आयु, धन व वैभव को लेकर सुहागिन महिलाओं ने शुक्रवार को हरितालिका तीज का निर्जला व्रत रखा। व्रत रखने के बाद भी व्रतियों ने पूजा के लिए पकवान बनाए, साथ ही सुहाग, दान व पूजा के समानों की खरीदारी की। घर आकर हाथों में एक से बढ़कर एक डिजाइन की मेहंदी रचाई



और फिर पूजा की तैयारी में जुट गई। सर्वप्रथम व्रतियों ने विशेष स्नान कर नई-नई साड़ियां पहनी और सोलह श्रृंगार से सज-धज कर तीज पूजा में शामिल हुई। बता दें कि तीज व्रत को लेकर खासकर नवविवाहिताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। अपने शादी के वस्त्रों, आभूषणों को पहन कर पूजा अर्चना की और सुहाग की लंबी आयु की कामना की, फिर ब्राह्मणों से तीज व्रत की कथा का भी श्रवण किया। पूजा के बाद बॉस के बने डलिया में फल व पकवान सजा ब्राह्मणों के बीच दान किया। केले के पत्तों से बना मंदिर, फूलों से सजा निर्जला व्रत तीज को लेकर सुहागिनों ने केले के पत्तों से बने मंदिर को खरीदा। इस मंदिर को फूलों से सजाया गया था, फिर इसी मंदिर में भगवान शिव-पार्वती के साथ गौरी-गणेश की प्रतिमा को विराजमान किया गया। इन पर जल, दूध, रोली, सिंदूर, अक्षत, फूल, फल, मिष्ठान व तरह-तरह के पकवान चढाएं गए। व्रतियों ने भगवान शिव व माता पार्वती से अखंड सौभाग्य का वरदान मांगा, साथ ही घर में खुशियां बनी रहे, इसकी भी प्रार्थना की। बाजार में खरीदारी के लिए दिखी भीड़ निर्जला व्रत तीज को लेकर बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की जबर्दस्त भीड़ दिखी। फल से लेकर सब्जी तक की खरीदारी लोगों ने की। बता दें कि तीज को लेकर लाल साग के भाव में जबर्दस्त इजाफा दिखा। लाल साग की कीमत 80 से 100 रुपए रही। अन्य फलों की बात करें तो सेव 100 से 120 रुपए किलो, केला 40 से 80 रुपए दर्जन, नारियल 20 से 30 रुपए पीस मिले।

# बाइक के धक्के से 4 साल के बच्चे की मौत, रोड किया जाम

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में शनिवार सुबह एकंगरसराय-बिहार शरीफ मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में एक मासूम की मौत हो गई। मामला एकंगरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत सुंडी बीघा गांव का है। मृतक की पहचान पटना जिला के जानीपुर निवासी अखिलेश कुमार के (04) वर्षीय पुत्र पवन कुमार के रूप में की गई है। वह अपनी मां के साथ ननिहाल सुंडी बीघा गांव आया हुआ था। परिजन ने बताया कि पवन कुमार अपने ननिहाल स्थित घर के पास सड़क के समीप खेल रहा था। इसी बीच बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे मासूम गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे एकंगरसराय रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की पुष्टि के उपरांत परिजन आक्रोशित हो उठे और मुआवजे व कार्रवाई की मांग की। शव को रखकर सड़क जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों छोर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। करीब 2 घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। बच्चा अपने माता-पिता के साथ तीज पर्व को लेकर ननिहाल आया था।

**आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगीः** एकंगरसराय थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि अमित उर्फ लाला, जिसका तानया



वर्कशॉप है। रिपेयरिंग की गाड़ी का टेस्ट ड्राइव कर रहा था। इसी बीच बच्चा सड़क पार कर रहा था। जिसे ठोकर लग गई। इस हादसे में मासूम की मौत हो गई। परिजनों ने सड़क को जाम कर दिया। जिन्हें समझा-बुझा कर जाम हटाया गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बस ने दो दोस्तों को रौंदा, एक की मौत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में एनएच-30 ए हरनौत सकसोहरा मार्ग पर शुक्रवार को सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना हरनौत थाना क्षेत्र अंतर्गत गोनावां गांव के समीप की है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के हुसैनचक गांव निवासी दयानंद उर्फ भुटाली के (30) वर्षीय पुत्र शतरंजन उर्फ गुल्लू जमादार के रूप में की गई है। जबकि जख्मी युवक गोंनावां गांव निवासी मुकेश कुमार है। देर शाम परिजन शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। मृतक के भाई रंजीत कुमार ने बताया कि शतरंजन तीज की खरीदारी को लेकर गोनावां गया था। जहां से वह अपने दोस्त के साथ वापस आ रहा था। जैसे ही गांव से बाहर एनएच पर निकला। तभी तेज रफ्तार बस ने कुचल दिया। इस घटना में शतरंजन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका दोस्त मुकेश कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे सदर अस्पताल से बेहतर



♦ नालंदा में तीज की खरीदारी के लिए जा रहे थे, दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल

इलाज के लिए रेफर किया गया है।

**ग्रामीणों ने सड़क जाम कियाः** घटनास्थल पर जुटे ग्रामीणों ने मुआवजे और कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद आक्रोशितों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। इस मामले में हरनौत थाना अध्यक्ष मोहम्मद अबू तालिब अंसारी ने बताया कि हादसे के बाद वाहन चालक गाड़ी समेत फरार हो गया। अज्ञात वाहन की पहचान में पुलिस जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

# सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा भाई जख्मी

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में निर्माणाधीन बख्तियारपुर-रजौली फोरलेन एनएच- 20 पर सड़क हादसे में शुक्रवार की शाम एक युवक की मौत हो गई। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पावर ग्रिड के समीप का है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के विजवनपर गांव निवासी कृष्ण सिंह के (39)



वर्षीय पुत्र संतोष कुमार सिंह के रूप में की गई है। हादसे में संतोष का भाई मुकेश कुमार जख्मी हो गया है। परिजन ने बताया कि संतोष और मुकेश काम खत्म कर पावर ग्रिड से पैदल ही घर लौट रहे थे। इसी बीच रास्ते में पीछे से आ रहे वाहन ने टक्कर मार दी। घटना में संतोष कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मुकेश कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने गांव वालों को सूचना दी। इसके बाद गांव और परिवार के लोग मौके पर जुटें। वाहन चालक मौके से गाड़ी समेत फरार हो गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रख मुआवजे और कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। ट्रैफिक थाना अध्यक्ष सुशील कुमार राहुल ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंची। अज्ञात वाहन की पहचान में पुलिस जुट गई है। शव का पोस्टमॉर्टम करा के परिजनो को सुपुर्द कर दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# नालंदा में मानव अंग सड़क पर रख किया जाम

## 26 अगस्त को लापता हुआ था व्यक्ति, झांड़ियों में चप्पल-गमछा मिलने से हुआ संदेह

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में 26 अगस्त से एक व्यक्ति लापता है। जिसका परिजन एक अंग झाड़ियों में बरामद होने का दावा कर रहे हैं। परिजनों के अनुसार उस व्यक्ति का सिर मिला है। वहीं, पुलिस का कहना है कि जो संदिग्ध अवशेष मिला है उसका पहले पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। इसके बाद इस पर कुछ जानकारी दी जाएगी। इस घटना को लेकर परिजन परवलपुर बाजार पहुंच मानव अंग को बीच सड़क पर रख जाम कर दिया है। लोगों ने टायर जलाकर जमकर हंगामा किया। वहीं, इस घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामला शांत करवाना चाही। लेकिन परिजन नहीं मान रहे हैं। बता दें कि मामला परवलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुहाने नदी के पास की है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के वाना बीघा निवासी उपेंद्र महतो के बेटे गोरेलाल उर्फ बबलू(34) के रूप में की गई है। मानव अंग घर से 300 मीटर दूर बरामद किया गया है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया



कि 26 अगस्त को गांव के ही लोरिक चौधरी द्वारा मछली मारने की बात कह कर घर से बुलाकर ले जाया गया था। इसके बाद से वह लापता हो गया था। काफी खोजबीन की गई, बावजूद गोरेलाल का कहीं अता पता नहीं चल रहा था। इसके बाद थाना में गोरेलाल को लापता कर देने के मामले में शिकायत की गई। पुलिस वाले बस छानबीन और बरामदगी का हवाला देते रह गए। ग्रामीणों द्वारा लगातार खोजबीन की जा रही थी। तभी गांव के ही मुहाने नदी के पास एक स्थान पर झाड़ियां कटी हुई दिखाई दी। ग्रामीणों को संदेह हुआ उक्त स्थल पर जब खुदाई कर देखा गया तो वहां गमछा और चप्पल दिखाई दिया। इसके बाद एक मानव अंग मिला। उक्त मानव अंग गोरेलाल के रूप में रहने का दावा परिजनों द्वारा किया जाने लगा। इसके बाद आक्रोशित होकर परिजन मानव अंग को लेकर परवलपुर बाजार पहुंच गए। सड़क पर टायर जलाकर जाम कर दिया। घंटों आक्रोशितों ने जमकर हंगामा किया। इस मामले में हिलसा डीएसपी-2 गोपाल कृष्ण ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि 6 सितंबर को परवलपुर थाना के एक कांड के अनुसंधान के क्रम में अपहृत बबलू महतो उर्फ गोरेलाल की मुहाने नदी के किनारे खोजबीन की जा रही थी।

खोजबीन के दौरान मुहाने नदी के किनारे जमीन के अंदर से संदिग्ध अवशेष मिला है। परिजनों द्वारा कहा गया है कि उक्त अवशेष अपहृत बबलू महतो उर्फ गोरेलाल के शरीर का भाग है। जिसे विधिवत रूप से पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेजा गया है। FSL की टीम को बुलाकर विभिन्न बिंदुओं पर जांच और साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। इस संबंध में एक प्राथमिक अभियुक्त छोटेलाल चौधरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इन सब बातों को लेकर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा परवलपुर बाजार जाम कर दिया गया था। पुलिस की तत्परता से जाम को हटाया गया। जाम करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# गौरा-गणेश विसर्जन में 2 किशोरों की डूबकर मौत, दो अलग-अलग जगहों पर हादसा

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह डूबने से दो किशोरों की मौत हो गई। मामला इस्लामपुर और पावापुरी ओपी थाना क्षेत्र का है। मृतकों की पहचान इस्लामपुर थाना क्षेत्र के बालमत बीघा निवासी सुबोध साव का 12 वर्षीय पुत्र रवि रौशन कुमार और पावापुरी ओपी क्षेत्र के अहदाहा गांव निवासी बृजराज बिहारी के (13) वर्षीय पुत्र पवन कुमार के रूप में की गई है। रवि रोशन कुमार के चाचा रवि कुमार ने बताया कि तीज पर्व को लेकर रवि रौशन परिवार के साथ गौरा-गणेश विसर्जन को लेकर




जलवार नदी के किनारे गया था। नदी में नहाने के दौरान रवि रोशन कुमार और उसका छोटा भाई डूबने लगा। आसपास के लोगों की नजर पड़ी। इसके बाद छोटे भाई को पानी से बाहर निकाल लिया गया, पर रौशन की जान नहीं बची।

**अस्पताल में डॉक्टर ने मृत किया घोषितः** पवन कुमार के चाचा नंद कुमार ने बताया कि गौरा-गौरी विसर्जन को लेकर गांव के समीप बहरइन पईन में विसर्जन के बाद गांव के बच्चों के साथ स्नान कर रहा था। सभी बच्चे स्नान के बाद बाहर निकल गए और पवन भी बाहर आ गया, लेकिन वह फिर से पईन में जाकर नहाने लगा। तभी वह गहरे पानी में डूबने लगा। बच्चों ने घर आकर जानकारी दी। गांव वाले जुटे तो पवन को पानी से निकालकर पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस्लामपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार और पावापुरी ओपी प्रभारी नारद मुनि सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। यूडी केस दर्ज कर लिया गया है।

# कारोबारी के घर-दुकान में लूटपाट करने वालों की तस्वीरें जारी

निज संवाददाता। गया

गया के शेरघाटी में शुक्रवार सुबह एक कारोबारी के घर-दुकान से 10 लाख रुपए से अधिक की लूट हुई थी। अपराधी वारदात के बाद फरार हो गए थे। पुलिस ने मामले में शामिल 3 अपराधियों की तस्वीर जारी की है। सीसीटीवी से तीनों की तस्वीरें ली गईं है। सीसीटीवी का सारा डाटा और रिकॉर्ड पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। मामले का खुलासा करने के लिए एसएसपी आशीष भारती ने एसआईटी गठित की है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। गौरतलब है कि शुक्रवार की सुबह जिले के शेरघाटी के रमना मुहल्ले में व्यवसायी रोहित की दुकान



में एक बाइक से 3 हथियारबंद अपराधी आए थे। पहले दुकान से नगद राशि लूट ली। इसके बाद दुकान के ऊपर व्यवसायी के मकान में घुस कर लूटपाट किया था।


अपराधियों ने बेशकीमती सामना व जेवरात लूट लिए थे। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी भाग गए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में लगी हुई है।

# बिहार का चोर, 3 राज्यों के म्यूजियम में किया चोरी, भोपाल में पकड़ाया

निज संवाददाता। गया

भोपाल में करीब 15 करोड़ रुपए के सिक्के और जेवर चोरी करने वाला शातिर चोर विनोद यादव (49) गया का रहने वाला है। पुलिस ने उसे बुधवार को गिरफ्तार किया है। उसके पास से श्यामला हिल्स के म्यूजियम से सोने के सिक्के और जेवर मिले हैं। ये सभी गुप्त से मुगल काल के दौरान के हैं। विनोद यादव अकेले ही इस तरह की बड़ी चोरी करता और भाग निकलता था। वो चोरी के लिए फेमस म्यूजियम को ही निशाना बनाता था। इससे पहले उसने राजस्थान और कोलकाता म्यूजियम में भी चोरी की थी। वो कई बार पुलिस गिरफ्त में आया है, लेकिन उसने चोरी नहीं छोड़ी। पुलिस पूछताछ में उसने बताया है कि धूम फिल्म देखकर उसे म्यूजियम से चोरी करने का आइडिया आया था और जब से म्यूजियम में चोरी करने का प्लान बनाया है तब से अपने बेटे के साथ कई बार म्यूजियम आ चुका था। इतना ही नहीं म्यूजियम की 25 फीट ऊंची दीवार फांदने के लिए उसने खंभे पर चढ़ने की प्रैक्टिस भी की।

**सोने के 3 सिक्के देखकर चोरी का प्लान बनायाः** विनोद यादव ने 6 महीने पहले म्यूजियम में सोने के 3 सिक्के देखकर चोरी की प्लानिंग की थी। वो गया से भोपाल वारदात करने आया था। उसने चोरी भी कर ली थी, लेकिन भागने के दौरान ऊंची दीवार से नीचे गिरने से वो घायल हो गया और पुलिस ने उसे पकड़ लिया। विनोद ने पुलिस को बताया था कि चोरी के लिए उसने बाजार से रस्सी, ग्लब्स, टोपी समेत अन्य उपकरण भी खरीदे थे। ग्रामीणों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि 'विनोद यादव म्यूजियम



में उस दिन एंट्री करता था, जिसके अगले दिन वो बंद रहेगा। एंट्री के बाद वो वहां छिप जाया करता था। जब म्यूजियम बंद हो जाता तो यह चोरी की वारदात को अंजाम देता था। इसके बाद वो फिल्मी स्टाइल में ऊंची-ऊंची दीवारों को भी फांदकर भाग निकलता था।'

**बंटवारे में विनोद को पुराना घर मिला हैः** ग्रामीणों के अनुसार, 'विनोद एक संपन्न किसान है। उसके पास 20 बिगहा जमीन भी है। वह दो भाई हैं। दोनों के बीच दिखावे के लिए बंटवारा हुआ है। बंटवारे में विनोद को पुराना घर मिला है। पुराना घर महज दिखाने के लिए है। विनोद का पूरा परिवार बड़े और नए घर में ही रहता है। उनके दो बेटे हैं। दोनों की उम्र 8 से 10 साल के बीच है। दोनों गया में ही एक हॉस्टल में रह कर

♦ परिवार के साथ म्यूजियम घूमकर करता था रेकी

पढाई करते हैं।'

**2002 में किया था पहला अपराधः** ग्रामीणों ने बताया कि 'विनोद पहली बार 2002 में नवादा के सिरदला पीएनबी बैंक में चोरी की नीयत से घुसा था। विनोद ने उस समय शनिवार का दिन बैंक में घुसने के लिए चुना था। वो बैंक के किसी ऐसे हिस्से में छिपकर बैठ गया, जहां किसी की उस पर नजर नहीं गई। बैंक बंद होने के बाद रात में उसने आराम से बैंक में चोरी की और रुपए निकाल लिए। इसके बाद वह भागने के लिए रविवार की रात होने का इंतजार कर रहा था, लेकिन किसी काम से बैंक कर्मी रविवार को सुबह ही बैंक में पहुंच गए और वहां की हालत देख दंग रह गए। छानबीन में विनोद पकड़ा गया। यह उसका पहला अपराध था। इसके बाद करीब 4 साल तक वह शांत बैठा रहा।'

**राजस्थान में चोरी के बाद बनाया था घरः** 2006 में राजस्थान के एक म्यूजियम में चोरी की वारदात को शनिवार को घुसकर अंजाम दिया था। कुछ महीने बाद वह गांव से ही पकड़ा गया था। उसे फतेहपुर पुलिस ने पकड़ा था।

ग्रामीणों के मुताबिक, राजस्थान में उसने भारी चोरी को अंजाम दिया और घर बनवाया था। विनोद का घर बाहर से काफी भव्य है। उसने ट्रैक्टर भी खरीदा है। इसके अलावा अन्य सुविधाओं की चीजें भी घर में है। ग्रामीणों ने बताया कि '2013 में पटना म्यूजियम में उसने चोरी को अंजाम दिया। यहां भी उसने शनिवार का दिन चुना था, लेकिन वारदात के दौरान ही पकड़ा गया था।

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

देश



**राजस्थान रॉयल ने राहुल द्राविड को मुख्य सचिव कोचिंग नियुक्त**

**संदीप घोष ही मुख्य साजिशकर्ता हैं, आरजी कर की घटना पर भाजपा ने बोले...**



मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, स्वाति, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • रविवार • 08 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 269 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 66,800 | ₹87,000 |

## आज का इतिहास

- 1888 : भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म तमिलनाडु के छोटे से गांव तिरुमनी में ब्राह्मण परिवार में हुआ था।
- 1962 : प्रतिवर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म-दिवस के अवसर पर शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए भारतभर में शिक्षक दिवस 5 सितंबर को मनाया जाता है।

## न्यूज बाइट्स

### पटना में भगवान गणेश को 30 लाख का मुकुट पहनाया

**पटना (नि.सं.)।** पटना में भी महाराष्ट्र मंडल की ओर से गणेश चतुर्थी पर भव्य आयोजन किया जा रहा है। भगवान की प्रतिमा को 30 लाख रुपए से बने सोने और हीरा जड़ित मुकुट पहनाया गया। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद भगवान श्री गणेश की भव्य आरती गई। इस दौरान गणपति बप्पा मोरया के जयकारे के पूरा पंडाल गूंज उठा। पुरुष हो या महिलाएं, पूजा के मौके पर हर कोई मराठी लुक में नजर आए। महाराष्ट्र मंडल के सचिव संजय भोंसले ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी गणेश पूजा का भव्य आयोजन किया गया है। हर साल की तरह ही इस बार भी भगवान की प्रतिमा मुंबई से मंगाई गई। इस बार गणेश की प्रतिमा 6 फीट की है।

### तेजस्वी यादव जल्द खाली करेंगे सरकारी बंगला

**पटना (नि.सं.)।** पटना में उपमुख्यमंत्री के लिए नामित सरकारी बंगला जल्द खाली होगा। अभी पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव इसमें रह रहे हैं। वे जल्द ही यह बंगला खाली कर अपने नए आवास में शिफ्ट हो जाएंगे। राजधानी के देशरत्न मार्ग स्थित यह बंगला मौजूदा डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को आवंटित किया जा चुका है। भवन निर्माण विभाग के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सम्राट विजयादशमी यानी दशहरे के मौके पर इस घर में प्रवेश करेंगे। राज्य में महागठबंधन की सरकार के दौरान तत्कालीन उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को यह बंगला आवंटित किया गया था। हालांकि, इस साल सत्ता परिवर्तन हुआ और सूबे में फिर से एनडीए की सरकार बन गई। इसके बाद तेजस्वी नेता प्रतिपक्ष बन गए। वहीं, बीजेपी के सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा को डिप्टी सीएम बनाया गया।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर

**नई दिल्ली (ए.)।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के नामांकन तिथि 15 सितंबर है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। बच्चों की ऊर्जा, दृढ़ संकल्प, क्षमता, उत्साह और जोश का सम्मान करने के लिए हर साल प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का आयोजन किया जाता है। इस पुरस्कार के लिए बच्चा भारतीय नागरिक होना चाहिए और भारत में रहता हो।

---

दो दिवसीय बिहार दौरे पर आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा

# विपक्षी दलों ने देश में बढ़ाया भ्रष्टाचार



निज संवाददाता | पटना

दो दिवसीय बिहार दौरे पर आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को पटना सिटी में अनुसूचित जाति परिवार के बीच सदस्यता अभियान चलाया। मौके पर भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए ने देश को आगे बढ़ाने का काम किया, दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन के सभी घटक दलों ने भ्रष्टाचार बढ़ाया और देशविरोधी लोगों को ताकत प्रदान की। कहा कि भाजपा देश की एकमात्र पार्टी है, जहां प्रधानमंत्री से लेकर केन्द्रीय मंत्री तक, राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक और जिलाध्यक्ष से लेकर मंडल अध्यक्ष तक, पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को छह वर्ष बाद अपनी सदस्यता का नवीनीकरण करवाना होता है। यह किसी और राजनीतिक पार्टी में संभव नहीं हो सकता है, क्योंकि बाकी सभी पार्टियां जाति, क्षेत्र, परिवार या विशेष समुदाय पर आधारित पार्टी हैं। यह केवल भाजपा में ही संभव है कि किसी एक तस्वीर में राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और पूर्व के अध्यक्ष, एक साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हों। भाजपा 18 करोड़ कार्यकर्ताओं से मिलकर बनी पार्टी है। इस बार भाजपा के सदस्यता अभियान का लक्ष्य 10 करोड़ लोगों को पार्टी के साथ जोड़ना है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी में सभी को समान अवसर प्राप्त होते हैं। आज भाजपा के 71 मंत्रियों में से 10 दलित हैं, 27 मंत्री पिछड़ा वर्ग से हैं और 5 मंत्री आदिवासी हैं। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति भाजपा में शामिल होने से वंचित न रहे। भाजपा अध्यक्ष ने दलित बस्ती में कार्यकर्ता कमलेश पासवान के घर पहुंचकर चाय पी। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, सांसद रविशंकर प्रसाद, संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, मेयर सीता साहू मौजूद थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार, संचालन प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन रत्नेश कुशवाहा ने किया।

### जेपी नड्डा ने सिख पगड़ी पहनकर दरबार में झुकाया शीश

भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री बिहार की राजधानी पटना में स्थित तख्त हरिमंदिरजी गुरुद्वारा पहुंचे। पटना साहिब दरबार में उन्होंने कड़ी सुरक्षा के बीच शीश झुकाकर अरदास की। इस दौरान नड्डा सिख पगड़ी पहने हुए नजर आए। इसके बाद वे आगे के कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। शनिवार को उनका मुजफ्फरपुर और दरभंगा में हाईटेक अस्पतालों के उद्घाटन का कार्यक्रम है। शाम में वे वापस दिल्ली लौट जाएंगे।

### स्वास्थ्यकर्मियों को दी नसीहत

इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में 75 नये मेडिकल कॉलेज खुले हैं, जबकि 200 सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक बने हैं। इनमें 5 सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक बिहार में हैं। वहीं जेपी नड्डा ने कहा कि नीतीश कुमार ने पीएमसीएच का खोया गौरव वापस लौटाने का काम किया है। आज यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल बनने जा रहा है। जेपी नड्डा ने कहा कि बीमार को बीमार नहीं नहीं होने देना है इसी सोच के साथ काम करना है। सबकी चिंता करने का काम हमने शुरू किया। आज जब यहां आया हूं। तब यह कहना चाहता हूं कि आप सब स्वास्थ्य विभाग में काम करते हैं। अच्छी खबर पहुंचने में काफी समय लगता है। सही सेवा करने का कोई मध्यम है वो स्वास्थ्य विभाग ही है। जेपी नड्डा ने कहा कि 2019 में जब मैं स्वास्थ्य मंत्री था तब अंतिम शिलान्यास इसी हॉस्पिटल का किया हुआ हूं। 2024 में फिर से स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद पहला उद्घाटन भी मैंने इसी अस्पताल का किया है।

---

मुख्यमंत्री ने पितृपक्ष मेले की तैयारियों का लिया जायजा

# सीएम ने विष्णुपथ पाथ-वे का किया उद्घाटन

निज संवाददाता | गया

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गया में पितृ पक्ष मेले के तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गया में ऐसी व्यवस्था करें जिससे सभी लोग यहां से अच्छा अनुभव लेकर जाएं। देश-विदेश से श्रद्धालु यहां आते हैं। इसके अलावा पितृ पक्ष मेले में सुरक्षा और साफ सफाई के भी पुख्ता इंतजाम हो। लावारिस पशुओं को पकड़ कर गौशाला में रखने की तत्काल व्यवस्था करने का भी आदेश दिया है। साथ ही दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए विशेष सुविधा सुनिश्चित की जाए। एक वाकये को याद करते हुए सीएम नीतीश ने कहा कि वो इस बात को नहीं भूल सकते कि एक बार महिला श्रद्धालु ने ही उन्हें पिंडदानियों की परेशानियों के बारे में बताया था। जिसके बाद से जब भी उन्हें मौका मिलता है वो पिंड दानियों की सुविधा को लेकर काम करते रहे हैं। श्रद्धालुओं के लिए हर सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

वहीं गया के जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में बताया कि पितृपक्ष मेले के संबंध में सभी तरह की सूचना उपलब्ध कराने के लिए पिंडदान गया मोबाइल एप विकसित किया गया है। साथ ही कॉल सेंटर के माध्यम से श्रद्धालुओं को सभी प्रकार की जानकारी देने की व्यवस्था की गई है।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आलाधिकारियों को पितृपक्ष मेला को यादगार बनाने का निर्देश दिया। वहीं सीएम के कार्यक्रम में तब्दील कर दिया। गया समाहरणालय में समीक्षा बैठक के बाद गया एयरपोर्ट के लिए निकल गए। इससे पहले सीएम नीतीश ने घुघरीटांड बाईपास से विष्णुपद जोड़ने वाले पाथ वे का शुभारंभ किया। पितृपक्ष मेला की तैयारियों का जायजा लिया।

जिसके बाद विष्णुपद मंदिर पहुंचे और गर्भगृह में विशेष पूजा-अर्चना की। बाईपास से बन रहे पाथ वे से श्रद्धालुओं को जाम से मुक्ति मिलेगी। बिना जाम में फंसे बाईपास से सीधा विष्णुपद मंदिर क्षेत्र तक पहुंचने में आसानी होगी। 450 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा पाथ वे का शुभारंभ किया। आपको बता दें 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पितृपक्ष मेला चलेगा। जिसमें हर साल लाखों की तादाद में श्रद्धालु पिंडदान के लिए गया पहुंचते हैं। इस साल भी 10 से 15 लाख तक के श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।



### तीर्थ यात्रियों की सहूलियत के लिए बनाया गया पाथ-वे

विष्णुपद मंदिर के पश्चिम छोर पर पाथ-वे का उद्देश्य तीर्थ यात्रियों को सहूलियत दिया जाना है। बाइपास से यात्री सीढ़ियों से नदी में उतरेंगे। फिर वहां से फल्गु नदी के किनारे से श्मशान घाट के बगल से होते हुए देव घाट पहुंच जाएंगे। यहीं से विष्णुपद मन्दिर के लिए भी आसानी से जाएंगे। इससे विष्णुपद मन्दिर और देव घाट को जाने वाले मुख्य मार्ग पर दबाव कम होगा। इससे जाम से भी बहुत हद तक मुख्य मार्ग पर निजात मिलेगी।

---

# सूबे के चार जिले में बनेंगे पांच आरओबी

निज संवाददाता | पटना



राज्य के चार जिले में पांच आरओबी (रेलवे ऊपरी पुल) बनेगा। पथ निर्माण विभाग ने इन सभी आरओबी की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। दो वर्षों में बनने वाले इन आरओबी के निर्माण पर लगभग छह सौ करोड़ खर्च होंगे। आरओबी के बनने से लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। लोग कम समय में अपनी दूरी तय कर सकेंगे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार दरभंगा में राज्य उच्च पथ संख्या-75 पर मुहम्मदपुर-कमतौल रेलवे स्टेशन के बीच लेवल क्रॉसिंग संख्या 10 अवस्थित है। यहां रेलवे क्रॉसिंग के बदले आरओबी बनाने का निर्णय लिया गया है। इस मद में 70 करोड़ पांच हजार खर्च होंगे। इसमें राज्यांश की राशि 36 करोड़ 70 लाख है। आरओबी के पहुंच पथ व रेलवे अंश का निर्माण बिहार राज्य पथ विकास निगम करेगा। इसी तरह दरभंगा व लहेरियासराय रेलवे स्टेशन के बीच लेवल क्रॉसिंग संख्या 25 अवस्थित है। यहां पहुंच पथ के बदले आरओबी का निर्माण होगा। इस मद में 134 करोड़ 67 लाख 23 हजार खर्च होंगे। इसमें राज्यांश की राशि 106 करोड़ पांच लाख 72 हजार है। आरओबी का निर्माण बिहार राज्य पथ विकास निगम ही करेगा।

वहीं समस्तीपुर-पूसा पथ में समस्तीपुर-कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे क्रॉसिंग संख्या 53 ए अवस्थित है। यहां भी आरओबी का निर्माण होगा। इस मद में 119 करोड़ 51 लाख 90 हजार खर्च होंगे। इसमें राज्यांश की राशि 92 करोड़ नौ लाख 39 हजार है। आरओबी का निर्माण बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड करेगा। नवादा और वारसलीगंज रेलवे स्टेशन के बीच लेवल क्रॉसिंग संख्या-33/बी वन अवस्थित है। यहां आरओबी का निर्माण होगा। इस मद में 174 करोड़ 43 लाख खर्च होंगे। इसमें राज्यांश की राशि 75 लाख 38 हजार है। आरओबी के साथ ही पहुंच पथ का निर्माण बिहार राज्य पथ विकास निगम करेगा, जबकि खगड़िया-परिहारा-बखरी लिंक पथ में खगड़िया और उमेशनगर रेलवे स्टेशन के बीच लेवल क्रॉसिंग संख्या 24 अवस्थित है। यहां आरओबी का निर्माण होगा।

---

# एक दिन में डेंगू के 80 केस, आंकड़ा 1000 के पार, बिहार में अब तक छह मौतें

निज संवाददाता | पटना

बिहार में डेंगू का खतरनाक ट्रेंड सामने आया है। संक्रमण के 7 दिन के अंदर ही ये पेशेंट को काफी कमजोर कर रहा है, जिससे मरीजों की मौत हो रही है। 24 घंटे के अंदर दो मरीजों की मौत ने स्वास्थ्य विभाग को भी चिंता में डाल दिया है। इस सीजन में पहली बार 6 सितंबर को एक दिन में 80 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिसमें सबसे ज्यादा पटना में 38 लोग डेंगू से संक्रमित पाए गए हैं। सरकारी आंकड़ों में अब तक बिहार में डेंगू के 1006 केस सामने आए हैं, जिसमें 6 की मौत हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है, इसके बाद भी मरीजों की संख्या कम नहीं हो रही है।

सीनियर फिजिशियन डॉ. राणा एसपी सिंह बताते हैं कि ज्यादातर मौतें इंटरनल ब्लीडिंग के कारण हुई है। इस बार संक्रमण की दर काफी तेज है। संक्रमण को लोग वायरल फीवर मान ले रहे हैं। इस कारण से कई दिनों तक बुखार ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं। जब तक हॉस्पिटल पहुंच रहे हैं, हालत खराब हो जा रही है। गर्दनीबाग की रहने वाली 57 साल की पूनम सिन्हा डेंगू से संक्रमित हुई थी। जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद घर वालों ने 31 अगस्त को पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। कम समय में ही पूनम को डेंगू ने कमजोर कर दिया। हालत ऐसी हो गई कि उन्हें इमरजेंसी के आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा। डॉक्टरों के प्रयास के बाद भी उनका प्लेटलेट्स तेजी से डाउन हुआ और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। समस्तीपुर के हेल्थ वर्कर राम लक्ष्मण दास को भी 7 दिन पहले डेंगू का संक्रमण हुआ था। 5 दिन में ही वह इतना कमजोर हो गए कि बेहोश हो गए।

### संक्रमण की रफ्तार डराने वाली



डेंगू का सीजन जनवरी से ही शुरू हो जाता है, लेकिन मानसून खत्म होते ही इसमें तेजी आती है। जब तक मौसम ठंडा नहीं हो जाता तब तक इसका असर रहता है। कम बरसात होने के कारण भी डेंगू की रफ्तार तेजी से बढ़ती है। सरकारी आंकड़ों की बात करें तो अब तक जनवरी से 6 सितंबर तक 1006 लोग संक्रमित हुए हैं। पटना में 459 लोगों में डेंगू पाया गया है। राज्य में जिला की बात करें तो पटना डेंगू का हॉटस्पॉट बना हुआ है। दूसरे नंबर पर गया है, जहां अब तक 54 केस सामने आए हैं। मुजफ्फरपुर 53, समस्तीपुर 46, नालंदा 39, वैशाली 28 और पूर्णिया में 28 मामले आए हैं।

---

# क्लीन एयर बिहार एंड्रॉयड ऐप की हुई शुरुआत

**पटना(नि.सं.)।** शहर में मेट्रो, डबल डेकर रोड, फ्लाई ओवर के निर्माण के कारण निकलने वाले धूल कण, मलबे से अगर आप परेशान हैं तो इसकी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। एक हफ्ते के अंदर आपकी समस्या का समाधान होगा। दरअसल, शनिवार को बिहार स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (बीएसपीसीबी) की ओर से 'क्लीन एयर बिहार एंड्रॉयड ऐप' की शुरुआत हुई है।

दरअसल, शनिवार को बिहार स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (बीएसपीसीबी) की ओर से 'क्लीन एयर बिहार एंड्रॉयड ऐप' की शुरुआत की गई है। इसका लोकार्पण बिहार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया। आज नीले आकाश के लिए स्वच्छ वायु का अंतरराष्ट्रीय दिवस है।

---

# तेजस्वी यादव ने राजद में 45 जिला प्रभारी बनाए, विधानसभा उपचुनाव पर भी चर्चा

निज संवाददाता | पटना

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की 'कार्यकर्ता आभार यात्रा' को लेकर प्रदेश कार्यालय में जिला प्रभारियों की मीटिंग हुई। इसमें राजद ने 45 जिला प्रभारी बनाए हैं। कई जिलों को दो भागों में बांट कर प्रभारी बनाए गए हैं। अभी तक आरजेडी की तरफ से जिला प्रभारियों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार इन्हें जिला प्रभारी बनाया गया है। नाम में बदलाव संभव है। बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर भी फैसले लिए गए हैं। 2025 में विधानसभा चुनाव है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इसको लेकर भी मीटिंग में बातचीत की है। बूथ लेवल पर संगठन को कैसे मजबूत किया जाए। इसको लेकर फिडबैक भी लिया है। तेजस्वी यादव 10 सितंबर से कार्यकर्ता आभार यात्रा पर निकलेंगे। इस यात्रा की शुरुआत समस्तीपुर से होगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रखंड स्तर पर संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ विस्तार और पार्टी की विचारधारा का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कार्यकर्ता संवाद में बाहरी जिले के कोई भी नेता या कार्यकर्ता शामिल नहीं होंगे। जिन जिलों में कार्यक्रम होगा, उसी जिले के कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे। पार्टी प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि प्रथम चरण में यात्रा 10 सितंबर को शुरू होकर मुजफ्फरपुर में समाप्त होगी।

---

# लैंगिक भेदभाव खत्म करने पर 2.65 लाख लोगों ने ली शपथ

निज संवाददाता | पटना

लैंगिक भेदभाव, असमानता और भ्रूण हत्या को पूरी तरह से खत्म करने के लिए राज्य के 2.65 लाख लोगों ने शपथ ली है। इसकी शुरुआत राष्ट्रीय बालिका दिवस पर 24 जनवरी 2024 को हुई थी। बता दें कि पहली बार राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इसकी शुरुआत की। बेटियों के प्रति लोगों की सोच बदले इसके लिए शपथ लेने की शुरुआत की गई। इसका असर यह है कि हर दिन सैकड़ों लोग मंत्रालय की वेबसाइट पर जाकर शपथ ले रहे हैं। शपथ लेने के पहले नाम और पूरा परिचय देना होता है। इसके साथ ही राज्य और संबंधित जिले का भी नाम बताना होता है। इसके बाद शपथ लेते हैं। शपथ लेने वालों में पुरुषों की संख्या ज्यादा है। बिहार की बात करें तो एक लाख महिलाओं ने और डेढ़ लाख से अधिक पुरुषों ने शपथ ली है। बिहार की बात करें तो पटना जिले से सबसे ज्यादा शपथ लेने वाले हैं। अब तक जिले से 40 हजार लोगों ने शपथ ली है। नालंदा से 20 हजार और गोपालगंज से 15 हजार लोगों ने शपथ ली है। इसके अलावा राज्य के सभी जिलों से पांच से दस हजार लोगों ने शपथ ली है।

---

# आईपीएस अधिकारी नैयर हसनैन खान एसएसबी के बने आईजी

- **खान, डीजीपी आरएस भट्टी के बाद दूसरे आईपीएस अधिकारी हैं, जो केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए हैं। भट्टी को पहले सीआईएसएफ में डीजी बनाया गया था।**

निज संवाददाता | पटना



बिहार से एक और आईपीएस अधिकारी दिल्ली केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। बिहार सरकार के एनओसी के बाद केंद्र सरकार ने उन्हें जिम्मेदारी भी सौंप दी है। आईपीएस अधिकारी नैयर हसनैन खान को एसएसबी में भेजा गया है। एसएसबी के आईजी बनाए गए हैं। गृह मंत्रालय ने पत्र जारी किया है। मंत्रालय ने बिहार सरकार के चीफ सेक्रेटरी को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि आईपीएस अधिकारी नैयर हसनैन खान एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) के लेवल 14 पे मैट्रिक्स पर ज्वाइन करेंगे। प्रतिनियुक्ति के आधार पर यह पद दिया गया है। वह अगले 5 साल तक या फिर अगले आदेश तक डेपुटेशन पर रहेंगे। गृह मंत्रालय ने मुख्य सचिव से कहा है कि नैयर हसनैन खान को जल्द बिहार से रिलीव कर दें, जिससे वह नए असाइनमेंट पर जा सकें। आईपीएस नैयर हसनैन खान 1996 बैच के अफसर हैं। बिहार सरकार में वह आर्थिक अपराध इकाई के साथ साथ स्पेशल विजलेंस यूनिट के एडीजी हैं। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद सरकार उन्हें जल्द रिलीव करेगा। डीजीपी आरएस भट्टी के बाद वह दूसरे आईपीएस ऑफिसर हैं, जो केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं।

बिहार के डीजीपी रहे आरएस भट्टी डीजीपी का पद छोड़ केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गए हैं। वह सीआईएसएफ में डीजी बनाए गए हैं। वह बिहार ही नहीं। बल्कि, देश के ऐसे डीजीपी रहे, जो अपना कार्यकाल अधूरा छोड़ सेंट्रल डेप्युटेशन पर चले गए हैं। आरएस भट्टी के बाद बिहार के नए डीजीपी आईपीएस आलोक राज बनाए गए हैं।

---

मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत निर्माण को मिली मंजूरी

# सूबे में बनेगी 3284 किलोमीटर नयी ग्रामीण सड़क

निज संवाददाता | पटना



प्रदेश में 3284 किलोमीटर नयी ग्रामीण सड़कों का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत इनके निर्माण को मंजूरी मिली है। निर्माण अगले साल मार्च तक पूरा हो जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली है। निर्माण पर 2955.41 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वित्त विभाग ने भी योजना को हरी झंडी दे दी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह राशि खर्च होगी। दरअसल, राज्य में ग्रामीण यातायात को सुदृढ़ करने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है। पिछले दिनों विभाग ने ग्रामीण क्षेत्र में सर्वे करने के बाद इन सड़कों का चयन किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के उद्देश्य से इन योजनाओं को मंजूरी दी गयी है। इससे टोलों को बेहतर संपर्क मिलेगा। इस योजना के तहत उन क्षेत्रों का चयन किया गया है, जहां लंबे समय से लोग कच्ची सड़कों से आ-जा रहे हैं। यही नहीं वाहनों को भी लाना-ले जाना संभव नहीं हो पा रहा है। खासकर बरसात के समय लोगों की जिंदगी नारकीय हो जाती है। सड़कों पर जलजमाव होने से बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। बच्चों को विद्यालय जाने में भी काफी परेशानी हो रही है।

ग्रामीण कार्य विभाग ने 3154 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूरा कर लिया है। इसपर 3507 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इससे एक हजार से अधिक गांवों में यातायात व्यवस्था पहले से मजबूत हुई है। यही नहीं बड़ी संख्या में टोलों को बेहतर कनेक्टिविटी मिली है। ये टोले वर्षों से संपर्क पथ से वंचित थे और यहां के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इनके निर्माण से यही नहीं बड़ी संख्या में स्थानीय बाजारों को भी संपर्क पथ से जोड़ना संभव हुआ है। ये पहले बाजार से कटे हुए थे। ग्रामीण अपने उत्पाद को सहजता से शहरी बाजारों तक पहुंचा रहे हैं।

### तीन हजार बसावटों को संपर्क पथों से जोड़ा जा रहा

मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष) के तहत सूबे के तीन हजार बसावटों को संपर्क पथों से जोड़ा जाएगा। राज्य सरकार ने इस प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। सेटेलाइट ने इन बसावटों की पहचान की थी। इसके लिए 3014 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाना है। इस योजना पर 3288 करोड़ रुपए खर्च होंगे।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


# प्रारूप प्रकाशन से संबंधित हुई बैठक

निज संवाददाता | नवादा




सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, संबंधित विधायक, सांसद के साथ मतदान केन्द्रों का प्रारूप प्रकाशन से संबंधित बैठक समाहरणालय सभाकक्ष, नवादा में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, नवादा आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अहर्त्ता तिथि 01.01.2024 के आधार पर निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, 2025 के क्रम में पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के अंतर्गत मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण के क्रम में मतदान केन्द्रों का दिनांक 07.09.2024 प्रारूप प्रकाशन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण के लिए सर्वप्रथम शत्-प्रतिशत मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन किया जाना है। दिनांक 20.08.2024 से 29.08.2024 तक भौतिक सत्यापन का कार्य पूर्ण किया गया है। मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन एवं निर्वाचकों के मानक प्रतिवेदन (01 जुलाई की अर्हता तिथि के आलोक में अद्यतन निर्वाचक सूची) के आधार पर युक्तिकरण का कार्य किया जा रहा है। ऐसे सभी मतदान केन्द्रो पर जहां निर्वाचकों की संख्या 1400 से अधिक है। दिनांक 07.09.2024 (शनिवार) से 17.09.2024 (मंगलवार) तक मतदान केन्द्रों के प्रारूप सूची पर दावा एवं आपत्ति प्राप्त किया जाना है। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों संबंधित विधायक और सांसद के साथ बैठक मतदान केंद्रों की प्रारूप सूची का प्रकाशन के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति निस्तार हेतु दिनांक 26.09.2024 (गुरुवार) से 28.09.2024 (शनिवार) तक की अवधि के बीच में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, विधायक, सांसदों के साथ बैठक कर मतदान केन्द्रों के प्रारूप सूची को अंतिम रूप दिया जायेगा। सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, नवादा जिला अपने-अपने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव के साथ बैठक कर इस कार्यक्रम से संबधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही साथ प्राप्त आपत्तियों का ससमय निस्तार करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि 52 ऐसे मतदान केन्द्र हैं, जिनका युक्तिकरण हेतु प्रारूप प्रकाशन में चिन्हित किया गया है। जिनमें रजौली-02, हिसुआ-14, नवादा-14, गोविंदपुर-01, वारिलीगंज-11 मतदान केन्द्र चिन्हित हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के द्वारा मांग की गई कि ऐसे मतदाता जिनको मतदान केन्द्र जाने में 02 किलोमीटर से ज्यादा दूरी सफर करना पड़ता है, ऐसे मतदाता को उसके निश्चित मतदान केन्द्र पर चिन्हित कर रखने का कष्ट किया जाय। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा मांग की गई कि जो बीएलओ आंगनबाड़ी सेविका हैं, उन्हें हटाकर उनके स्थान पर किसी अन्य विभाग के कर्मी को बीएलओ बनाया जाय। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी वारिसलीगंज के द्वारा मांग की गई कि मतदान केन्द्र संख्या-258 एवं 260 चलंत मतदान केन्द्र है। संबंधित मतदान केन्द्र क्षेत्रान्तर्गत कोई भी सरकारी भवन नहीं रहने के कारण चलंत मतदान केन्द्र बनाया गया। चलंत मतदान केन्द्र हमेशा के लिए हटा दिया जाय। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से मांग की गई कि बीएलए की सूची सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि ससमय संशोधन कर जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करा दिया जाय। उन्होने यह भी कहा कि दिनांक 07.09.2024 से 17.09.2024 तक दावा/आपत्ति कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्रों पर निर्वाचको की अधिकतम संख्या को बनाए रखने के लिए सर्वप्रथम आस-पास के मतदान केन्द्रों के बीच निर्वाचकों का स्थानांतरण किया जाना है। निर्वाचको का स्थानातरण पूर्ण परिवार के निर्वाचकों का एक साथ होना है। यदि मतदान केन्द्रों पर निर्वाचकों की अधिकतम संख्या बनाए रखने के लिए युक्तिकरण के शर्तों के अनुरूप मतदान केन्द्रों के बीच निर्वाचकों का स्थानांतरण नियमानुकूल नहीं है तो वैसी परिस्थिति में नये मतदान केन्द्र की स्थापना, आयोग द्वारा मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण हेतु दिये गये निदेश के आलोक में किया जाना है। मतदान केन्द्रों की प्रारूप सूची की तैयारी का कार्य दिनांक 05.09.2024 तक पूर्ण कर लिया गया है। छुटे हुए एवं भावी मतदाताओं की प्रविष्टि डाटाबेस में सुनिश्चित करना है। पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के अन्तर्गत बीएलओ के माध्यम से गृह सत्यापन का कार्य दिनांक 20.08.2024 से 18.10.2024 तक पूर्ण किया जाना है। गृह सत्यापन के क्रम में बीएलओ द्वारा निर्वाचक सूची में जॉच कर इसकी शुद्धता को प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में अपर समाहर्त्ता नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, डीसीएलआर नवादा सदर के साथ-साथ सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# एक दिवसीय रोजगार कैम्प का होगा आयोजन

निज संवाददाता | नवादा

श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निदेषानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा दिनांक-09.09.2024 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रागंण में एक दिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इस कैम्प में के0भी0बी0 स्टाफिंग प्रा0लि0 बंगलौरकी कम्पनीके द्वारा सिनियर असिस्टेंट के 30 पुरूष पद के लिए योग्यता इंगलिष पढ़ना आना चाहिए, वेतन 16710 के साथ ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0सी0, ड्यूटी के समय में भोजन की सुविधा एवं आवास की सुविधा, उम्र-18 से 35 वर्ष। दूसरा सिनियर असिस्टेंट के 20 पद महिला एवं पुरूष के लिए योग्यता इंगलिश पढ़ना आना चाहिए, वेतन-15910 के साथई0पी0एफ0, ई0एस0आई0सी0, ड्यूटी के समय में भोजन की सुविधा एवं आवास की सुविधा। उम्र-18-35 वर्ष। तीसरा असेम्बली ऑपरेटर के 20 पद केवल महिला के लिए योग्यता दसवीं पास होना चाहिए, वेतन-15910 के साथ ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0सी0, ड्यूटी के समय में भोजन की सुविधा, उम्र-18 से 26 वर्ष। चौथा-असेम्बली ऑपरेटर के 20 पद केवल पुरूष के लिए योग्यता डिप्लोमा (इलेक्ट्रिकल एवंइलेक्ट्रोनिक्स से) पास होना चाहिए, वेतन-17000 के साथ ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0सी0, ड्यूटी के समय में भोजन की सुविधा, उम्र-18 से 26 वर्ष। कार्यस्थल-चेन्नई, कम्बीटोर, बंगलौर। इच्छुक आवेदक एवं आवेदिकाएं अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आधार की छायाप्रति रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रागंण में आकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प का समय प्रातः 11:00 बजे पूर्वाह्न से आयोजित होगी। जो आवेदक एवं आवेदिकाएं एनसीएस पोर्टल पर निबंधित हैं वही आवेदक एवं आवेदिकाएं रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। जो आवेदक एवं आवेदिकाएं निबंधित नही हैं वो आवेदक एवं आवेदिकाएं एनसीएस पोर्टल पर अपना निबंधन कराकर भाग ले सकते हैं। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, नियोजन के षर्तो के लिए वे जिम्मेदार होगें।

# नेशनल फ्लोरबॉल कैंप का आयोजन, 12 सितंबर से -22 तक

» आधार पर बिहार टीम के लिए अंतिम 20 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। 18 वीं अंडर 14 एवं 19 राष्ट्रीय फ्लोरबॉल प्रतियोगिता में बिहार टीम तमिलनाडु के लिए रवाना होगी।

निज संवाददाता | नवादा

बिहार फ्लोरबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में चयनित बिहार राज्य फ्लोरबॉल अंडर 14 एवं 19 बालक एवं बालिका टीम का 10 दिवसीय प्रशिक्षण जिले के हिसुआ नगर परिषद के छोटी पाली पंकज सिंह के मकान में शुरू होगा। बिहार फ्लोरबॉल संघ के सचिव डॉ विरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि प्रशिक्षण में कुल 40 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इसके आधार पर बिहार टीम के लिए अंतिम 20 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। 18 वीं अंडर 14 एवं 19 राष्ट्रीय फ्लोरबॉल प्रतियोगिता में बिहार टीम तमिलनाडु के लिए रवाना होगी। प्रशिक्षण के लिए चयनित खिलाड़ियों का नाम नवादा जिला से ऋतु राज, वैभव राज, अमन कुमार, पियूष कुमार, अरवल जिला से हर्ष राज, युवराज पटना जिला से मयंक शर्मा, आयुष कुमार, नितिन शर्मा, अंकुश कुमार, मुजफ्फरपुर जिला से साहिल कुमार साहिल कुमार, लकी झा, शुभम कुमार, शिवहर जिला से पीयूष कुमार, साहिल कुमार, गोलू कुमार, दरभंगा जिला से सिद्धार्थ कुमार, मधुबनी से नवीन कुमार सोनू कुमार पश्चिमी चंपारण से सुशील कुमार। बालिका वर्ग में नवादा जिला से राजनंदनी कुमारी, रिया कुमारी, निक्की कुमारी, मुजफ्फरपुर से नैना कुमारी, काजल कुमारी, कशिश कुमारी, दरभंगा से संध्या कुमारी, गंगा कुमारी। नवादा फ्लोर बॉल संघ के सचिव परमेंद्र कुमार, अध्यक्ष जवाहर पासवान, नगर परिषद के उपाध्यक्ष टिंकू चौधरी, वार्ड परिषद शोभा देवी, नरहटअंचल अधिकारी मनीष कुमार, हिसुआ अंचल अधिकारी सुमन सौरव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी हिसुआ तथा खेल प्रेमी एवं पत्रकार संघ नेशनल कैंप लगने से काफी खुश है।

# 24 घंटे के अंदर 45 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

नवादा (नि.सं.)। अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 06 सितम्बर 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, गृहभेदन में 01, आर्म्स एक्ट में 03, हत्या में 01, हत्या के प्रयास में 05, मद्य निषेध में 03 एवं अन्य गिरफ्तारी 32 कुल 45 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 59 लीटर महुआ शराब एवं 10.05 लीटर विदेशी बरामद किया गया। वारंट निष्पादन की संख्या 72 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 01 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 556 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 77 हजार रूपया वसूला गया है।

# नशे में दवा दुकानदार के साथ गाली-गलौज व वाहन क्षतिग्रस्त करने वाला हुआ गिरफ्तार, गया जेल

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के सती स्थान मोहल्ले स्थित पटना मेडिकल के संचालक मो. उस्मान ने शराब के नशे में हंगामा व वाहन क्षतिग्रस्त करने को लेकर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराया है।जिसके आलोक में एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पटना मेडिकल के संचालक मो. उस्मान ने शिकायत की है कि उसके दुकान पर शुक्रवार की दोपहर सती स्थान निवासी स्वर्गीय रामशरण भगत के पुत्र अंबुज भगत शराब के नशे में दुकानदार के साथ गाली-गलौज कर रहा था। जिसका विरोध करने पर उसके बोलेरो जेएच02भी9788 को लाठी से तोड़ते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया है।

# बैंक ऑफ़ इंडिया ने ग्राहकों के साथ मनाया 119वां स्थापना दिवस

निज संवाददाता | नवादा



सार्वजनिक क्षेत्र में अग्रणी बैंक ऑफ़ इण्डिया नवादा शाखा में स्थापना के 119 बर्ष पुरे होने पर ग्राहकों के साथ केक काटकर स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर समारोह के अतिथि प्रवीण कुमार राय ने कहा की यह बैंक ग्राहकों में होनी विश्वशनियता क़ायम कर लगातार 119 बर्षो से ग्राहकों को सेवा दें रही है। उन्होंने शाखा प्रबंधक प्रेम प्रकाश ने कहा की ग्राहकों के अपेक्षाओं पर खरा उतरने एवं बेहतर बैकिंग प्रणाली के तहत सेवा प्रदान करने के लिये प्रबंधन कटिवद्ध है। मौके पर आये अतिथियों एवं ग्राहकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरीय प्रबंधक रुपाली पाठक, अंशु कुमारी, रूपा कुमारी सहित सभी बैंक कर्मी मौजूद थे।

# नदी में डूबने से तीन वर्षीय बालक की मौत

नवादा (नि.सं.)। जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र के कुसुम्भार गांव के पास खुरी नदी में डूबने से तीन वर्षीय बालक की मौत हो गयी। मृतक तीन माह पूर्व ननिहाल आया था। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से शव को खोज निकाला गया। सूचना के घंटों बाद पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। मृतक की पहचान कादिरगंज थाना क्षेत्र के दलदलहा- जगतपुर गांव के पिंटू राजवंशी के पुत्र आयुष कुमार के रूप में की गयी है। पोस्टमार्टम के नाम पर मृतक के परिवार वालों से एक हजार रुपये की मांग को ले सदर अस्पताल में काफी हंगामा मचा।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किए गए शिक्षक

निज संवाददाता | नवादा



शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को जिले के विभिन्न प्रखंडों के विद्यालयों में कार्यरत कुल 12 शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय नवादा में आयोजित समारोह में इन शिक्षकों को सम्मान दिया गया। मौके पर शिक्षा विभाग के डीपीओ स्थापना डॉ. तनवीर आलम, डीपीओ माध्यमिक शिक्षा व साक्षरता प्रियंका कुमारी, डीपीओ योजना व लेखा मो. मोकीमउद्दीन, डीपीओ समग्र शिक्षा अभियान आरती रानी, डीपीओ पीएम पोषण योजना मो. मजहर हुसैन, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, प्राधान सचिव ललितेश्वर शर्मा, छोटे नारायण सिंह, गणेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकार व शिक्षकगण मौजूद थे। सभी को प्रशस्ति पत्र, शॉल व बुके दकर सम्मानित किया गया। बता दें कि प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय व राज्य स्तर के साथ ही जिला स्तर पर शिक्षकों को सम्मानित करने का कार्य किया जाता है। किन्हे सम्मान दिया जाना है इसका चयन समिति द्वारा किया जाता है। इस वर्ष जिले में 12 शिक्षकों का चयन किया गया। प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय, उच्च माध्यमि विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालय के शिक्षक प्रतिभागी होते हैं। चयन के लिए मानक निर्धारित है। तय मानक पर खरा उतरने वाले शिक्षकों को ही सम्मान के लिए चयनित किया जाता है। पहले शिक्षकों से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया गया। प्राप्त आवेदनों को जिला शिक्षा पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के समक्ष रखा गया। जहां तमाम आवेदनों पर विचारोपरांत अंतिम रूप से इस वर्ष 12 शिक्षक-शिक्षका का चयन किया गया। चयन समिति में जिला शिक्षा पदाधिकारी के अलावा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्राथमिक शिक्षा व सर्व शिक्षा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा, प्रधान सचिव जिला प्राथमिक शिक्षक संघ और सचिव माध्यमिक शिक्षक संघ शामिल थे।

**इन शिक्षकों को मिला सम्मान :**

1. ज्ञान भारती- शिक्षिका- उत्क्रमित मध्य विद्यालय, धेवधा, पकरीबरावां।
2. मनोज कुमार झा-प्रधानाध्यापक-उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हड़िया, नारदीगंज।
3. श्याम सुंदर वर्मा-प्रभारी प्रधानाध्यापक-प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, गोविंदपुर।
4. नेहा कुमारी- शिक्षिका-आदर्श मध्य विद्यालय, जमुआवां, वारिसलीगंज।
5. अजय कुमार-प्रधानाध्यापक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पाली, कौआकोल।
6. राजेंद्र कुमार-स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, फुलवरिया, रजौली।
7. संजय कुमार-शिक्षक-नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, इब्राहिमपुर, नरहट।
8. रेखा कुमारी-वार्डन सह शिक्षिका-कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, रजौली।
9. शशि भूषण कुमार-प्रभारी प्रधानाध्यापक, इंटर विद्यालय, रजौली।
10. जनार्दन प्रसाद-शिक्षक- उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, शेखुपरा, नरहट।
11. संजय कुमार-प्रधानाध्यापक-मध्य विद्यालय, शिवचरण विगहा, नवादा।
12. पंकज कुमार-शारीरिक शिक्षक-मध्य विद्यालय नेमदारगंज, अकबरपुर।

# 24 घंटों का निर्जला उपवास के साथ हरतालिका व्रत संपन्न

नवादा (नि.सं.)। 24 घंटों का निर्जला उपवास के साथ हरतालिका व्रत जिले में संपन्न हुआ। इसके पूर्व सुहागिन महिलाएं अपने अपने घरों में शिव पार्वतीकी मिट्टी व बालू से बनी मूर्ति स्थापित कर हरितालिक व्रत की पूजा अर्चना कर कथा का श्रवण किया। कहले सुबह गीत गाती महिलाओं ने प्रतिमा नदी- आहर पोखर में:- आव गौरा, जा गौरा, भादो में बोलै वो गौरा, कार्तिक माड़ पिलौवो गौरा की गीत गाकर प्रतिमा विसर्जित कर निवेदित प्रसाद ग्रहण कर व्रत का समापन किया। इस अवसर पर, बाजारों में काफी रौनक देखीगयी। बाजारों में सुहाग सामग्री खरीदने के लिए महिलाओं का काफी भीड़ देखागया। विवाहित स्त्रियों के अलावा अविवाहित युवतियों ने भी व्रत रखा। विवाहित महिलाओं ने यह व्रत अपनी पति की लंबी आयु के लिए रखा।

# ओड़ो गांव में गणेश पूजा के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

निज संवाददाता | नवादा (नारदीगंज)



प्रखंड के ओड़ो गांव स्थित ब्राह्मण टोला में शनिवार को विघ्न विनायक गणेश की पूजा अर्चना भक्तिभाव से हुई। इस अवसर श्रद्धालुओं ने गणेश मंदिर में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। इस अवसर पर श्री गणेश युवा सेवा संस्थान ओड़ो के सौजन्य से तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस बाबत संस्थान के अध्यक्ष सह व्यवस्थापक अम्बुज कुमार मिश्र ने बताया गणेश पूजा श्रद्धा व उत्साह के साथ किया गया, उसके उपरांत रात्रि में क्वीज प्रतियोगिता हुई। वही आठ सितम्बर को दो बजे अपराह्न में शंखनाद प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता में तकरीबन 31 ब्राह्मण परिवार भाग लेंगे। सफल प्रतिभागियों में प्रथम को अंगवस्त्र व 1001 रुपये, द्वितीय को अंगवस्त्र व 751 रुपये, तृतीय को अंगवस्त्र व 551 रुपये नगद पुरुस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र भी मिलेगा।वही अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में नलिन विलोचन मिश्र, जितेन्द्र कुमार मिश्र के अलावा अतुल मिश्र को रखा गया है। जिनका निर्णय सर्वमान्य होगा। कार्यक्रम में नौ सितम्बर सितम्बर को हवन एवं विसर्जन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इसके अलावा अन्य गांवों में भी श्रद्धा व उत्साह के साथ गणेश पूजा हुई।

# जनता दरबार में आये दो मामले में एक का निष्पादन व दूसरे में नोटिस

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



थाना परिसर में शनिवार को अंचलाधिकारी मो गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया जाता था, किन्तु इस बार अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी के अवकाश पर रहने के कारण अंचल नाजिर शिवशंकर कुमार एवं राजस्व कर्मचारी चंदन कुमार के अलावे एएसआई बीरेंद्र पासवान के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन हुआ। अंचलकर्मी ने बताया कि अंचल क्षेत्र से जमीन से संबंधित विवाद के मात्र 2 मामले जनता दरबार में पहूंचे थे। जिसमें घसियाडीह गांव के टिंकू सिंह का जमीनी विवाद राहुल मांझी एवं दोपटा गांव के बच्ची देवी का जमीनी विवाद सुबोध यादव के साथ था। जिनमें दोपटा से आये मामले में दोनों पक्षों के लोगों की मौजूदगी के कारण ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। वहीं जनता दरबार में घसियाडीह से आये मामले में द्वितीय पक्ष के लोगों की उपस्थिति नहीं रहने के कारण द्वितीय पक्ष को नोटिस जारी किया गया है। उन्हें अगले शनिवार को लगने वाली जनता दरबार में हाजिर होने को कहा गया है। बताते चलें कि सरकारी निर्देशानुसार प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार लगा कर विवादित मामलों का निष्पादन अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष के द्वारा करना है। प्रत्येक शनिवार की तरह इस बार भी जनता दरबार लगाया गया। जिसमें रैयती भूमि से सम्बंधित विवादों को निराकरण किया गया। साथ ही आमलोगों से अपील किया गया कि वे जमीन से सम्बंधित विवाद को लेकर आपस मे झगड़ा न करें, बल्कि थाना परिसर में लगने वाले जनता दरबार में आएं।

# पूर्व मुखिया को पत्नी शोक, इलाके में दौड़ी शोक की लहर

कौआकोल (नि.सं.)। कौआकोल पंचायत के पूर्व मुखिया डॉ. चन्द्रिका प्रसाद की धर्मपत्नी एवं पूर्व मुखिया प्रत्याशी सुशीला देवी का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र व समाजसेवी शिक्षक राजेश कुमार ने बताया कि उनकी माता का नवादा के एक निजी अस्पताल में ईलाज के दरम्यान मौत हो गई। वे लगभग 74 वर्ष की थीं एवं पिछले कुछ समय से बीमार चल रहीं थी। उनकी पुत्र वधु नीभा कुमारी वर्तमान में कौआकोल पंचायत की मुखिया हैं जबकि ससुर स्वर्गीय तेतर साहू भी पूर्व में इस पंचायत के मुखिया रह चुके थे। उनके निधन की खबर के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। कौआकोल पंचायत के सरपंच मुन्नी देवी, पंचायत समिति सदस्य निकुंज विश्वकर्मा, साहू समाज के प्रखण्ड अध्यक्ष ज्योतिष कुमार, कोषाध्यक्ष सुभाष लाल, सचिव दिलीप कुमार समेत अन्य लोगों ने गहरा शोक जताये।

# धूमधाम से मनाया गया गणेश चतुर्दशी पंडालों में मूर्ति स्थापित कर की गई पूजा

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



मुख्यालय समेत सभी पंचायतों के विभिन्न गांवों में धूमधाम से गणेश चतुर्दशी मनाया गया। इस दौरान पुरानी बस स्टैंड, बाजार, उपरटंडा अमावां, हरदिया, दिबौर, बहादुरपुर समेत दर्जनों गांवों में पूजा आयोजकों द्वारा पंडाल को सजाकर भगवान गणेश जी के मूर्ति को स्थापित कर धूमधाम से पूजा-अर्चना किया गया। पुरानी बस स्टैंड में चार-पांच दशकों से भी पुराना श्री भाग्य लक्ष्मी क्लब के जूनियर सदस्यों अमन सिंह, रौशन चौधरी, आतिश वर्मा, अमन चौधरी, रौशन कुमार, विकास चौधरी, गोलू राज, प्रेम चौधरी आदि लोगों द्वारा बैंक वाली गली में गणेश जी एवं रिद्धि व सिद्धि की सुंदर मूर्ति स्थापित कर स्थानीय पुजारी घनश्याम पाण्डेय के द्वारा पूजा सम्पन्न कराया गया। पुजारी ने बताया कि भगवान गणेश को सभी प्रकार के विघ्नों को दूर करने वाले माना जाता है। इस दिन उनकी पूजा करने से सभी बाधाएं दूर होती हैं और जीवन में सफलता मिलती है। गणेश चतुर्थी को नए कार्यों की शुरुआत करने के लिए शुभ माना जाता है। भगवान गणेश को ज्ञान और बुद्धि के देवता माना जाता है। इस दिन उनकी पूजा करने से बुद्धि में वृद्धि होती है। गणेश चतुर्थी के दिन भगवान गणेश से सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। यह पर्व लोगों को एक साथ लाता है और सामाजिक एकता को बढ़ावा देता है। गणेश चतुर्थी के पीछे कई पौराणिक कथाएं जुड़ी हुई हैं, जो इस पर्व को और अधिक महत्वपूर्ण बनाती हैं।वहीं पंडाल निर्माण कर मूर्ति स्थापित करने वाले आयोजकों ने बताया कि मूर्ति का विसर्जन वे 9 और 10 सितम्बर तक किया जाएगा। इस मौके पर राज नंन्दनी वर्मा, समृद्धि गौरी, बंटी कुमार, छोटू चौधरी, शिवराज सिंह, राजा चौधरी, सोनू चौधरी, सागर राज, विवेक चौधरी, सौरभ सिंह के अलावे दर्जनों श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

# चाचा-भतीजे सहित तीन को पीटकर किया घायल

## गांव के युवक ने दोस्तों के साथ मिलकर की पिटाई, एक की उंगली काटी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में चांदी थाना क्षेत्र के कोसीहान गांव में शुक्रवार को चाचा-भतीजे सहित तीन लोगों की जमकर पिटाई कर दी गई। मारपीट के दौरान एक की उंगली काट दी गई। तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में चांदी थाना क्षेत्र के कोसीहान गांव निवासी स्व.बुटन रजक के 36 वर्षीय पुत्र गणेश रजक, स्व. जोगिंदर रजक के 35 वर्षीय के बेटे डब्लू रजक और मुन्ना रजक का 18 वर्षीय बेटा राहुल कुमार शामिल है। तीनों रिश्ते में चाचा-भतीजे लगते हैं।

**गांव के दीपक चौधरी पर आरोपः** राहुल कुमार ने बताया कि चाची गुड़िया गांव के ही दीपक चौधरी नामक व्यक्ति से फोन पर बातचीत करती है। जिसको लेकर उसके चचेरे भाई अमित ने इसकी जानकारी अपनी मां को दे दी। जिसके बाद अमित की मां के द्वारा गुड़िया को समझने-बुझाने लगी। तभी गुड़िया ने दीपक चौधरी को फोन कर इसकी जानकारी दे दी। गुरुवार की शाम दीपक चौधरी ने अमित कुमार की पिटाई कर दी थी। बात खत्म हो गई थी, जब मेरा छोटा भाई रोहित कुमार पढ़ने के लिए जा रहा था। तभी दीपक ने उसे पीट दिया। सूचना पाकर जब हम लोग पूछताछ करने पहुंचे तो उन लोगों ने पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान उचाचा गणेश रजक भी घायल हो गए। उनकी एक उंगली कट गई। राहुल कुमार ने दीपक चौधरी पर मारपीट का आरोप लगाया है।



# गर्लफ्रेंड संग पकड़ाया शादीशुदा युवक, ग्रामीणों ने कराई शादी

निज संवाददाता। आरा



आरा में पवार पंचायत के पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र कुमार प्रेमिका के साथ अपने ही घर में पकड़ा गया। इन्हें अवैध संबंध बनाते हुए रंगेहाथ घरवालों ने नहीं बल्कि ग्रामीणों ने पकड़ा। लोगों ने दोनों को बीच गांव में खड़ा कर खूब सुनाया। जिसके बाद दोनों की रजामंदी से मंदिर में शादी करवा दी, जबकि पंचायत समिति सदस्य पहले से शादीशुदा है, तीन बच्चे भी हैं। दूसरी तरफ पहली पत्नी और उसके ससुराल वाले भी मौके पर पहुंचे और धर्मेंद्र को डाट-फटकार लगाई। पहली पत्नी और घरवालों को पता ही नहीं था कि धर्मेंद्र ने किसी लड़की को घर में लाकर रखा है। उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में है। मामला भोजपुर जिले के पवना थाना क्षेत्र के पवार गांव का है।

**6 माह से दोनों रिलेशनशिप में थेः** दरअसल पवार गांव निवासी राम ध्यान राम के बेटे धर्मेंद्र कुमार और चांदी थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव निवासी युवती, दोनों पति-पत्नी की तरह रह रहे थे। दोनों 6 माह से रिलेशन में थे। कुछ दिन पहले धर्मेंद्र उसे अपने घर में लाया था। पिछले

♦ पत्नी-घरवालों से छिपाकर अपने ही घर में लड़की को रखा था, लिव इन रिलेशनशिप में थे दोनों

10 दिन से लड़की को एक कमरे में रखा था। परिवार वालों को इसकी भनक तक नहीं लगी, लेकिन ग्रामीणों ने उसकी गतिविधियों को पकड़ लिया था। इसके बाद से ही ग्रामीण धर्मेंद्र कुमार को रंगे हाथ पकड़ने की जद्दोजहद में लग गए थे। इसी दौरान धर्मेंद्र कुमार को कमरे में जाते ग्रामीणों ने देख लिया। सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में दोनों की शादी करवा दी। जिसका वीडियो भी सामने आया है। जब पहली पत्नी नीलम से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने जानकारी नहीं होने का हवाला देकर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

# मोहल्ले में गोलीबारी पर एफआईआर दर्ज

निज संवाददाता। आरा

आरा के टाउन थाना क्षेत्र के मिल्की मोहल्ले में मो. शमीम अंसारी को गोली मारी गई थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। घायल के बयान पर मिल्की मोहल्ला निवासी सोहेल खान उर्फ बास को नामजद और अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। सभी फरार हैं। पुलिस इनकी गिरफ्तारी में जुटी है। घायल ने पुलिस को बताया कि 4 सितंबर शाम घर के बाहर शोर हो रहा था। देखा तो मस्जिद के पास मेरे भतीजा मो. फैज के साथ मारपीट की जा रही थी। मैं वहां गया और मामले को शांत कराया। इसके बाद सोहेल खा अपने अन्य चार साथियों के साथ फिर से आया और फायरिंग शुरू कर दी। गोली हथेली में लगकर निकल गई। इसके बाद सभी फरार हो गए।



♦ मारपीट में बीच-बचाव करने वाले को मारी थी गोली, वारदात के बाद बदमाश फरार

**अज्ञातों को भी चिह्नित किया जाएगाः** मुझे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने नामजद और अज्ञात अपराधियों की तलाश शुरू कर दी है। गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। अज्ञात लोगों को भी चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# बढ़ते अपराध के खिलाफ आक्रोश मार्च निकाला, लोगों ने अत्याचार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

## बिरंटन हत्याकांड का मुख्य आरोपी नहीं हुआ गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर छात्रावास से कतीरा, आरा रेलवे स्टेशन, के.जी रोड, जज कोठी होते हुए आरा कलेक्ट्रेट तक आक्रोश मार्च निकाला। कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद नेता और कार्यकर्ताओं ने सड़क पर बैठ कर जमकर बिहार सरकार और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसका नेतृत्व भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमर ज्योति कर रहे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जिले में दलित, पिछड़े, कमजोर वर्ग के ऊपर हो रहे हत्या, बलात्कार, जैसी घटनाओं को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष अमर ज्योति ने कहा कि भोजपुर में जिस प्रकार से शोषण, अत्याचार और तमाम तरह के आपराधिक घटना बढ़ी हुई है। जिले में दलित, पिछड़े, कमजोर वर्गों को सताने का काम किया जा रहा है। उन पर न्याय सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है।





पूरे मामले पर भोजपुर जिला प्रशासन चुप्पी साधी हुई है। मुख्य अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है। थाना में जो भी आवेदन लेकर जाता है, उसे दबाने का काम किया जाता है। उसी के खिलाफ आज हमारी पार्टी सड़कों पर है। भोजपुर जिला प्रशासन और पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार से हमलोगों की यही मांगे हैं कि वैसे थाना अध्यक्षों को चिह्नित कर कार्रवाई करें जो अपराधियों के साथ मिले हैं। पूर्व में बिरंटन रजक की हत्या हुई है। उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया कराया जाए। बिरंटन हत्याकांड के मुख्य सरगना को पुलिस तुरंत गिरफ्तार करे। अगर उनकी गिरफ्तारी नहीं होती है, तो सभी अपराधियों का घर कुर्की किया जाए। आजाद समाज पार्टी के युवा के प्रदेश अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि भोजपुर में किसकी कब हत्या हो जाए यह कोई नहीं कह सकता है।

लगातार जिले में हो रही हत्याएं और अपराधी घटनाओं से कोई सुरक्षित नहीं है। लगातार अपराधियों का मनोबल चरम सीमा पर है। बिरंटन रजक की हत्या में शामिल सिर्फ शूटरों की गिरफ्तारी हुई है। इस कांड में भाड़े के शूटर का इस्तेमाल किया गया था। लेकिन अभी तक मुख्य अपराधी खुलेआम घूम रहे है। मुख्य आरोपियों को किसकी इशारे पर बचाया जा रहा है। इसका जवाब मांगने के लिए हमलोग आज डीएम ऑफिस पहुंचे हैं। अगर मांगे पूरी नहीं होती है, तो हमारा आंदोलन और उग्र रूप से जिला में देखने को मिलेगा।

# बक्सर में गणिनाथ पूजा को लेकर निकली झांकी, बनारस से आए कलाकारों ने दिखाई प्रस्तुति

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के नावानगर में शनिवार को गणिनाथ पूजा को लेकर जुलूस निकाला गया। इस दौरान घोड़ा,रथ के साथ साथ विभिन्न प्रकार की झांकी भी निकाली गई। झांकी में बनारस से आए कलाकारों द्वारा महादेव, श्रीकृष्ण-राधा सहित अन्य भगवान के रूप में कार्यक्रम प्रस्तुत करते जुलूस में चल रहे थे। जुलूस पूजा स्थल से निकलकर डुमरांव-बिक्रमगंज पथ होते हुए नावानगर बाजार,हाईस्कूल के रास्ते पूरे गांव का भ्रमण करके सिकरौल मोड़ होते हुए वापस पूजा स्थल पर पहुंचा। जुलूस में शामिल मधेशिया परिवार के लोग समेत श्रद्धालुओं ने जय गणिनाथ, हर-हर महादेव का नारा लगाते हुए नजर आए।



**कानू मधेशिया और हलवाई परिवार ने की पूजाः** नवानगर में हर साल की तरह बाबा गणिनाथ की पूजा इस साल भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दौरान गणीनाथ बाबा की प्रतिमा के पास श्रद्धालुओं ने अक्षत जल और फूल माला चढ़ा पूजा महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूजा से पहले कानू मधेशिया परिवार और गणीनाथ पूजा समिति के लोगों द्वारा जुलूस के बाद दोपहर 12 बजे के बाद गणीनाथ पूजा शुरु हुआ। पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उत्साहित माहौल में विधिवत गणिनाथ प्रतिमा की पूजा अर्चना कानू मधेशिया व हलवाई परिवार द्वारा जारी है।

कानू मधेशिया और हलवाई परिवार ने की पूजा

**बनारस से आए कलाकारों ने दी प्रस्तुतिः** पूजा संपन्न होने के बाद समिति द्वारा भंडारा का आयोजन किया जाएगा। श्री गणिनाथ पूजा समिति द्वारा दोपहर दो बजे से रात आठ बजे तक बनारस से आए कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम शिव तांडव,राधा कृष्ण की जोड़ी के द्वारा कई कार्यक्रम किया जायेगा। गणिनाथ पूजा समिति के अध्यक्ष अनन्त साह तथा संरक्षक पूर्व मुखिया सुदर्शन गुप्ता की नेतृत्व में गणीनाथ पूजा व भंडारा किया जा रहा है। वही समस्त कार्यक्रम का संचालन जगनरायण प्रसाद कर रहे है।

# विधानसभा चुनाव से पहले विधायक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, बक्सर में विधायक ने नहीं पूरा किया वादा

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के राजपुर विधानसभा में 6 पंचायत के लोगों ने राजपुर कांग्रेस विधायक विश्वनाथ राम के खिलाफ आक्रोश मार्च निकाला और जमकर नारेबाजी की। यह आक्रोश मार्च लोगों ने पिछले चुनाव में किए गए वादे को पूरा नहीं करने और आगामी चुनाव के दौरान प्रचार-प्रसार को लेकर किया है। ग्रामीणों में इस बात का आक्रोश है कि विधायक चुनाव में वोट मांगने आए थे तो कहा था कि गांव की बदहाल सड़क को बनाया जाएगा। जल जमाव नहीं हो इसके लिए दोनों तरफ नाला का निर्माण कराया जाएगा लेकिन चुनाव जीतने के बाद से वो किसी का फोन तक नहीं उठाते हैं।




**200 एकड़ जमीन पर नहीं हो पा रही खेतीः** मठिला गांव निवासी लालबाबू सिंह ने बताया कि गांव के लोग लगभग 20 वर्षों से जल जमाव की समस्या से जूझ रहे हैं। जल जमाव से गांव में दो सौ एकड़ जमीन पर खेती नहीं हो पा रही है। इससे पहले जो विधायक थे वो कुछ नहीं किए।हमालोगों को विश्वनाथ राम पर उम्मीद थी क्योंकि उन्होंने कई आश्वासन दिया था। पहले वाले विधायक की तरह ये भी ही निकले। इस बार विधान सभा के चुनाव में सबक सिखाया जाएगा।

**जल जमाव से फसल की क्षतिः** मुंगाव पंचायत के मुखिया इंदल सिंह ने बताया कि विधायक के वादा खिलाफी को लेकर आज आक्रोश मार्च निकाला गया है। चुनाव में वोट मांगने के दौरान उन्होंने वादा किया था कि मठीला में जल जमाव से जो फसल की क्षति हो रही है उसको ठीक करेंगे। चुनाव जीतने के बाद इस संबंध में उनसे बात की जाती है तो बस इतना बोलते है कि विधानसभा में आवाज उठाए हैं। आगे बताया कि उनके आवाज उठाने से होगा कि अपना फंड खर्च करने से होगा, अगर सेंट्रल नाला का निर्माण कर दिया जाए तो समस्या का समाधान हो जाएगा।

# महिलाओं ने किया हरतालिका तीज का व्रत

## भगवान शिव-पार्वती की विधि-विधान से की पूजा



निज संवाददाता। बक्सर

अखंड सौभाग्य की कामना के साथ बक्सर में सुहागिन महिलाओं व सुयोग्य वर प्राप्ति की इच्छा लिए युवतियों ने हरितालिका तीज का कठोर व्रत किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शिव मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की और व्रत की कथा सुनी। अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर महिलाएं 24 घंटे का निर्जला उपवास रखती हैं। इसमें अन्न तो दूर वह जल भी ग्रहण नहीं करती हैं। प्रसिद्ध रामरेखा घाट के पास स्थित रामेश्वर नाथ मंदिर के पुजारी पंडित त्रिलोकी नाथ तिवारी बताते हैं कि यह व्रत माता पार्वती ने किया था। इसके बाद उन्हें भगवान शिव पति के रूप में प्राप्त हुए थे। उन्होंने बताया कि पुरानी कथा है कि जब राजा हिमवान अपनी बेटी पार्वती के लिए वर ढूंढ रहे थे, उसी वक्त देवर्षि नारद ने उन्हें भगवान विष्णु से उनकी बेटी का विवाह करने का सुझाव दिया।उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु ही पार्वती के लिए सुयोग्य वर हो सकते है। लेकिन देवी पार्वती भगवान शंकर को मन ही मन अपना पति मान चुकी थी। ऐसे में अपनी सहेलियों के साथ वह घने जंगल में चली गई। वन में वह पूरे भादो माह रही और फिर शुक्ल पक्ष में हस्त नक्षत्र युक्त तृतीया तिथि को उन्होंने रात्रि जागरण कर भगवान शिव का पूजन-कीर्तन किया। इस दौरान उन्होंने अन्न जल सब त्याग दिया। अगले दिन भगवान शिव प्रकट हुए और उन्होंने इच्छित वर देने का वादा किया। तब देवी पार्वती ने उन्हें अपने पति के रूप में मांगा और भगवान ने तथास्तु कह दिया। बाद में राजा हिमवान को भी बेटी की यह इच्छा मालूम पड़ी तो उन्होंने भी इसका सम्मान किया। शिव पार्वती विवाह के लिए हामी भर दी। तभी से यह परंपरा है कि जो भी महिला इस व्रत को करेगी उसका सौभाग्य अखंड रहेगा। महिलाओं को रात्रि जागरण करते हुए यह व्रत करना चाहिए और फिर अगले दिन दान दक्षिणा देते हुए पारण करना चाहिए। व्रत कर रही रीता देवी ने बताया कि अखंड सौभाग्य के लिए उन्होंने निर्जला व्रत किया है। इस दौरान उन्होंने जल और अन्न कुछ भी ग्रहण नहीं किया है। व्रती समीक्षा तिवारी बताती हैं कि यह व्रत अखंड सौभाग्य को देने वाला है। इसे न सिर्फ विवाहित महिलाएं बल्कि अविवाहित युवतियों भी कर सकती हैं। विवाहित महिलाओं को जहां अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। वहीं अविवाहित युवतियों को सुयोग्य वर मिलता है।

# संक्षिप्त समाचार

### राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता के लिए ट्रायल कल

**आरा।** बिहार भारोत्तोलक संघ एवं नवादा जिला भरोक्तोलन संघ द्वारा नवादा में 7 से 9 अक्टूबर तक होने वाली भारोत्तोलन प्रतियोगिता रविवार को खिलाडियों का चयन होगा। चयनित, अंडर 11, अंडर 13 बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाडी राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। भोजपुर जिला भारोत्तोलन टीम के गठन हेतु कुंवर सिंह स्टेडियम रमना मैदान आरा में खिलाड़ियों । का ट्रायल आयोजित की गई है। जिसमें 9 से लेकर 13 वर्ष के बीच के बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इस बात की जानकारी भोजपुर जिला भारोत्तोलन संघ के संयोजक कुमार विजय ने दी।

### वर्मा कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में समारोह

**आरा।** वर्मा कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज, आरा में शिक्षक दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दिन महान शिक्षाविद और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया गया, जिन्होंने शिक्षा और शिक्षकों के महत्व को सर्वोपरि माना। कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर इस विशेष अवसर को बड़े उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद छात्रों ने स्वागत गीत गाकर सभी शिक्षकों का अभिनंदन किया।

### वरिष्ठ प्राध्यापक ही महाविद्यालयों के प्रभारी प्राचार्य बनेंगे

**आरा।** वरिष्ठ प्राध्यापकों को ही महाविद्यालय का प्रभारी प्राचार्य बनाए जाने का निर्देश जारी किया गया है। इसको लेकर राज्यपाल सह कुलाधिपति के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल. चोंग्थू ने वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति सहित राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि कुछ महाविद्यालय में वरिष्ठ प्राध्यापकों के स्थान पर कनीय प्राध्यापकों को महाविद्यालय का प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है। जो बिहार के विश्वविद्यालयों के अंगीभूत महाविद्यालयों में प्राचार्य की नियुक्ति के लिए अधिसूचित परिनियम में उल्लेखित प्रावधानों के विपरीत है। निर्देशित किया गया है कि प्रावधानों के आलोक में ही नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य बनाया जाए। साथ ही संदर्भित मामले में अनुपालन प्रतिवेदन पत्र प्राप्ति के 15 दिनों के अंदर उपलब्ध कराया जाए।

### विशेष सर्वे में तेजी के लिए अधिकारी ने किया निरीक्षण

**आरा।** जिले में विशेष भू सर्वेक्षण कार्य चल रहा है। अंचल में सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के देखरेख में कार्य जारी है। इसी बीच शुक्रवार को जिला के चरपोखरी, गड़हनी और अगिआंव अंचल में प्रभारी पदाधिकारी श्री निवास ने भ्रमण कर सर्वे कार्य का निरीक्षण लिया। इस दौरान चरपोखरी में सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी दीपक कुमार ने अंचल कार्यालय द्वारा आवंटित भवन नहीं उपलब्ध कराने कि शिकायत कि थी, वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर भवन खाली कराया गया और सर्वे कैंप में काम करने वाली टीम को सौंपा गया। इस मौके पर उपस्थित एएसओ पंकज कुमार ने संसाधनों का समीक्षा किए। सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि रेकार्ड रुम का निचला तल्ला मिलने से बैठ कर सर्वे कार्य में तेजी आएगी। इस मौके पर विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी सह शिविर प्रभारी दीपक कुमार, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो केम साधना, ज्योति कुमारी, विशेष सर्वेक्षण लिपिक कन्हैया कुमार, प्रीति कुमारी, विशेष सर्वेक्षण अमीन कवि रंजन सिंह, दीपक कुमार मांझी, आरजू राय, साक्षी चौधरी आदि मौजूद थे।

### वीकेएसयू में उर्दू के विभागाध्यक्ष के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित

**आरा।** आरा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के उर्दू एवं फारसी विभाग में प्रोफेसर डॉ. जमील अख़्तर के सेवानिवृत्त होने पर उनका सम्मान सह विदाई समारोह हुआ। समारोह उर्दू छात्रों के ग्रुप ख़ुद्दाम ए उर्दू ने किया। मुख्य अतिथि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय उर्दू विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सैयद शाह हसीन अहमद व पूर्व उर्दू विभाग के ही पूर्व विभागाध्यक्ष मो. तौक़ीर ख़ान थे। वक्ताओं ने कहा कि प्रो. डॉ. जमील अख़्तर चोटी के विद्वान हैं। वे एक ही समय में मानविकी संकाय के डीन, लाइब्रेरी साइंस के अध्यक्ष व शउर्दू विभाग के प्राध्यापक भी रहें। इन्होने विश्वविद्यालय द्वारा दी जाने वाली जिम्मेदारियों को भली भांति निभाया है। जमील अख्तर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष भी रहे हैं। इन्हें उर्दू साहित्य के साथ -साथ अंग्रेजी साहित्य एवं समाजशास्त्र पर भी दक्ष्यता प्राप्त है। समारोह में उर्दू शायर कुर्बान आतिश, प्रो. संजय, प्रो. रणविजय, प्रो. अलीमुल हक व गैर शैक्षणिक कर्मचारी में इंदु जी, सत्यम, विश्वजीत समेत कई लोग शामिल हुए। अध्यक्षता उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आफताब अहमद ने एवं संचालन साजिद अनवर ने किया। छात्रों में मौलाना व सीमुल्लाह बुखारी मो. मिन्हाजुद्दीन, असदउल्लाह, नर्गिस बानो, शीबा कौसर, सैयदा हशमत आरा, असलम आजाद, गुलाम फरीद अंसारी, मो.अमीनुद्दीन, नुमा कौसर, सना फात्मा, सदफ परवीन मौजूद थे।

### चैम्पियनशिप में भारत के लिए सिल्वर मेडल जीतने पर यह पुरस्कार

**आरा।** आरा अंतर्राष्ट्रीय वुशु खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले भोजपुर जिले के खिलाड़ी राहुल कुमार को बिहार सरकार ने 33 लाख 33 हजार रुपए से पुरस्कृत किया है। बिहार वुशु संघ के संयुक्त सचिव सह कोच राजेश प्रसाद ठाकुर को 2 लाख रुपये और अन्य 6 खिलाड़ियों को 60 हजार रुपये से 24 हजार रुपये प्रत्येक खिलाड़ी को नकद पुरस्कार दिया गया है। इन्हें मोमेंटो व प्रशस्ति-पत्र से भी सम्मानित किया गया है। गुरुवार को पटना में बिहार राज्य खेल सम्मान समारोह में सभी को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। खेल सम्मान समारोह में राज्य के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, ओलंपिक के अर्जुन पदक विजेता सह पूर्व भारतीय हॉकी टीम गोलकीपर पद्मश्री पीआर श्रीजेश, पुलिस महानिदेशक सह खेल विभाग के प्रधान सचिव डॉक्टर बी. राजेंद्र, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निदेशक रवींद्र शंकरन व खेल विभाग के निदेशक महेंद्र कुमार ने पुरस्कृत किया। पुरस्कृत होने वाला अन्य खिलाड़ियों में राष्ट्रीय खिलाड़ी कुणाल लाल, अभि कुमार, विशाल कुमार, नैना कुमारी, प्रिया सोनी, ऋद्धिमा कुमारी हैं। राहुल ने बताया कि इस उपलब्धि का सारा श्रेय हमारे कोच सह प्रशिक्षक राजेश प्रसाद ठाकुर का है। जिन्होंने मुझे आगे बढ़ाया और यह मुकाम मुझे हासिल हुआ है। मैंने वुशू खेल की शुरुआत 5 वर्ष पहले भजपुर वुशू संघ के कोच सह प्रशिक्षक राजेश प्रसाद ठाकुर के नेतृत्व में आरा से किया थी। मैंने 6 अप्रैल 2022 को एसटीसी प्रशिक्षण केंद्र पटना में ज्वॉइन किया। वहां प्रशिक्षक आनंद जी बघेला ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के बाद मैने चीन में सिल्वर मेडल जीता। जून 2024 में एनसीओई पटियाला साईं में सरकार के स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा हूं। भोजपुर के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल कुमार को 33 लाख 33 हजार रुपये का यह पुरस्कार वर्ष 2023 में 17 अगस्त से 20 अगस्त तक चीन के मकाउ शहर में संपन्न वुशु एशियन चैम्पियनशिप में भारत के लिए सिल्वर मेडल लाने के उपलक्ष्य में मिला है। राहुल ने वर्ष 2024 जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल एवं वर्ष 2022 मेंहिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी सिल्वर मेडल जीत चुके हैं। राहुल आरा शहर के भलुहीपुर मुहल्ला में पंचायती दालान निवासी स्व राजदेव राय व माता बबिता देवी के पुत्र हैं। इनकी 10 वीं तक की शिक्षा आरा में हित नारायण क्षत्रिय प्लस टू स्कूल से हुई है। अभी शाहपुर प्रखंड में हरि नारायण प्लस उच्च विद्यालय में 12 वीं के छात्र हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता तैयार करने में लगे रहे कोच राजेश कोच राजेश प्रसाद ठाकुर ने अपने अनुभव और कौशल से कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता तैयार किए हैं। इनके नेतृत्व में खिलाड़ियों ने राज्य और देश के लिए गौरवपूर्ण प्रदर्शन किया है। खेल मंत्री ने उनके योगदान को सराहते कहा कि राजेश प्रसाद ठाकुर ने वुशू खेल में बिहार को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### डेढ़ साल में कोर्ट में नहीं हो सकी सेवामुक्त करने की सुनवाई, ज्यादातर कर्मचारी रिटायर हो गए

**भागलपुर**। गलत सेवा कहकर टीएमबीयू से हटाए गए 58 कर्मियों की सुप्रीम कोर्ट में की गई अपील पर डेढ़ साल में सुनवाई नहीं हो सकी है। जबकि इनमें से अब ज्यादातर कर्मी रिटायर हो गए। इन्हीं में से जिन लोगों ने पूर्व में किए गए कार्य के भुगतान के लिए अर्जी दी है, उस पर भी अंतिम निर्णय नहीं हो सका है। शिक्षक और कर्मचारी मिलाकर कुल 58 कर्मियों को विवि ने शिक्षा विभाग के निर्देश पर 19 जनवरी 2023 को सेवामुक्त कर दिया था। ये सभी चतुर्थ चरण में अंगीभूत हुए कॉलेजों के शिक्षक और कर्मचारी थे। जबकि इन्हीं में से कई का वेतन इससे पहले ही रोक दिया गया था। सेवामुक्त किए गए कर्मियों ने हाईकोर्ट में विवि के फैसले को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने कर्मियों के पक्ष में फैसला दिया था। तब सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाई थी। इस पर कर्मियों ने सुप्रीम कोर्ट में उनका पक्ष सुनने के लिए करीब डेढ़ साल पहले अर्जी दी थी। बताया गया कि तब से लेकर अब तक सुप्रीम कोर्ट ने कर्मियों की याचिका पर सुनवाई के लिए डेढ़ दर्जन से अधिक बार तिथि दी। लेकिन इनका मामला लिस्ट पर नहीं आ सका है। प्रभावित शिक्षकों में शामिल और टीएमबीयू के पूर्व डीएसडब्ल्यू रामप्रवेश सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने अब सुनवाई के लिए 10 सितंबर की तिथि दी है। पिछली बार जब सुनवाई होनी थी तो हमारा केस लिस्ट में 48वें नंबर पर था। लेकिन कोर्ट में उस दिन 40 मामलों की ही सुनवाई हो सकी थी। इधर, काम लिए जाने के बावजूद भुगतान नहीं करने के मामले में कॉमर्स के शिक्षक रहे डॉ. अजय झा ने बताया कि बीते अप्रैल में कोर्ट ने भुगतान करने का आदेश दिया था। लेकिन टीएमबीयू के वकील ने समीक्षा करने की मोहलत ले ली। अब इस पर 10 सितंबर को सुनवाई होगी।

### नवगछिया के किसानों को क्षति का मुआवजा दे राज्य सरकार : अवनीश

**पीरपैंती**। युवा राजद नेता अवनीश कुमार ने नारायणपुर, बिहपुर और खरीक में आंधी-पानी से केले के फसल की बर्बादी पर मुआवजे की मांग की है। उन्होंने कहा है कि सरकार को इस मामले में संवेदनशील होना चाहिए और किसानों के दर्द को समझना चाहिए। इस मामले को लेकर चिट्ठी की राजनीति पर भी अवनीश ने आपत्ति की है और कहा है कि जरूरी है कि किसान भाइयों के दर्द पर मरहम लगाया जाए। राहत की बात तो होती है, लेकिन बाद में सिस्टम में हावी दलालों की ही चांदी होती है। किसान खाली हाथ ही रह जाते हैं।

### ठगी मामले का आरोपी गिरफ्तार

**पीरपैंती**। ठगी मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दरभंगा के बहेड़ी निवासी राम केदार महतो को पीरपैंती थाने के दारोगा केके राय ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को भागलपुर कोर्ट में पेश किया गया। हालांकि कोर्ट ने अनुसंधान में सहयोग देने की चेतावनी देते हुए तत्काल न्यायिक हिरासत से उसे बाहर रखा है। बता दें कि पीरपैंती बाजार निवासी मनोज खेतान के नेटवर्क टावर लगाने के लिए खाता पर किसी ने पैसा ट्रांसफर कराया था।

### हर विषय के 20% सिलेबस बदलेंगे, कॉलेज प्रबंधन लगाएंगे संबंधन वाले विषयों की सूची

**भागलपुर**। टीएमबीयू में शुक्रवार को आयोजित एकेडमिक काउंसिल की बैठक गर्म रही। इसकी अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने अधिकारियों की लापरवाही पर उनकी जमकर खिंचाई की। हालात ऐसे बने कि एक अधिकारी को उन्होंने बैठक से बाहर जाने तक को बोल दिया। इस बीच बिना संबंधन वाले विषयों में नामांकन से जुड़े पत्र पर जब सीसीडीसी डॉ. अतुल चंद्र घोष स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए तो कुलपति नाराज हो गए। उन्होंने निर्देश दिया कि अब से कॉलेज प्रबंधन संबंधन प्राप्त विषयों की सूची लगाएंगे और परीक्षा विभाग को भी उपलब्ध कराएंगे। ताकि परीक्षा विभाग से ऐसे विषयों के लिए परीक्षा का कार्यक्रम तय नहीं हो। बिना संबंधन वाले विषय में नामांकन होगा तो संबंधित जिम्मेदार पर कार्रवाई होगी। इस दरम्यान कुलपति को जब पता चला कि एसएम कॉलेज में नए विषयों की पढ़ाई शुरू करने के प्रस्ताव की फाइल रजिस्ट्रार के पास पड़ी है तो उन्होंने रजिस्ट्रार को चेतावनी दी। इस दौरान बैठक में विभिन्न कोर्सों में 20 फीसदी तक सिलेबस बदलाव पर सहमति बनी। कुलपति ने भी लगे हाथ इसकी प्रक्रिया करने के निर्देश जारी किए। साथ ही पीजी संगीत विभाग और कॉलेजों में तबला व नृत्य शिक्षक के पद सृजन के लिए प्रस्ताव सरकार को भेजने पर सहमति बनी। बैठक में पीजी फिजिक्स, पीजी बॉटनी, पीजी स्टेटिस्टिक्स, पीजी भूगोल, पीजी होम साइंस, पीजी एंथ्रोपोलॉजी विभागों में एक-एक और एमसीए व एमबीए विभागों में दो-दो स्मार्ट बोर्ड लगाने का निर्णय लिया गया। विकास पदाधिकारी खरीदारी का प्रस्ताव देंगे।

### मुजफ्फरपुर के कृष्ण टीएमबीयू के परीक्षा नियंत्रक बनाए गए

**भागलपुर**। राजभवन ने टीएमबीयू सहित राज्य के नौ विवि में नए परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति कर दी है। मुजफ्फरपुर विवि के एलएनटी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के हेड डॉ. कृष्ण कुमार को टीएमबीयू का परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। यहां फरवरी 2023 से पीजी इतिहास विभाग के शिक्षक डॉ. आनंद कुमार झा परीक्षा नियंत्रक के प्रभार में थे। डॉ. झा से पहले मुजफ्फरपुर के ही डॉ. अरुण कुमार सिंह नियमित परीक्षा नियंत्रक थे। नई नियुक्ति की अधिसूचना राजभवन के प्रधान सचिव आरएल चोंग्थू ने जारी की है। राजभवन ने बीएनएमयू मधेपुरा में टीपी कॉलेज मधेपुरा के डॉ. शंकर कुमार मिश्र को नया परीक्षा नियंत्रक बनाया है। इसके साथ ही पटना विवि, मुजफ्फरपुर विवि, केएसडीएसयू दरभंगा, वीकेएसयू आरा, जेपीयू छपरा, मगध विवि और मौलाना मजहरुल हक अरबी-फारसी विवि में भी परीक्षा नियंत्रक बने हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी टीएनबी कॉलेज स्टेडियम में 10 से

**भागलपुर**। भागलपुर यूथ एसोसिएशन टीएनबी कॉलेज स्टेडियम में 10 सितंबर से क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी का आायोजन करेगा। प्रतियोगिता 18 सितंबर तक चलेगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरदीप साह ने शुक्रवार को आयोजन से जुड़ी जानकारियां प्रेस वार्ता में साझा की। एसोसिएशन के टेक्निकल अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह भी उपस्थित थे। अमरदीप साह ने बताया कि सभी मैच अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में पांच टीमें भाग लेंगी। इनमें राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी शामिल होंगे। पहले मैच की शुरुआत सुबह 8:30 बजे और दूसरे मैच की शुरुआत दोपहर 1:30 बजे से होगी। साह ने कहा कि प्रतियोगिता कराने का उद्देश्य पूर्व बिहार और भागलपुर के खिलाड़ियों को उभारना तथा रणजी व आईपीएल जैसी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है।

### गौथल्स पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने बांटी राहत सामग्री

**भागलपुर**। पीरपैंती स्थित गौथल्स पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को रोहिणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित गौथल्स पब्लिक स्कूल पीरपैंती के प्रबंध निदेशक डॉ आदित्य कुमार सिंह व सचिव डॉ प्रतिमा सिंह के निर्देश के अनुसार विद्यालय के शिक्षकों द्वारा पीरपैंती प्रखंड के बाढ़ प्रभावित इलाका मोहनपुर, चटैया, कालीप्रसाद, दिलौरी, खावाशपुर, कामत टोला गावं के एक हजार परिवारों के बीच राहत सामग्रियों का वितरण किया गया।

### भागलपुर के 8 रग्बी खिलाड़ी हुए सम्मानित

**भागलपुर**। पटना के ज्ञान भवन में हुए बिहार राज्य विशेष खेल सम्मान समारोह में भागलपुर के रग्बी के 8 खिलाड़ी भी सम्मानित किए गए। समारोह के विशिष्ट अतिथि भारतीय हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर और ओलंपिक मेडलिस्ट पीआर श्रीजेश, राज्य के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, खेल प्राधिकरण के निदेशक रवींद्र संकरण ने खिलाड़ी चांदनी को 25000 रुपए, श्वेता कुमारी को 25000 रुपए, आकांक्षा कुमारी को 41666 रुपए, प्रतीक राज को 62500 रुपए, गौरव कुमार को 41666 रुपए, प्रीतम पंडित को 33333 रुपए, विनीत कुमार को शैलेंद्र यादव को 60000, आशुतोष चौरसिया को 70000 रुपए की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया।

# भोज खाने के बाद 2 बच्चे सहित 10 लोग बीमार श्राद्धकर्म में आए थे सभी, तीन की हालत गंभीर

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के लाल दरवाजा इलाके में भोज खाने के बाद एक ही परिवार के 2 बच्चे सहित 10 लोग डायरियां के शिकार हो गए। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। सभी को परिजनों ने पहले सभी को निजी अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचाया। जहां हालत में सुधार नहीं होने पर सभी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया गया कि डायरिया के शिकार हुए 7 लोग ठीक होकर वापस अपने घर चले गए है। जबकि एक युवक और दो बच्चों का इलाज जारी है। अस्पताल में इलाजरत युवक सहित दोनों बच्चों के हालात में सुधार नहीं होने को लेकर परिजनों में चिंता है। परिजनों ने चिकित्सक से शिविर लगाकर सभी का स्वास्थ्य जांच कराने की मांग की है। इसमें जो डायरिया काशिकार हुआ है, उसमें बरियारपुर,लाल दरवाजा और लखीसराय जिले के कुछ लोग हैं।

**10 लोगों की बिगड़ी थी तबीयतः** परिजनों ने बताया कि वे लोग लाल दरवाजा में एक श्राद्ध कर्म में शामिल होने आए थे। बुधवार की रात परिवार के सभी सदस्यों के अलावा ग्रामीणों ने भी भोजन किया। जिसके बाद बुधवार की सुबह से ही कुछ लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी और सभी को उल्टी और दस्त होने लगा। इसी तरह बच्चे सहित 10 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल तो कई लोगों का ग्रामीण चिकित्सक से इलाज कराया गया। जब गुरुवार की रात सभी की तबीयत और बिगड़ गई, तब सभी को सदर अस्पताल लाया गया। जिसमें सात लोगों की तबीयत में सुधार हो गया। वे घरचले गए है।



**3 लोगों की स्थिति गंभीरः** डायरिया के शिकार हुए 2 बच्चे और एक युवक की स्थित गंभीर है। जिन्हें सदर अस्पताल के शिशु वार्ड और पुरूष वार्ड में भर्ती कराया गया है। सभी पहचान शिशु वार्ड में लखीसराय के ओलीपुर गांव निवासी बबलू कुमार के बेटे आयुष कुमार(12) और अविनाश कुमार(3) के रूप में हुई है। इसके अलावा पुरूष वार्ड में बरियारपुर थाना क्षेत्र के बिजयनगर गांव निवासी बुद्धन साह के बेटे सुनील कुमार(15) है। बता दें कि इससे पूर्व 2 सितंबर को असरगंज प्रखंड के चौरगांव में डायरिया से 2 सगी बहनों की मौत हो गई थी।

**7 लोग हुए ठीकः** मुंगेर के प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. रमन कुमार ने बताया कि लाल दरवाजा से कुछ लोग इलाज के लिए आए थे। जिनमें डायरिया का लक्षण पाया गया है। जिसमें 7 लोग ठीक होकर वापस घर चले गए है। जबकि तीन का इलाज जारी है। अभी के मौसम में लोग सतर्क रहें बासी खाना को नहीं खाकर गर्म भोजन करें और पानी उबालकर पीएं।

## नैपकिन के इस्तेमाल को जागरूकता




निज संवाददाता। मुंगेर

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना अंतर्गत मुंगेर सदर अस्पताल स्थित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र में स्वच्छता पखवारा का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्मियों ने सफाई अभियान चलाते हुए पुरानी और अप्रचलित वस्तुओं की पहचान कर उसका निस्तारण, केन्द्र के उपकरणों की सफाई, नियमित रखरखाव करते हुए लोगों को जागरूक करते हुए स्वच्छता की संस्कृति विकसित करने कि शपथ ली।

केंद्र के संचालक राकेश कुमार ने जन औषधि केन्द्र आए लोगों को साबुन से हाथ धोने के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही पेयजल स्थल को साफ-सुथरा रखने के लिये लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सेहत का हर सवाल स्वच्छता से जुड़ा है। परिवेश के साथ-साथ आंतरिक शारीरिक स्वच्छता काफी जरूरी है। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म के समय महिलाओं के लिए स्वच्छता बहुत महत्वपूर्ण है। जन औषधि नैपकिन बायोडिग्रेडेबल और किफायती है, जो महिलाओं की स्वच्छता बनाए रखने में मदद करता है और इंफेक्शन से बचाव करता है। इसके तहत महिलाओं को जन औषधि नैपकिन खरीदने और उसके इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान में अरूण, ललित, रघु, विक्की, बेबी, कंचन, प्रभा, उर्मिला, प्रेम देबी, बबिता देबी, राजेश कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## पिछली कतार से कुर्सी खींच आगे बैठे गोपाल, अजय से न बात न दुआ-सलाम

निज संवाददाता। भागलपुर

गोपालपुर से जदयू विधायक गोपाल मंडल का कुर्सी प्रेम जगजाहिर है। जिस भी समारोह में जाते हैं, कुर्सी के लिए खूब सुर्खियां बटोरते हैं। कई बार इसके लिए फजीहत भी उठानी पड़ी है। शुक्रवार को सुपर स्पेशलियटी अस्पताल के उद्घाटन समारोह में भी कुछ ऐसा ही दृश्य नजर आया। मंच पर चढ़ने के साथ विधायक गोपाल मंडल ने कुर्सी की तलाश शुरू कर दी। पहली कतार में कुर्सी खाली नहीं दिखी। इसके बाद दूसरी कतार में सबसे अंत में एक कुर्सी खाली दिखी तो वहां पहुंच गए। फिर कुर्सी खींच आगे कर ली। जहां उन्होंने अपनी कुर्सी खिसकाई, वहां पोडियम रखा था। इस कारण वे उसके पीछे छिप से गए। उनका चेहरा किनारे हो गया। कुर्सी के लिए इस बार उन्होंने हंगामा नहीं किया। हालांकि उनके आगे पीरपैंती से भाजपा के विधायक ललन कुमार बैठे हुए नजर आए। जबकि गोपाल मंडल से ठीक पहले एमएलसी डॉ. एनके यादव और उससे पहले जदयू से सांसद अजय कुमार मंडल बैठे दिखे। इस बार वे शांत नजर आए। मंच से संबोधन का भी मौका नहीं मिला। इसके बाद भी वे चुपचाप बैठे रहे। पांच अगस्त को सबौर स्थित बिहार कृषि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में सूबे के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार मंचासीन थे। उस दौरान विधायक गोपाल मंडल भी मंच पर कुर्सी पर बैठे-बैठे सोते नजर आए। उन्हें जगाने के लिए कई प्रयास किए गए। लेकिन उनकी नींद नहीं खुली। बीएयू के समारोह में की थी कुलपति से नोंकझोक प्रोटोकॉल तोड़ मंच पर चढ़े और बैठ गए थे जदयू के विधायक गोपाल मंडल और सांसद अजय मंडल के बीच हाल में विवादित बयानों के तीर खूब चले हैं।

## कुलपति ने देर रात रजिस्ट्रार ऑफिस पहुंचकर पैट की फाइल पास कराई



निज संवाददाता। भागलपुर

राजभवन में 30 अगस्त को कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के साथ हुई बैठक से लौटने के बाद टीएमबीयू के कुलपति प्रो. जवाहर लाल कार्य, बैठकों और फाइलों के निष्पादन को लेकर पहले से ज्यादा सक्रिय हो गए हैं। वहां से आने के बाद एक ही हफ्ते में उन्होंने सेल एंड पर्चेज कमेटी, वित्त कमेटी, एकेडमिक काउंसिल सहित अन्य कमेटियों की बैठक कर ली। लंबित फाइलें सीज कर लीं। इसी कड़ी में कुलपति पीएचडी एडमिशन टेस्ट (पैट) से जुड़ी एक फाइल के सिलसिले में गुरुवार की देर रात रजिस्ट्रार के चेंबर में पहुंच गए। टेस्ट के लिए एडवांस की जरूरत बता रिसर्च शाखा ने 28 अगस्त को फाइल बढ़ाई थी जो रजिस्ट्रार के चेंबर में थी। कुलपति ने जब रजिस्ट्रार से इस बारे में पूछा तो वे स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बता पा रहे थे। इससे नाराज कुलपति उनके चेंबर में चले गए। उनसे फाइल पास कराई।

साथ में गए वित्त परामर्शी डॉ. दिलीप कुमार ने भी प्रक्रिया पूरी कर कुलपति के पीए को फाइल दे दी। शुक्रवार को फाइल रिसर्च शाखा को भेज दी गई। यह राशि टेस्ट के लिए प्रश्नपत्र तैयार कराने को लेकर मांगी गई थी। कुलपति ने इस दौरान रजिस्ट्रार के टेबुल पर पड़ी अन्य फाइलों की जानकारी ली और जल्द निपटाने को कहा। कुलपति ने कहा कि फाइलें रुकी रहने से काम बाधित होता है।

## गणेश चतुर्थी पर किया गया भजन

निज संवाददाता। मुंगेर

संन्यास पीठ, पादुका दर्शन में चल रहे चातुर्मास अनुष्ठान के अंतर्गत शुक्रवार को जबलपुर से आए भजन मंडली की संगीतमयी प्रस्तुति जारी रही। मुख्य गायकों में राकेश कुमार और ज्योति सोनी ने अपनी सुमधुर वाणी में भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किये। साथ में आये वादकों में कीबोर्ड पर तिलक सिंह कश्यप, ढोलक पर राम कुमार और पैड पर जितेन्द्र ठाकुर ने अपनी कलाकारी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गुरु भक्ति योग अनुष्ठान के दौरान 4 से 5.30 बजे तक आयोजित यह कार्यक्रम समाप्त हुआ। वहीं 7 सितंबर को गणेश चतुर्थी का उत्सव पादुका दर्शन में 3 से 5 बजे तक बड़े धूमधाम से मनाया जायेगा। साथ ही सबेरे 9 से 11 बजे तक सुंदरकांड का मांगलिक पाठ संपन्न किया जाएगा। 8 सितम्बर से संन्यास पीठ का वार्षिकोत्सव के अवसर पर लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा। 8 सितंबर स्वामी शिवानंद सरस्वती का जन्मदिवस है और इस मंगलकारी दिवस से प्रारंभ होकर कार्यक्रम अगले 5 दिनों तक चलेगा। इसकी पूर्णाहुति स्वामी सत्यानन्द के संन्यास दिवस 12 सितंबर को होगी। यह कार्यक्रम स्वामी निरंजनानंद सरस्वती की उपस्थिति में वाराणसी से आये विद्वान आचार्यों द्वारा संपन्न किया जायेगा। कार्यक्रम प्रत्येक दिन सुबह 8 बजे से 12.30 बजे तक और दोपहर को 2 बजे से 5.30 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम में जिले वासियों को आमंत्रित किया गया है। ताकि वे अपने जीवन में ईश्वर और गुरु का आशीर्वाद प्राप्त कर सकें।

**OFFICE OF THE CIVIL SURGEON-CUM-CHIEF MEDICAL OFFICER DISTRICT GARHWA (JHARKHAND).**

**VERY SHORT-TERMNOTICE INVITING EXPRESSION OF INTEREST (EOI)**
**No. CS/GRH/07/2024-25 Date:-06.09.2024.**

For easy access to reporting of samples received at in-house laboratory at District Hospital, Garhwa (Jharkhand) the district administration is looking to implement cloud-based Laboratory Management Software with Electronic Reporting covering DH along with necessary hardware for accessing the software.

The administrative body invites Expression of Interest (EOI) for supply of Sample Reporting Software along with Hardware from manufacturer or authorized dealer. Interested manufacturer, authorized dealer & organizations are requested to submit the EOI by post (Registered / Speed Post) or by hand at the office of The Civil surgeon-Cum-Chief medical officer, Garhwa at Civil Surgeon office, Garhwa (Jharkhand) latest by 21.09.2024 **up to 05:00 PM and Opening Date & Time would be 23.09.2024, 03:00 PM.** Further details can be download EOI document on website https://garhwa.nic.in.

**CIVIL SURGEON-CUM-CHIEF MEDICAL OFFICER GARHWA(JHARKHAND)**

PR 334995 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 11/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1. कार्य का नाम : दिनांक–06.09.2024

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | EE/RWD/DALTONGANJ/46/2024-25 | कुहकुह पुलिस पिकेट से लिलाडीह होते हुए रिसियापा मुख्य पथ तक पथ निर्माण कार्य । 1.83कि0मी0 | 184.098 | एक करोड़ चौरासी लाख नौ हजार आठ सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 2 | EE/RWD/DALTONGANJ/47/2024-25 | चिरू यादव टोला से धंगरडीहा शिव स्थान तक पथ निर्माण कार्य। 1.88कि0मी0 | 279.351 | दो करोड़ उन्नासी लाख पैंतीस हजार एक सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 3 | EE/RWD/DALTONGANJ/48/2024-25 | मेन रोड (एन0एच0–75) से पड़वा प्रखंड कार्यालय तक पथ निर्माण कार्य। 1.25कि0मी0 | 114.521 | एक करोड़ चौदह लाख बावन हजार एक सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 4 | EE/RWD/DALTONGANJ/49/2024-25 | हिसरा बरवाडीह से शोले तक पथ निर्माण कार्य। 3.00कि0मी0 | 290.441 | दो करोड़ नब्बे लाख चौवालीस हजार एक सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 5 | EE/RWD/DALTONGANJ/50/2024-25 | बीजरा आर0ई0ओ0 रोड से पाल्हेखूर्द तक पथ निर्माण कार्य। 1.30कि0मी0 | 144.867 | एक करोड़ चौवालीस लाख छियासी हजार सात सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 6 | EE/RWD/DALTONGANJ/51/2024-25 | हदना से सादाबीघा होते हुए बैजली तक पथ निर्माण कार्य।1.70कि0मी0 | 189.123 | एक करोड़ नवासी लाख बारह हजार तीन सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 7 | EE/RWD/DALTONGANJ/52/2024-25 | मिडिल स्कूल बडपुर से पंचायत भवन होते हुए पुराना बड़ेपुर तक पथ निर्माण कार्य। 2.00कि0मी0 | 219.056 | दो करोड़ उन्नीस लाख पांच हजार छः सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 8 | EE/RWD/DALTONGANJ/53/2024-25 | महुअरी पंचायत मिरडीयाडीह गांव से झरहा मुख्य पथ तक पथ निर्माण । 2.20कि0मी0 | 214.593 | दो करोड़ चौदह लाख उन्नसठ हजार तीन सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 9 | EE/RWD/DALTONGANJ/54/2024-25 | लोहरदगा मुख्य पथ से खंटीसोत पुल होते हुए भलही तक पथ निर्माण कार्य। 1.40कि0मी0 | 153.599 | एक करोड़ तिरपन लाख उन्नसठ हजार नौ सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 10 | EE/RWD/DALTONGANJ/55/2024-25 | जोगा फाटक से कल्याणपुर तक पथ निर्माण कार्य। 3.60कि0मी0 | 385.96 | तीन करोड़ पच्चासी लाख छियांबे हजार रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 11 | EE/RWD/DALTONGANJ/56/2024-25 | कुंभीकला पंचायत भवन से सोहदागखूर्द तक पथ निर्माण कार्य। 2.85कि0मी0 | 313.846 | तीन करोड़ तेरह लाख चौरासी हजार छः सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 12.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 26.09.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 28.09.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 335064 Rural Development(24-25).D

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में फर्जी पुलिसकर्मी गिरफ्तार :नौकरी लगाने के नाम पर महिलाओं से लिए थे 6-6 हजार रुपए



**पटना, एजेंसी।** पटना के शास्त्रीनगर इलाके से एक फर्जी पुलिसकर्मी की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस मुख्यालय में सफाई कर्मी की नौकरी लगाने के नाम पर 5 महिलाओं से 6-6 हजार रुपए लिए थे। पीड़ित महिलाओं के शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है। तलाशी के दौरान पुलिस की वर्दी, लाल जूता, टोपी और बैच बरामद हुआ है। आरोपी के पास से एक मोबाइल भी मिला है। इस धंधे और कौन-कौन लोग शामिल है। कितने लोगों से ठगी हुई है। इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। आरोपी विद्या भूषण राय मनेर थाना क्षेत्र के सिंघाड़ा का रहने वाला है। विद्या भूषण ने बिंद टोला निवासी विमला देवी समेत 5 महिलाओं को बताया था कि पुलिस मुख्यालय पटेल भवन में ड्यूटी करते हैं। वहां साफ-सफाई और माली के लिए वेकैंसी है। जिसके बाद सभी ने 6-6 हजार रुपए नौकरी लगाने के लिए दिया था। पैसे लेने के बाद जब नौकरी नहीं लगी तब महिलाओं ने इसकी शिकायत शास्त्रीनगर थाने में की। जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ है।

### मोहल्ले में गोलीबारी पर एफआईआर दर्ज, वारदात के बाद बदमाश फरार



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** आरा के टाउन थाना क्षेत्र के मिल्की मोहल्ले में मो. शमीम अंसारी को गोली मारी गई थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। घायल के बयान पर मिल्की मोहल्ला निवासी सोहेल खान उर्फ बास को नामजद और अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। सभी फरार हैं। पुलिस इनकी गिरफ्तारी में जुटी है। घायल ने पुलिस को बताया कि 4 सितंबर शाम घर के बाहर शोर हो रहा था। देखा तो मस्जिद के पास मेरे भतीजा मो. फैज के साथ मारपीट की जा रही थी। मैं वहां गया और मामले को शांत कराया। इसके बाद सोहेल खा अपने अन्य चार साथियों के साथ फिर से आया और फायरिंग शुरू कर दी। गोली हथेली में लगकर निकल गई। इसके बाद सभी फरार हो गए। मुझे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने नामजद और अज्ञात अपराधियों की तलाश शुरू कर दी है। गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। अज्ञात लोगों को भी चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है।

### नहाने के दौरान टूट कर गिरा तार, युवक की मौत

**शेखपुरा, एजेंसी।** शेखपुरा के कोरमा थाना क्षेत्र के गगौर गांव में करंट लगने से एक 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उपेंद्र ठाकुर के बेटे रंजन कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की रात वह नहाने गए थे। इसी दौरान हाईवोल्टेज तार टूटकर उसके शरीर पर गिर गया। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल शेखपुरा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची कोरमा थाने की पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक गांव में ही मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण किया करता था। मृतक पांच सहोदर भाइयों में सबसे छोटा भाई था। कोरमा थानाध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर आयुष कुमार ने बताया कि युवक की मौत बिजली का करंट लगने से हुई है। उन्होंने कहा कि उसके शव को पोस्टमॉर्टम हेतु भेजा गया है। इस संबंध में लिखित शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं को ग्राउंड में रहने का निर्देश

## बीजेपी कार्यालय में देर रात 12 बजे तक चली कोर कमेटी की बैठक, अश्विनी चौबे भी रहे मौजूद



**पटना, एजेंसी।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा दो दिवसीय बिहार दौरे पर हैं। पहले दिन शुक्रवार को 850 करोड़ की अलग-अलग योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया। इसके बाद देर रात करीब 3 घंटे तक प्रदेश कार्यालय में बीजेपी नेताओं के साथ बैठक की। बंद कमरे में रात करीब 9 बजे से 12 बजे तक मीटिंग चली। जिसमें पार्टी के तमाम बड़े नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बड़ी बात यह कि नाराज चल रहे पार्टी के सीनियर लीडर अश्विनी चौबे भी इसमें शामिल हुए। इस दौरान कोर कमेटी और सदस्यता अभियान कमेटी की अलग-अलग मीटिंग हुई। आम जनता को कैसे बीजेपी से जोड़ना है और एक करोड़ सदस्य बनाने के लक्ष्य को किस तरह से पूरा करना है। इस संबंध में उन्होंने टिप्स दिए।

### बंद कमरे में हुई बैठक

कोर कमेटी की मीटिंग में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनी। चुनाव को लेकर किस तरह से तैयारी करनी है, इस पर कार्यकर्ताओं जानकारी दी। जेपी नड्डा ने यह संदेश दिया कि अगर ऐसी परिस्थिति बनी, जिसमें समय से पहले विधानसभा चुनाव होता है तो उसके लिए हमें पहले से तैयार रहना होगा। सभी नेताओं को अपने क्षेत्र में अभी से एक्टिव रहने की जरूरत है। केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना होगा। जिन लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, उन्हें भी उन योजनाओं से जोड़ना होगा।

### एनडीए में एकजुटता बनाए रखने का दिया संदेश

सूत्रों की मानें तो कोर कमेटी की बैठक के दौरान सभी नेताओं को स्पष्ट संदेश दिया कि एनडीए में एकजुटता बनी रहनी चाहिए। विधानसभा चुनाव में एनडीए को एकजुट होकर मजबूती से चुनाव लड़ना है, ताकि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बना सके।

सदस्यता अभियान कमेटी की मीटिंग में एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। जिसकी शुरुआत 2 सितंबर से हुई है। अभी पूरे बिहार में बीजेपी के 35 लाख सदस्य हैं। नड्?डा ने साफ तौर पर कहा है कि हर हाल में 35 लाख के अलावा 1 करोड़ नए लोगों को पार्टी से जोड़ना है। ताकि आगामी विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ सके। इसके लिए प्रदेश स्तर से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर लोगों को भाजपा से जुड़ने के लिए प्रेरित करना है। कार्यकर्ताओं के अलावा जो केंद्रीय मंत्री हैं, उनको भी बिहार में अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर सदस्यता अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

### मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अश्विनी चौबे ने जताई नाराजगी

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे का लोकसभा चुनाव के दौरान बक्सर से टिकट कटने के बाद से न केवल पार्टी बल्कि शासन-प्रशासन भी उन्हें भूलने लगा है। मामला भागलपुर में करीब 200 करोड़ से बने सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल के उद्घाटन समारोह से जुड़ा है। अश्विनी चौबे को समारोह के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है। इससे वे आहत हैं। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार को पत्र लिखा है। इसमें उनका फिर एक बार दर्द छलका।

अश्विनी कुमार चौबे ने लेटर में लिखा- अपार कष्ट में हूं, खैर... समय बड़ा बलवान होता है। जिस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के शिलान्यास से लेकर बनने तक लगातार निगरानी और निरीक्षण तत्कालीन मंत्री व पूर्व मंत्री के रूप में चौबे करते रहे हैं। पीएम मोदी के शिलान्यास वाले शिलापट्ट मेन गेट पर रहने दिया जाता। 17 फरवरी, 2019 को बेगूसराय से पीएम, तत्कालीन राज्यपाल लालजी टंडन, पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी समेत मैं खुद भी वहां शामिल हुआ था। इसके बाद भी मेरा नाम उद्घाटन में नहीं रहना आहत करता है।

### जेपी की मैराथन के पीछे की वजह क्या है ?

लोकसभा चुनाव-2024 में बिहार में एनडीए 30 सीटों पर सिमट कर रह गई है। 10 सीटों का नुकसान हुआ है। 5 सीटों पर जीत दर्ज करने वाली लोजपा( रा. ) और 12 सीट जीतकर जेडीयू ताकतवर बनकर उभरी है।

यूपीएससी में लेटरल एंट्री और जाति गणना पर चिराग पासवान के सुर अलग हैं। बिहार में एनडीए की सरकार नीतीश कुमार के भरोसे पर चल रही है। केंद्र में भी जेडीयू को 2-2 मंत्रालय मिला है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल भी सीएम नीतीश की तारीफ कर चुके हैं। ऐसे में बीजेपी अपनी स्थिति मजबूत रखना चाहती है।

3 सितंबर को सूचना आयोग में नियुक्ति को लेकर मीटिंग हुई थी। जिसमें सीएम नीतीश कुमार के साथ नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी शामिल हुए थे। जिसके बाद से चर्चाओं का बाजार गर्म था। हालांकि जेडीयू नेताओं का स्पष्ट तौर पर कहना है कि जिनको जो सोचना है, सोचिए। बिहार में एनडीए पूरी तरह से एकजुट है। आगामी विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ेंगे।

# पटना में नकली पैकिंग कर खाद्य सामग्री बेचने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़, छापामारी के बाद मालिक फरार




**पटना, एजेंसी।** पटना जिले के बख्तियारपुर थानाक्षेत्र के दिदौर इलाके में पुलिस ने नकली फार्म चलाने वालों का भंडाफोड़ किया है। यहां कई नामी कंपनियों के नाम पर उत्पादों की नकली ब्रांडिंग की जाती थी। पुलिस ने घटनास्थल से आटा, चोकर और अन्य ब्रांड का माल जब्त किया है।

### नई बोरी मंगवा कर करते थे ब्रांड की कॉपी

पुलिस को छापामारी के दौरान जांच में पता चला कि पूजा इंटरप्राइजेज का प्रोपराइटर कृति आटा आरवी इंटरप्राइजेज के नाम से फार्म चला रहा है, जो पटना सिटी के मालसलामी थानाक्षेत्र के आता है। यह फैक्टरी काफी पुरानी है और यहां से आटा पूरे बिहार में सप्लाई किया जाता है। कंपनी को शिकायत मिली थी कि उनके आटे का नकली ब्रांड बनाकर बाजार में बेचा जा रहा है। जब कंपनी के लोगों ने इस बात की तहकीकात की तो पता चला कि पैकेट पर खुद की छपाई कर उसमें आटा भरकर बेचा जा रहा है, जिससे कंपनी को काफी नुकसान हो रहा है। इसे लेकर कंपनी के निदेशक राजीव कुमार ने बख्तियारपुर थाने पहुंचकर इसकी लिखित सूचना दी। उसके बाद बख्तियारपुर थाना पुलिस ने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर छापामारी की तो देखकर दंग रह गए। उन्होंने देखा कि भारी मात्रा में नकली खाने-पीने के समान में हेराफेरी की जा रही है। यह देख छापामारी के दौरान मौके पर स्थानीय लोग बड़ी तादाद में जुट गए। फिर पुलिस ने पूजा इंटरप्राइजेज के लड़के को पकड़ा तो उन्हें छुड़ाने में भी लग गए। पुलिस ने कहा कि जो उनके मालिक हैं उन्हें बुलाया जाए, लेकिन मालिक फरार हो चुके थे। पुलिस पूछताछ के लिए उनके बेटे को थाने ले गई और मामले की जांच में जुट गई।

### कंपनी को हो रहा था भारी नुकसान

आरवी इंटरप्राइजेज के निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि छापामारी के दौरान देखा गया कि लाखों का माल पड़ा है और घर में इन लोगों द्वारा निर्माण किया जाता है। स्थानीय लोगों ने भी दबी जुबान से कहा कि यहां बाहर से लोकल कंपनी का चोकर मंगाया जाता है। फिर उसमें भूसी और अन्य सामग्री मिलाकर यहां बोरी में पैक कर बेचा जाता है। उन्होंने कहा कि छापामारी के बाद पुलिस इस मामले में तहकीकात कर रही है। पुलिस से पूछताछ करने पर कहा कि अभी जांच चल रही है, मामले को लेकर पुलिस जांच में जुटी है। फिलहाल जांच के बाद ही पूरी जानकारी दी जाएगी।

# मुजफ्फरपुर में सियार का आतंक, अब तक 12 से ज्यादा लोगों को काटकर किया घायल

## ग्रामीणों में दहशत

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर के शेरपुर पंचायत के बंगरा गांव में सियार ने आतंक मचाया हुआ है। यहां सियार ने अब तक 12 से ज्यादा लोगों को काट कर घायल कर दिया है। पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। घायलों में से कई लोगों को सदर अस्पताल और निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वन विभाग की टीम उक्त जानवर को रेस्क्यू करने में जुटी हुई है।



दरअसल, बीते दो दिनों से जिले के सदर थानाक्षेत्र के शेरपुर पंचायत इलाके के बंगरा गांव में एक जानवर के आतंक से लोगों में दहशत बनी हुई है। आलम यह है कि सियार ने अब तक चार बच्चों सहित 12 से अधिक लोगों को काट कर घायल कर दिया है, जिसके बाद से पूरे इलाके के लोग डरे-सहमे हुए हैं। मामले की जानकारी मिलने के बाद से जिले की वन विभाग की टीम ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसको लेकर पूरे गांव और खेतों में कई पिंजड़े लगाए जा रहे हैं, ताकि सियार को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। स्थानीय ग्रामीण रितेश कुमार ने बताया कि पिछले दो दिनों में एक जानवर ने 12 से अधिक लोगों को काट कर घायल कर दिया है। यह जानवर कुत्ते जैसा दिखता है और लगता है कि जैसे सियार है। यह कोई भेड़िया नहीं है और इसकी वजह से पूरे इलाके में दहशत बनी हुई है। इससे लोग काफी डरे-सहमे हैं। वहीं, सियार के आतंक के कारण गांव के कई बच्चे स्कूल भी नहीं जा रहे हैं।

### गोपालगंज में एक अस्पताल कर्मी की संदिग्ध मौत, निजी क्लीनिक में पंखे से लटका मिला शव

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज शहर के अंबेडकर चौक पर एक निजी क्लीनिक में काम करने वाले एक युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई है। अस्पताल कर्मी का शव क्लीनिक में ही पंखे से लटका हुआ मिला, जिसको लेकर परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। हालांकि नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले चुकी है और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया चल रही है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान नगर थानाक्षेत्र के चैनपट्टी गांव निवासी दिवंगत शिवपूजन मांझी के बेटे ईश्वर मांझी के रूप में हुई है। ईश्वर मांझी अंबेडकर चौक के पास स्थित एक निजी क्लीनिक में काम करता था। परिजनों के अनुसार ईश्वर मांझी रात को ड्यूटी करने के लिए गया था, लेकिन अहले सुबह उसका शव क्लीनिक में ही पंखे से लटका हुआ मिला। उसके बाद वहां के स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी थी। उसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। सुबह पुलिस ने भी शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए शव को सदर अस्पताल भेजकर मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई। बताया जा रहा है कि ईश्वर मांझी के छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनके सर से पिता का साया उठ गया है।




# फटा नोट देने पर दुकानदार ने चाकू से गोदा, मौत, आरोपी गिरफ्तार

## मधुबनी में 10 रुपए को लेकर हुआ था विवाद

**मधुबनी, एजेंसी।** मधुबनी के फुलपरास थाना क्षेत्र के मुरली गाँव में एक दुकानदार के बेटे ने एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दिया। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि युवक दुकान पर नाश्ता करने आया था। जहां उसने नाश्ता करने के बाद दुकानदार को एक दस का फटा नोट दिया। जिसे दुकानदार ने लेने से मना कर दिया।

जिसे लेकर दोनों के बीच बहस हो गई। इसी विवाद में उसके बेटे ने गुस्से में आकर युवक के पेट पर दो से तीन बार चाकू से वॉर कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान मुरली गाँव के राहुल कुमार( 20 ) के रूप में हुई है। वहीं पुलिस ने आरोपी राजीव को गिरफ्तार कर लिया है।



### दस रूपए के विवाद में मारा चाकू

मृतक के चाचा ने बताया कि राहुल चौक पर नाश्ता करने आया था। जहां नाश्ता करने के बाद दुकानदार ने उससे 30 रुपए की मांग की। जिसके बाद राहुल ने उसे एक बीस और दूसरा दस का नोट दिया। जिसमें दस का नोट थोड़ा फटा था। जिसे दुकानदार ने लेने से मना कर दिया। जिसे लेकर राहुल ने पूछा तो दुकानदार का बेटा उससे उलझ गया। इसी बीच दोनों में विवाद हो गया।

जिसके बाद उसने गुस्से में आकर राहुल के पेट में चाकू मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वही घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे सदर अस्पताल लाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। जिसके बाद उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

इस मामले में पांच लोगों पर प्राथमिक दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 1 दिन में डेंगू के 80 केस, आंकड़ा 1000 के पार: बिहार में अब तक 6 मौतें

## एक्सपर्ट बोले-वायरल फीवर समझ कर लापरवाही कर रहे लोग

**पटना, एजेंसी।** बिहार में डेंगू का खतरनाक ट्रेंड सामने आया है। संक्रमण के 7 दिन के अंदर ही ये पेशेंट को काफी कमजोर कर रहा है, जिससे मरीजों की मौत हो रही है। 24 घंटे के अंदर दो मरीजों की मौत ने स्वास्थ्य विभाग को भी चिंता में डाल दिया है। इस सीजन में पहली बार 6 सितंबर को एक दिन में 80 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिसमें सबसे ज्यादा पटना में 38 लोग डेंगू से संक्रमित पाए गए हैं। सरकारी आंकड़ों में अब तक बिहार में डेंगू के 1006 केस सामने आए हैं, जिसमें 6 की मौत हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है, इसके बाद भी मरीजों की संख्या कम नहीं हो रही है।

सीनियर फिजिशियन डॉ. राणा एसपी सिंह बताते हैं कि ज्यादातर मौतें इंटरनल ब्लीडिंग के कारण हुई है। इस बार संक्रमण की दर काफी तेज है। संक्रमण को लोग वायरल फीवर मान ले रहे हैं। इस कारण से कई दिनों तक बुखार ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं। जब तक हॉस्पिटल पहुंच रहे हैं, हालत खराब हो जा रही है।

### संक्रमण के 7 दिन में मौत

गर्दनीबाग की रहने वाली 57 साल की पूनम सिन्हा डेंगू से संक्रमित हुई थी। जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद घर वालों ने 31 अगस्त को पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। कम समय में ही पूनम को डेंगू ने कमजोर कर दिया। हालत ऐसी हो गई कि उन्हें इमरजेंसी के आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा। डॉक्टरों के प्रयास के बाद भी उनका प्लेटलेट्स तेजी से डाउन हुआ और इलाज के दौरान कल उनकी मौत हो गई। समस्तीपुर के हेल्थ वर्कर राम लक्ष्मण दास को भी 7 दिन पहले डेंगू का संक्रमण हुआ था। 5 दिन में ही वह इतना कमजोर हो गए कि बेहोश हो गए। इलाज के लिए घर वाले बेगूसराय ले गए, लेकिन हालत बिगड़ती गई। डॉक्टरों ने रेफर कर दिया, जिसके बाद पटना के मेदांता में भर्ती कराया गया। इंटरनल ब्लीडिंग के कारण गुरुवार देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया।

### इंटरनल ब्लीडिंग से हो रही मौतें

अब तक डेंगू से जो भी मौत हो रही है, इसमें इंटरनल ब्लीडिंग का मामला सामने आ रहा है। यानी डेंगू का ढ्ढत्नरूरिएक्टिव पाया जा रहा है। 31 अगस्त को पीएमसीएच में डेंगू पीड़ित 40 साल के युवक अशोक गिरी की मौत भी इंटरनल ब्लीडिंग के कारण हुई है। जहानाबाद के रहने वाले अशोक गिरी पीएमसीएच में 25 अगस्त को एडमिट हुए थे। 5 ही दिन में मौत हो गई। 29 अगस्त को एनएमसीएच में 16 साल के आर्यन की मौत भी डेंगू के संक्रमण से हुए इंटरनल ब्लीडिंग से हुई है। 26 अगस्त की रात नौबतपुर के आर्यन को एनएमसीएच में भर्ती कराया गया था। प्लेटलेट्स लगातार कम होने से हालत बिगड़ गई थी। उन्हें पहले से ही पीलिया था।

सिर्फ 4 ही दिन में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। ऐसे ही 70 साल बुजुर्ग रामा की मौत पटना मेडिकल कॉलेज में इंटरनल ब्लीडिंग से हुई थी। रागिनी की मौत भी निजी अस्पताल में इंटरनल ब्लीडिंग के कारण हुई थी।



### संक्रमण की रफ्तार डराने वाली

डेंगू का सीजन जनवरी से ही शुरू हो जाता है, लेकिन मानसून खत्म होते ही इसमें तेजी आती है। जब तक मौसम ठंडा नहीं हो जाता तब तक इसका असर रहता है। कम बरसात होने के कारण भी डेंगू की रफ्तार तेजी से बढ़ती है। सरकारी आंकड़ों की बात करें तो अब तक जनवरी से 6 सितंबर तक 1006 लोग संक्रमित हुए हैं। पटना में 459 लोगों में डेंगू पाया गया है। राज्य में जिला की बात करें तो पटना डेंगू का हॉटस्पॉट बना हुआ है। दूसरे नंबर पर गया है, जहां अब तक 54 केस सामने आए हैं। मुजफ्फरपुर 53, समस्तीपुर 46, नालंदा 39, वैशाली 28 और पूर्णिया में 28 मामले आए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### डीटीओ ने 1.06 लाख रुपये वसूला फाइन

**रामगढ़, एजेंसी।** डीटीओ जयप्रकाश करमाली के नेतृत्व में रामगढ़ थाने की पुलिस तथा परिवहन विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रूप से शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय रामगढ़ में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान परिवहन विभाग की टीम द्वारा दो दर्जन से अधिक छोटे-बड़े वाहनों के साथ बाइक सवारों से एक लाख छह हजार रुपये जुर्माना वसूल किया गया. इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों के हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस पेपर की जांच के साथ ही बड़े तथा छोटे वाहनों के चालकों के सीट बेल्ट के प्रयोग, क्षमता से अधिक भार तथा आवश्यक कागजातों की जांच की गयी. इस दौरान आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं किये जाने पर मौके पर ही सभी का चालान काटकर राजस्व वसूला गया.

### दुमका एयरपोर्ट को डीजीसीए से अनुमति मिलने का इंतजार

**दुमका, एजेंसी।** उपराजधानी का एयरपोर्ट लगभग बनकर तैयार है. इस एयरपोर्ट में एयर ट्रैफिक कंट्रोल और टर्मिनल बिल्डिंग के अलावा सारे इंफ्रास्ट्रक्चर लगभग चार साल पहले ही बनकर तैयार हो चुके हैं. इस एयरपोर्ट को इस तरीके से तैयार किया गया है, ताकि यहां घरेलू और छोटे विमान उड़ान भर सकें. तत्काल यहां जो सुविधायें व संसाधान उपलब्ध है, उसमें दुमका हवाई अड्डे से 72 सीटों वाले विमान उड़ सकेंगे. हवाई पट्टी की लंबाई चार हजार से बढ़ाकर छह हजार फीट की जानी है, जिसके लिए जमीन अधिग्रहण व एयरपोर्ट का विस्तारीकरण भी किया जा चुका है. दरअसल दुमका हवाई अड्डे के रनवे की अभी लंबाई तकरीबन चार हजार फीट है. 72 सीटों वाला विमान उड़ने के लिए यह दूरी कम से कम छह हजार फीट होनी चाहिए. इसी लिहाज से यहां की हवाई पट्टी को लंबा करने का काम होना है, जिसे तुरंत किया जा सकता है.

### सुहागिनों ने हरितालिका तीज पर रखी निर्जला व्रत

**दुमका, एजेंसी।** हरितालिका व्रत तीज के अवसर पर उपराजधानी के विभिन्न मंदिरों में सुहागिनों ने पूजा अर्चना की तथा निर्जला व्रत रखकर पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि, उन्नति, प्रगति और यश की कामना भगवान से की. जानकारी के अनुसार मां पार्वती ने इस व्रत को शिवजी को पति के रूप में पाने के लिए किया था. इस व्रत में भगवान शिव और मां पार्वती की उपासना व पूजन विधि-विधान से किया जाता है. अधिकांश सुहागिनों ने अपने-अपने घरों एवं व कई ने मंदिरों में विधि-विधान के साथ हरितालिका तीज व्रत की पूजा-अर्चना सोलह श्रृंगार के साथ तीज व्रत धर्म का पालन करते हुए पूरे भक्ति भाव के साथ की. इस पवित्र मौके पर सौभाग्यवती महिलाओं ने नये वस्त्र पहनकर, मेंहदी लगाकर, सोलह श्रृंगार कर पुरोहित द्वारा बताए शुभ मुहूर्त में भगवान शिव और मां पार्वती की कथा सुनी. साथ ही हरितालिका तीज की कथा सुनकर पति के लंबी उम्र की कामना की. दुमका के धर्मस्थान, शिव पहाड़, शिव गोपाल मंदिर सहित अन्य शिवालयों में सुहागिनों की भीड़ रही. इधर, जामा प्रखंड मुख्यालय के अलावा चिकनियां, कैराबनी, महारो, बारापलासी, परगाडीह, भैरोपुर, कोलहड़िया आदि गांवों में शुक्रवार को सुहागिन महिलाओं ने निर्जला तीज व्रत अपने पति के दीर्घायु जीवन के लिए रखा.

### बलियाम और लखनपुर के बीच हुआ उदघाटन मैच

रामगढ़, एजेंसी। प्रखंड की सदर पंचायत धोबा के जोगिया गांव में शुक्रवार को दो दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट प्रारंभ हुआ. टूर्नामेंट का आयोजन झारखंड यंग क्लब, जोगिया के तत्वावधान में किया गया. टूर्नामेंट का उदघाटन झामुमो सोशल मीडिया प्रभारी ललन कुमार और मरकुश हांसदा ने किया. उद्घाटन मैच बलियाम फुटबॉल क्लब, लखनपुर की टीम और एफसी अंगुठिया, अमड़ापहाड़ी की टीम के बीच खेला गया, जिसमें एफसी अंगुठिया अमड़ापहाड़ी टीम ने दो गोल से मैच जीता और अगले चक्र में प्रवेश किया. जबकि बालियाम लखनपुर की टीम पहले ही दौर में हार कर प्रतियोगिता से बाहर हो गयी. प्रतियोगिता की आयोजक संस्था झारखंड यंग क्लब, जोगिया के सचिव प्रेम मुर्मू तथा उपसचिव सुकलाल मुर्मू ने बताया कि जोगिया में पिछले 11 वर्षों से लगातार फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है.

# झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के अंदर आउटसोर्स खत्म करने को लेकर जल्द निर्णय होगा : इरफान अंसारी



**रांची, एजेंसी।** आज झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी से प्रोजेक्ट भवन स्थित कार्यालय में मुलाकात की है। और उन्हें ज्ञापन सौपा है। अजय राय ने मंत्री को बताया कि 2017 से निगम के अन्दर आउटसोर्स लागू हुआ है। उन्होंने कहा कि अब तक आउटसोर्स कंपनिया लगभग 80 करोड़ रुपए से ज्यादा कमीशन के रूप में ले चुकी है। वहीं कर्मचारियों का एरियर का भी घोटाला भी उनके द्वारा किया जा रहा है जिसकी उच्चस्तरीय जांच जरूरी है । इस अवसर पर मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि कैबिनेट की होने वाली बैठक में वो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराते हुए इस पर कारवाई की मांग करेंगे। इस अवसर पर विधायक उमाशंकर अकेला और पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव भी मौजूद थीं।

### झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की निम्नलिखित मांग है

होमगार्ड जवानों को जो कि तकनीकि भी नहीं है उनको सरकार द्वारा प्रतिदिन 1100 मानदेय सुनिश्चित किया गया है जबकि ऊर्जा विभाग में सभी तकनीकी कर्मचारी हैं बावजूद इसके बहुत कम मानदेय दिया जा रहा है।

जिस प्रकार पारा शिक्षकों को 60 वर्षों के लिए अनुबंध पर रख लिया गया है एवं बहाली में भी सहायक शिक्षक में 50त्न प्राथमिकता दी जा रही है उसी प्रोविजन के तर्ज पर ऊर्जा विभाग में भी यह नियम लागू कर दिया जाए।

श्रम नियोजन कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा 11मार्च 2024 को संशोधित करते हुये नया नियम लाया गया कि महीने में चार दिन विश्राम के अतिरिक्त 30 एवं 31 दिन का भुगतान सभी विभागों को करना है। शीघ्र अति शीघ्र उक्त तिथि से संवेदकों को इस नियम का पालन करने के लिए वर्तमान आदेश दिया जाए। साथ ही अन्य कंपनियों की भांति ऊर्जा विकास निगम में सवेंदकों के अंतर्गत कार्यरत कर्मियों को भी बोनस का प्रोविजन किया जाए।

वर्ष 2017 से झारखंड सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष समय-समय पर हुई बढ़ोतरी का भुगतान निगम का आदेश निर्गत होने के बावजूद किसी भी संवेदक ने आज तक श्रमिकों को एरियर पूरा नहीं दिया है, निगम के पदाधिकारीयो एवं संवेदकों के मिली भगत से करोड़ों का एरियर घोटाला हुआ है जिसकी एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर जांच की जाए तथा दोषियों पर कार्रवाई करते हुए श्रमिकों को उनका पूरे एरियर का भुगतान कराया जाए।

आने वाली बहाली में वर्ष 2016 एवं वर्ष 2018 की भांती उम्र सीमा में 5 वर्षों का छूट देते हुए कार्य अनुभव का लाभ देकर अंतिम व्यक्ति तक पहले पूर्व से कार्यरत लोगों को बहाल किया जाए। इसके बाद ही नऐ किसी लोगों को रखा जाए। 10 वर्षों से लगातार 2007 से कार्यरत अनुबंधकर्मियों को आपने नियमित किया। इसके लिए संघ आपका आभार व्यक्त करता है,परंतु विभाग में कोई भी मानव दिवस कर्मी उस पॉलिसी से लाभान्वित नहीं हो पाए। अतःआग्रह हैवर्ष 2014 में कराए गए सर्वे के आधार पर 10 वर्षों से लगातार कार्यरत मानव दिवस कर्मियों को भी उमा देवी बनाम कर्नाटक सरकार तथा नरेंद्र तिवारी बनाम झारखंड सरकार के जजमेंट को आधार मानते हुए अनुबंध कर्मियों (1/685)के तर्ज पर सीधी नियुक्ति यथावत उसी पद पर की जाए।

पहले भी इस बात पर संघ के साथ निगम की सहमति बनी थी की जो भी वर्तमान अतिकुशल,कुशल और अकुशल कि श्रेणी में आते हैं को अनुभव के आधार पर जो 5 वर्षों तक, लगातार कार्य कर चुके हैं को उनकी श्रेणी उच्चतर में प्रमोशन कर दी जाएगी, और ऐसा खूंटी के 132/33 केवीजापूत ग्रीड में प्रमोशन दिया भी गया है।कृपया इसे पूरे राज्य में यथाशीघ्र लागू करने हेतु संवेदक को निर्देश दिया जाए। एजेंसी व्यवस्था में श्रमिकों की स्थिति बहुत खराब हो चुकी है इसलिए निवेदन है इसे समाप्त कर पूर्व की मानव दिवस व्यवस्था को लागू कर देना कर्मचारीयों और निगम के हित में होता।

## झारखंड के सभी मंत्री देंगे उत्पाद सिपाही में जान गंवाने वाले परिजनों को 1-1 लाख,

**रांची, एजेंसी।** उत्पाद सिपाही की बहाली के दौरान जान गंवानेवाले 12 अभ्यर्थियों के परिजनों के लिए राज्य के सभी 12 मंत्री एक-एक लाख रुपये देंगे. यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में पत्रकारों को दी. उन्होंने कहा कि एक मंत्री एक अभ्यर्थी के परिजन को राशि देंगे. इस तरह 12 मृतक अभ्यर्थी के परिजनों को एक-एक लाख रुपये मिल जायेंगे.

इसके अलावा मुख्यमंत्री राहत कोष से भी सहायता देने पर विचार किया जा रहा है. बन्ना गुप्ता ने कहा कि अभ्यर्थियों की मौत की वजह कोरोना वैक्सीन है. यह तो लंदन में भी साबित हो गया है कि कोरोना वैक्सीन से हृदय में ब्लड क्लॉट हो जाता है, जो मौत का कारण बनता है. पहले भी यहां जिम में सेलिब्रिटी की मौत हो चुकी है. अभ्यर्थी भी तेज गति से दौड़ने की वजह से मरे हैं, जो कोरोना वैक्सीन का साइड इफेक्ट है.

उत्पाद विभाग में सिपाही की बहाली में दौड़ लगाने के बाद बीमार हुई टांगर निवासी आरती केरकेट्टा (32, पिता-स्व दिलु केरकेट्टा) ने शुक्रवार को रांची स्थित मेदांता अस्पताल में इलाज के क्रम में दम तोड़ दिया. आरती उत्पाद विभाग में सिपाही बहाली के लिए दौड़ में शामिल होने साहिबगंज गयी थी. 31 अगस्त को साहिबगंज के जैप-9 मैदान में उसने अपनी दौड़ समय सीमा के अंदर पूरी कर ली थी. दौड़ पूरी करने के बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गयी थी. उसे इलाज के लिए साहिबगंज के सदर अस्पताल में भर्ती किया गया था. बाद में हालत बिगड़ने पर चार सितंबर को परिजनों ने उसे रांची स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती गया था, जहां शुक्रवार दोपहर 3ः30 बजे उसकी मौत हो गयी. आरती केरकेट्टा विवाहित थी.

# झारखंड के 2 स्टेशन से शुरू होगी वंदे भारत का ट्रायल रन



**जमशेदपुर, एजेंसी।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने बह्मपुर व पटना के लिए होने वाले ट्रायल रन का समय निर्धारित कर दिया है। बह्मपुर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल रन 8 सितंबर को टाटानगर से सुबह 5 बजकर 20 मिनट पर रवाना होगी जो चाईबासा, डांगवापासी, बनासपानी, नयागढ़, केंदुझरगढ़, हरि चंद्रपुर, जखपुरा, कटक, भुवनेश्वर, खोरदा रोड, बालूगांव होते हुए दोपहर ढ़ाई बजे बह्मपुर पहुंचेगी।

जबकि डाउन ट्रेन दोपहर तीन बजे रवाना होकर रात 11 बजकर 55 मिनट पर टाटानगर पहुंचेगी। इधर पटना के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस 10 सितंबर की सुबह साढ़े पांच बजे टाटानगर से रवाना होकर मुरी, बोकारो स्टील सिटी, राजबेड़ा, गोमो, गया होते हुए दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर पटना पहुंचेगी जबकि डाउन ट्रेन दोपहर सवा दो बजे रवाना होकर रात नौ बजकर पांच मिनट पर टाटानगर आएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह टाटानगर स्टेशन से तीन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर देश को समर्पित करेंगे। इनमें टाटा-पटना, टाटा-बरहमपुर और देवघर-बनारस रेल मार्गों पर चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी गोपाल मैदान में आयोजित एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।सात स्तंभों पर टिकी होगी सुरक्षा व्यवस्थाप्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए जमशेदपुर को अभेद्य किले में तब्दील कर दिया गया है।

सोनारी एयरपोर्ट से लेकर टाटानगर स्टेशन और गोपाल मैदान तक सात स्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। सुरक्षा व्यवस्था की कमान एसपीजी, एनएसजी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ और आरएफ के जवान संभालेंगे। एनएसजी के जेब्रा, कोबरा कमांडो, ब्लैक कैट कमांडो और शार्प शूटर तैनात किए गए हैं।सोनारी एयरपोर्ट से लेकर गोपाल मैदान तक पहरासोनारी एयरपोर्ट पर सीआरपीएफ, सीआईएसएफ और एसपीजी के जवानों की तैनाती की गई है। एयरपोर्ट से लेकर गोपाल मैदान तक 400 मीटर के दायरे में एनएसजी के जेब्रा और कोबरा कमांडो तैनात रहेंगे।

गोपाल मैदान की छतों पर एनएसजी के शार्प शूटरों की तैनाती की गई है, जो हर गतिविधि पर पैनी नजर रखेंगे।जनसभा स्थल पर भी चाक-चौबंद सुरक्षाजनसभा स्थल पर भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

## गढ़वा वासियों को खेल क्षेत्र में मिली बड़ी सौगात, जल्द होगा स्टेडियम का निर्माण; मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने रखी आधारशिला

**गढ़वा, एजेंसी।** गढ़वा जिले को खेल के क्षेत्र मे एक बड़ी सौगात मिली है। झारखंड सरकार के खेल मंत्री मिथलेश ठाकुर ने मेराल प्रखंड के अटौला गाँव मे चार करोड़ नौ लाख की लागत से बनने वाली खेल स्टेडियम का शिलान्यास किया है। इसे लेकर गढ़वा वासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है क्योंकि 50 साल पुरानी मांग आज पूरी हो गई है। स्टेडियम की आधारशिला रखने के बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा है कि गढ़वा निरंतर विकास के क्षेत्र मे आगे बढ़ रहा है। अटौला के खेल प्रेमियों की कई सालों से मांग थी कि उनके क्षेत्र में स्टेडियम बने। आज वह मांग पूरी हो गई। यह स्टेडियम सभी सुविधाओं से लैस होगा। गढ़वा मे जिस तरह अंतरराजीय ये स्तर का स्टेडियम का निर्माण किया गया है। उसी तरह इस स्टेडियम का भी निर्माण यहां भी होगा। बहुत जल्द गढ़वा वासियों को यह स्टेडियम समर्पित कर दिया जाएगा।

**50 साल पुरानी है मांग :** आगे मिथिलेश ठाकुर ने कहा है कि झारखंड सरकार लगातार झारखंड की जनता को सौगात देने का काम कर रही है। उसमें एक नया अध्याय जुड़ा है। ये चिर परिचित मांग थी। सारे राजनेता और बड़े बड़े लोग आते थे और वादे करते थे। और चले जाते थे। वोट लेने के बाद कोई सुध लेने वाला नहीं था। ये 50 साल पहले की मांग है। पहले सिर्फ आश्वासन मिलता था। गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड का यह सबसे सुदूरवर्ती गांव है आटौला। यह स्वतंत्रता सेनानियों की धरती है। आज हमलोगों ने यहां शहीद द्वार भी बनाया। ये स्टेडियम लगभग सवा चार करोड़ का बनेगा। सभी सुविधाओं से युक्त होगा। यहां खेल में काफी रुची है लोगों की। गढ़वा मुख्यालय में भी एक अच्छा स्टेडियम नहीं था। गढ़वा में भी हमने 7 करोड़ की लागत से स्टेडियम दिया है और यहां 4 करोड़ की लागत से स्टेडियम का निर्माण होगा।

**हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा गढ़वा :** उन्होंने कहा कि गढ़वा में रोड नाली, बिजली पानी के लिए तरसते थे वो सभी सुविधाएं अब लोगों को मिल रही है। साथ साथ आधारभूत संरचना में भी तेजी से विकास हो रहा है। हर क्षेत्र में मैं कहूंगा चाहे वह खेल हो, पर्यटन हो, शिक्षा हो, कला संस्कृति हो, सिंचाई हो प्रत्येक क्षेत्र में गढ़वा विकास कर रहा है। तेजी से आगे बढ़ रहा है। गढ़वा के माथे पर जो पिछड़ा जिला होने का कलंक था वह अब धुल रहा है। आने वाले दिनों में मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि हमारे मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जिस तरह से अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को लक्ष्य में रखकर काम हो रहे है, जिस तरह के विकास की योजनाएं चलाई जा रही है आने वाले दिनों में गढ़वा पूरे झारखंड ही वहीं बल्कि पूरे देश में सबसे विकसित जिला कहलाएगा।

# शिक्षक ने बच्चियों को दिखाया गंदा वीडियो, अश्लील बातें की; झारखंड के हाई स्कूल में हंगामा

**गोड्डा, एजेंसी।** हाई स्कूल की बच्चियों से शिक्षक द्वारा अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। इससे आक्रोशित अभिभावकों ने शिक्षक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शिक्षक दिवस के दिन ही विद्यालय परिसर में अभिभावकों ने जमकर बवाल काटा। नौबत मारपीट की हो गई थी, लेकिन ऐन वक्त पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने हस्तक्षेप कर आक्रोशित अभिभावकों को शांत कराया और आरोपित शिक्षक के खिलाफ शिक्षा विभाग के अधिकारियों के नाम जनावेदन दिया गया।



मामला महागामा प्रखंड की विश्वासखानी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय संग्रामपुर का है। यहां के आरोपित सहायक अध्यापक अनवारूल होदा के खिलाफ अभिभावकों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

अभिभावकों ने कहा है कि जब तक आरोपित शिक्षक उक्त विद्यालय में रहेगा तब तक वे लोग अपनी बच्चियों को स्कूल नहीं भेजेंगे। इधर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय संग्रामपुर के प्रभारी प्राचार्य उमा शंकर ने अभिभावकों को आश्वस्त किया है कि आरोपित शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को लिख दिया गया है। इसकी सूचना प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मृगेंद्र बायरा को दी गई है।

बताया गया कि गुरुवार को शिक्षक दिवस के दिन ही संग्रामपुर के दर्जनों अभिभावक विद्यालय पहुंचे और आरोपित शिक्षक पर कार्रवाई की मांग पर जमकर बवाल किया। अभिभावकों का आरोप है कि शिक्षक अनवारूल होदा स्कूली बच्चियों के साथ अश्लील बातें करता है और मोबाइल पर आपत्तिजनक वीडियो दिखाता है।

ग्रामीण अमित लाल तांती ने बताया कि विद्यालय में शिक्षक की उक्त हरकत को किसी भी सूरत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस मामले को लेकर महागामा के पूर्व विधायक अशोक भगत ने कहा कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय संग्रामपुर में हुए विवाद की जानकारी मिली है। मामला गंभीर है। आरोपित शिक्षक पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। शिक्षा के नाम पर इस तरह की हरकत समाज को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। आरोपित शिक्षक पर कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा आंदोलन करेगी।

## डीलिस्टिंग की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को 50 हजार पोस्टकार्ड भेजेगा जनजाति सुरक्षा मंच : अशोक मुर्मू

**शिकारीपाड़ा, एजेंसी।** शिकारीपाड़ा कॉलेज मैदान में जन जाति सुरक्षा मंच की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता जन जाति सुरक्षा मंच के प्रखंड संयोजक अशोक मुर्मू ने की. जिसमें मुख्य रूप से मंच का सह संयोजक डॉ राजकिशोर हांसदा, संताल परगना प्रमंडल के सह संयोजक माइकेल मुर्मू, जिला संयोजक संतोष पुजहर शामिल हुए.

बैठक को संबोधित करते सह संयोजक डॉ हांसदा ने संगठन के कार्य व उद्देश्य की जानकारी दी. बताया कि इस मंच के माध्यम से पूरे भारतवर्ष से 50 लाख पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री को भेजा जायेगा और पोस्टकार्ड के माध्यम से यह मांग की जायेगी की जो जनजाति समाज के रीति रिवाजों, प्रथाओं को छोड़कर अन्य मजहब में चला गया है तथा अपने पूजा स्थल जाहेरथान, मांझीथान नही जाते है. उनको जनजाति समाज की सूची से बाहर किया जाये. उन्होंने बताया कि पोस्टकार्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री से निवेदन किया जाएगा कि यथाशीघ्र जनजाति समाज को न्याय दिया जाय तथा उनके अधिकारों को सुरक्षित और संरक्षित किया जाये. उन्होंने बताया कि आने वाले समय में जनजाति सुरक्षा मंच के सदस्यों द्वारा जन जाति समाज को जगाने के लिए गांव गांव भ्रमण कार्यक्रम किया जायेगा.

## हत्यारों की जानकारी देने वालों को सीबीआई देगी 5 लाख रुपये,

**रांची, एजेंसी।** सफायर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र विनय महतो हत्याकांड की जांच सीबीआइ रांची की एसीबी शाखा कर रही है. जांच एजेंसी इस हत्या में शामिल आरोपियों की जानकारी देनेवाले को पांच लाख रुपये का इनाम देगी. वहीं, जानकारी देनेवाले का नाम गुप्त रखा जायेगा. सीबीआइ को ई-मेल या दूरभाष नंबर 0651-2360299 और मोबाइल नंबर 9958756905 पर जानकारी दी जा सकती है.



उल्लेखनीय है कि विनय महतो (13 वर्ष) सफायर इंटरनेशनल स्कूल में सातवीं कक्षा का छात्र था. पांच फरवरी 2016 को स्कूल परिसर में ही उसकी हत्या कर दी गयी थी. पुलिस ने इस मामले में नाजिया हुसैन, उनके पति आरिफ अंसारी, पुत्र व पुत्री सहित अन्य को आरोपी बनाया था. छात्र विनय महतो के पिता मनबहाल महतो अक्तूबर 2017 में बेटे को न्याय दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट गये थे.सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट में अपील करने का आदेश दिया था. इसके बाद मनबहाल महतो ने आठ मार्च 2018 को हाइकोर्ट में पुलिस की जांच पर संदेह व्यक्त करते हुए सीबीआइ जांच के लिए क्रिमिनल रिट दाखिल की थी. इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने सात जुलाई 2022 को सीबीआइ जांच का आदेश दिया था. सीबीआइ की रांची स्थित एसीबी शाखा मामले में 20 जुलाई 2022 को प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान जारी रखे हुए है.

# कैबिनेट की बैठक में 63 एजेंडों को स्वीकृति, अधिवक्ता, जल सहिया, सहायक पुलिसकर्मियों समेत अन्य का मानदेय बढ़ा

**रांची, एजेंसी।** हेमंत सोरेन सरकार ने कल हुए कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ अब 18 साल की उम्र से ही मिलेगा, पहले यह उम्र 21 साल थी। वहीं, 65 साल से अधिक उम्र के अधिवक्ताओं को पेंशन, मेडिक्लेम और बीमा का लाभ दिया जाएगा। इसके अलावा, सहिया, आशा सहिया, साथी और साधन सेवी को प्रोत्साहन राशि देने के प्रस्ताव पर मुहर लग गई है। सहायक पुलिसकर्मियों को अवधि विस्तार देते हुए उनका मानदेय, वर्दी भत्ता, मेडिक्लेम और बीमा राशि में वृद्धि पर सहमति दी गई है।



कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि बैठक में कुल 63 एजेंडों को स्वीकृति दी गई है। मंईयां सम्मान योजना का लाभ देने के लिए निर्धारित उम्र सीमा 21 वर्ष को कम करते हुए 18 वर्ष करने का निर्णय लिया गया है। इस योजना में अब 18 साल से ऊपर की लगभग आठ लाख महिलाएं शामिल होंगी। जिसमें अतिरिक्त खर्च 560 करोड़ को मिला कर कुल 6720 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।

**अधिवक्ताओं को मिलेगा 14,000 रुपये पेंशन :** झारखंड कैबिनेट ने 65 साल से अधिक उम्र के अधिवक्ताओं को पेंशन देने का फैसला किया है। अब उन्हें 14,000 रुपये पेंशन मिलेगी। राज्य सरकार अधिवक्ताओं को पेंशन देने के लिए न्यास को और 7,000 रुपये का भुगतान करेगी। इसके अलावा, झारखंड के नये अधिवक्ताओं का स्टाइपेंड 1,000 रुपये से बढ़ा कर 5,000 रुपये करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही, अधिवक्ताओं का मेडिकल और एक्सिडेंटल इंश्योरेंस के वार्षिक प्रीमियम की समस्त राशि भी राज्य सरकार देगी।

**जल सहिया और सहायक पुलिसकर्मियों के मानदेय बढ़ा :** वहीं, जल सहिया का मानदेय बढ़ा कर 2000 रुपये किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आशा सहिया, साथी और साधन सेवी को अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया गया है। सहिया को मानदेय देने के लिए राज्य सरकार 79.55 करोड़ रुपये खर्च करेगी। साथ ही सहायक पुलिसकर्मियों को एक साल का सेवा विस्तार देने का फैसला किया गया है। उनका मानदेय 10 हजार से बढ़ाकर 13 हजार रुपये करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ उन्हें वार्षिक वर्दी भत्ता के रूप में 4 हजार रुपये सालाना मिलेंगे। एक लाख रुपये का मेडिक्लेम और चार लाख रुपये का दुर्घटना जीवन बीमा किया जायेगा।

**विद्यार्थियों को पोशाक के लिए दी जानेवाली राशि दोगुना :** इसके अलावा, राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़नेवाले नौवीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को पोशाक के लिए दी जानेवाली राशि दोगुना करने के प्रस्ताव पर मंजूरी दी गई है। निजी स्कूलों की छात्राओं को भी सावित्री बाई फूले योजना का लाभ दिया जाएगा। सभी विद्यार्थियों को दो-दो सेट यूनिफॉर्म के लिए 1200 रुपये दिये जायेंगे।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## राजधानी में जघन्य अपराध करने वालों की सोच

राजधानी दिल्ली में बीते कुछ दिनों में बहुत सामान्य बात पर पीट-पीट कर हत्या कर देने की दो घटनाओं ने एक बार फिर यही साबित किया है कि कुछ लोगों के भीतर बातचीत से किसी मसले का हल निकालने का विवेक नहीं बचा है और हिंसा ही उन्हें आखिरी उपाय नजर आता है। दिल्ली के शाहदरा इलाके में गुरुवार को पैसे की लेनदेन को लेकर एक मिस्त्री को बुरी तरह पीट कर मार डाला गया। इससे एक दिन पहले रजौरी गार्डन इलाके में एक ढाबे के मालिकों और उसके कर्मचारियों ने एक ग्राहक की पीट-पीट कर हत्या कर दी। इस तरह के मामले भी अक्सर सुर्खियों में आते हैं, जिनमें सड़क पर वाहन से हल्की टक्कर या फिर आगे निकलने की कोशिश में दो पक्षों में विवाद उभर जाता और उसके बाद मारपीट में किसी की जान चली जाती है। सवाल है कि बहुत सामान्य बातों पर ऐसे जघन्य अपराध तक कर डालने से पहले लोग एक पल के लिए इसके नतीजों के बारे में क्यों नहीं सोच पाते हैं। उनका विवेक काम करना क्यों बंद कर देता है? समय के साथ आधुनिक और सभ्य होते समाज में उम्मीद यही की जाती है कि लोग आपसी व्यवहारों को लेकर संयत और विवेकवान होंगे। मगर यह समझना मुश्किल है कि लोगों के भीतर ऐसी असहिष्णुता और हिंसा कहां से और क्यों पैदा हो रही है कि वे बेहद मामूली बातों पर किसी की इस हद तक पिटाई करते हैं कि उसकी जान चली जाए। जिस तरह की बातों को बातचीत से सुलझा लेना चाहिए, उस पर हिंसक टकराव हो जाता है। आवेश में आकर एक सामान्य नागरिक कुछ ही देर में अपराधी बन जाता है। हालांकि उसके बाद होने वाली कानूनी कार्रवाई में जब हत्या के आरोपियों को अपने अपराध और होने वाली सजा का अंदाजा होता है, तब शायद उन्हें यह अहसास होता होगा कि कुछ पल के लिए अगर उन्होंने शांति से मामले से निपटने की कोशिश की होती, तो न किसी की जान जाती, न उन्हें सजा का सामना करना पड़ता।

## देर रात सड़कों पर गाड़ियां नहीं यमदूत चल रहे हैं

महानगरों की सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि वे हर आदमी को ठिकाना मयस्सर नहीं करा पाते। वहां लोगों को गुजारे का कोई जरिया भले मिल जाए, पर हर किसी को सिर पर छत नसीब नहीं हो पाती। लाखों लोग दिन भर दिहाड़ी करके, रिक्शा-रेहड़ी-ठेला खींच कर या भीख मांग कर किसी तरह गुजारे भर की आमद तो कर लेते हैं, पर रात गुजारने के लिए उन्हें फुटपाथों पर खुले आसमान या उपरिगामी पुलों के नीचे, खाली बंद दुकानों के बाहर कोई जगह तलाशनी पड़ती है।इस तरह इन्हें मौसम की मार तो झेलनी ही पड़ती है, अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के नीचे आकर दम तोड़ देने या अपंग होने का खतरा भी बना रहता है। दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में फुटपाथ पर सो रहे लोगों के ऊपर एक बेकाबू ट्रक के चढ़ जाने की घटना इसकी ताजा कड़ी है। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो को गंभीर स्थिति में भर्ती कराना पड़ा। ऐसे हादसों की खबरें कुछ-कुछ समय पर हर महानगर से मिल जाती हैं। हर घटना के बाद सवाल उठता है कि आखिर इस तरह सड़कों के किनारे, फुटपाथों पर सोने वालों के लिए कोई सुरक्षित इंतजाम क्यों नहीं किया जाता।हालांकि अनियंत्रित वाहनों के सड़कों के बीच की जगहों और फुटपाथों पर चढ़ने से रोकने की गरज से बहुत सारी जगहों पर लोहे की मजबूत बाड़ लगाई जाती है, मगर बहुत सारी जगहों पर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई आदि शहरों में सड़कों पर रात में भी आवाजाही लगी रहती है। रात के वक्त शहरों की सड़कें खासकर माल ढुलाई वाले वाहनों के लिए खोल दी जाती हैं। इसके अलावा, बहुत सारे युवा देर रात को शराब पीकर वाहन दौड़ाना अपनी शान समझते हैं। वाहनों के अनियंत्रित होकर फुटपाथों पर चढ़ जाने की घटनाएं अक्सर शराब के नशे में गाड़ी चलाने की वजह से होती पाई गई हैं।हालांकि दिल्ली में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाती है, इसके बावजूद बहुत सारे वाहन चालकों की मनमानी पर लगाम लगाना कठिन बना हुआ है। देर रात को उनकी मनमानी और बढ़ जाती है। इससे यातायात व्यवस्था पर तो प्रश्नचिह्न लगता ही है, रोजी-रोजगार की तलाश में हर वर्ष लाखों की संख्या में आने वाले लोगों के लिए रहने की व्यवस्था पर भी गंभीरता से विचार की जरूरत रेखांकित होती है।

# उत्तर प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियों से सियासी जमीन तैयार करने की कोशिश

(अजय कुमार)

योगी सरकार ने सबसे पहले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन किया। इसके बाद पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, और सदस्यों की नियुक्ति की गई। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष की भी नियुक्ति की गई है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिली हार के बाद उपचुनाव से पहले संगठन को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। पिछले ढाई वर्षों से लंबित पड़ी राजनैतिक नियुक्तियों का सिलसिला अब प्रदेश में आरंभ हो गया है। इन नियुक्तियों के माध्यम से योगी सरकार बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं को विभिन्न निगम, आयोग, और बोर्ड में चेयरमैन और सदस्य के रूप में नियुक्त करके उन्हें संतुष्ट करने की कोशिश में जुटी हुई है। यह रणनीति सरकार द्वारा सामाजिक समीकरणों को फिर से मजबूत करने की एक महत्वपूर्ण योजना मानी जा रही है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार का दूसरा कार्यकाल 25 मार्च 2022 को आरंभ हुआ था। इसके बाद से ही बीजेपी कार्यकर्ता राजनैतिक नियुक्तियों की प्रतीक्षा कर रहे थे। हालांकि, सरकार और संगठन के बीच तनातनी के कारण आयोग में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, और सदस्यों के नामों पर सहमति नहीं बन पा रही थी। हाल ही में लखनऊ में संघ, सरकार, और संगठन के बीच हुई एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद राजनैतिक नियुक्तियों का यह सिलसिला शुरू किया गया है। योगी सरकार ने सबसे पहले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन किया। इसके बाद पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, और सदस्यों की नियुक्ति की गई। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष की भी नियुक्ति की गई है। यह नियुक्तियां ढाई साल के अंतराल के बाद की गई हैं, जिससे प्रदेश के राजनैतिक समीकरणों को साधने की कवायद की जा रही है। उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष के रूप में सीतापुर के पूर्व सांसद राजेश वर्मा को नियुक्त किया गया है। साथ ही मिर्जापुर के सोहन लाल श्रीमाली

*उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग की कमान कुर्मी समुदाय के नेता को सौंपी है, जबकि अन्य ओबीसी जातियों को उपाध्यक्ष के तौर पर नियुक्त किया गया है, जिसमें पाल समाज को भी अहम स्थान दिया गया है। इसी तरह से आयोग में सदस्यों के रूप में अतिपिछड़ी जातियों को विशेष तवज्जो दी गई है।*

और रामपुर के सूर्य प्रकाश पाल को उपाध्यक्ष नामित किया गया है। इसके अलावा आयोग में 24 अन्य सदस्यों को भी शामिल किया गया है, जिनमें सत्येंद्र कुमार बारी, मेलाराम पवार, फुल बदन कुशवाहा, विनोद यादव, शिव मंगल बयार, अशोक सिंह, ऋचा राजपूत, चिरंजीव चौरसिया, रवींद्र मणि, आरडी सिंह, कुलदीप विश्वकर्मा, लक्ष्मण सिंह, विनोद सिंह, रामशंकर साहू, डॉ. मुरहू राजभर, घनश्याम चौहान, जनार्दन गुप्ता, बाबा बालक, रमेश कश्यप, प्रमोद सैनी, करुणा शंकर पटेल, महेंद्र सिंह राणा और राम कृष्ण सिंह पटेल शामिल हैं। योगी सरकार ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग का भी गठन किया है। बाराबंकी के पूर्व विधायक बैजनाथ रावत को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि गोरखपुर के पूर्व विधायक बेचन राम और सोनभद्र के जीत सिंह खरवार को उपाध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है। इसके अलावा आयोग में 17 अन्य सदस्यों की भी नियुक्ति की गई है, जिनमें हरेंद्र जाटव, महिपाल बाल्मीकि, संजय सिंह, दिनेश भारत, शिव नारायण सोनकर, नीरज गौतम, रमेश कुमार तूफानी, नरेंद्र सिंह खजूरी, तीजाराम, विनय राम, अनिता राम, रमेश चंद्र, मिठाई लाल, उमेश कठेरिया, अजय कोरी, जितेंद्र कुमार, और अनिता कमल शामिल हैं। गोरखपुर यूनिवर्सिटी के समाजशास्त्र विभाग की प्रोफेसर कीर्ति पांडेय को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग में लंबित पदों पर भर्ती की प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है। उपचुनाव से पहले योगी सरकार ने इन राजनैतिक नियुक्तियों के माध्यम से सियासी समीकरणों को साधने की कोशिश शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग की कमान कुर्मी समुदाय के नेता को सौंपी है, जबकि अन्य ओबीसी जातियों को उपाध्यक्ष के तौर पर नियुक्त किया गया है, जिसमें पाल समाज को भी अहम स्थान दिया गया है। इसी तरह से आयोग में सदस्यों के रूप में अतिपिछड़ी जातियों को विशेष तवज्जो दी गई है। अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग की कमान पासी समुदाय के नेता को सौंपी गई है, जबकि उपाध्यक्ष के पद पर खरवार समाज को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा दलित समाज की अन्य जातियों के नेताओं को भी स्थान दिया गया है। शिक्षा सेवा चयन आयोग की कमान ब्राह्मण समाज से आने वाली कीर्ति पांडेय को दी गई है, जो सामाजिक समीकरणों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव बीजेपी के लिए काफी अहम हैं, खासतौर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिष्ठा से जुड़े हुए हैं। लोकसभा चुनाव में बीजेपी को उत्तर प्रदेश की 80 में से सिर्फ 33 सीटें ही मिली हैं, जबकि 2019 में जीती हुई 29 सीटों का नुकसान हुआ है। प्रदेश में मिली इस हार ने बीजेपी को हिला कर रख दिया है, जिसके चलते उपचुनाव को लेकर विशेष सावधानी बरती जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने खुद मोर्चा संभालते हुए उपचुनाव वाली सीटों पर प्रचार के साथ-साथ संगठन को मजबूत करने की कवायद शुरू की है। इसके लिए उन्होंने नाराज कार्यकर्ताओं और नेताओं को मनाने का काम भी शुरू कर दिया है, जिसके तहत राजनैतिक नियुक्तियों का यह सिलसिला शुरू हुआ है। पार्टी के बड़े नेताओं को विधानसभा और लोकसभा के चुनाव लड़ने का अवसर मिलता है, जबकि कार्यकर्ताओं को सत्ता में आने पर राजनैतिक नियुक्तियां मिलने की आस रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने अब नियुक्तियों का सिलसिला शुरू करके कार्यकर्ताओं की नाराजगी को दूर करने का प्रयास किया है। हालांकि, अभी भी कई महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां नहीं की गई हैं। राज्य खाद्य आयोग में अध्यक्ष के अलावा पांच सदस्यों का कार्यकाल 2022 की शुरुआत में खत्म हो चुका है। राज्य महिला आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, और 25 सदस्यों के पद भी खाली पड़े हैं। इसके अलावा प्रदेश के 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका, और 546 नगर पंचायतों में मनोनीत पार्षदों और सदस्यों की नियुक्तियां होनी हैं, जो 2022 से खाली हैं। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पूर्व सैनिक कल्याण निगम, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, उत्तर प्रदेश किन्नर विकास निगम, सिंधी अकादमी, पंजाबी अकादमी, और उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम में भी नियुक्तियां अभी लंबित हैं।

# काल बनने लगे आवारा पशु और आदमखोर भेड़िए

(रमेश ठाकुर, स्वतंत्र पत्रकार)

भेड़िए का मानव रक्त पीना पहेली जैसा है। वनों के आसपास के गांवों में भेड़ियों के हमले की छिटपुट घटनाएं पूर्व में भी कई बार सुनने में आई, पर भेड़िए इतने खतरनाक और खूनी होते हैं, यह पहली बार लोगों ने जाना। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के बाशिंदे पिछले कुछ समय से आदमखोर भेड़ियों के चलते दहशत में हैं। करीब चार भेड़िए काफी मशक्कत के बाद पकड़े गए हैं। हालांकि, प्रशासन की ओर से कहा गया है कि सभी आदमखोर भेड़ियों को पकड़ लिया गया है, पर 30 अगस्त को तड़के एक भेड़िया फिर ग्रामीणों को दिखा। उसके बाद स्थानीय लोगों ने हंगामा काटना शुरू किया, तो मजबूरन प्रशासन को 'ऑपरेशन भेड़िया' फिर से तेज करना पड़ा है। बहराइच के करीब 30-35 गांवों में पिछले करीब दो महीने से इंसानी खून के प्यासे कुछ भेड़ियों ने ऐसा आतंक मचाया है कि लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हैं। सरकारी दावे के मुताबिक, आठ बच्चों समेत नौ लोग अब तक इन भेड़ियों के शिकार बन चुके हैं, जबकि तीन दर्जन से अधिक ग्रामीणों के उनके हमलों में घायल होने की सूचना है। इन ग्रामीण इलाकों के लोग पूरी-पूरी रात जागकर बिता रहे हैं, क्योंकि भेड़ियों के हमले अलग-अलग इलाकों में दर्ज किए गए हैं। यह सचमुच चिंता की बात है। इन घटनाओं ने एक बार फिर हमारी प्राथमिकताओं की ओर ध्यान खींचा है। एक तरफ तो हम अंतरिक्ष अध्ययन के क्षेत्र में दुनिया के दिग्गज देशों को अपनी वैज्ञानिक प्रगति से पछाड़ रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर 40-42 किलो वजन के चंद हिंसक भेड़िए हमारी पकड़ में नहीं आ पा रहे। गौर कीजिए, इन आदमखोर भेड़ियों को काबू में करने के लिए गुजरात और मध्य प्रदेश से विशेषज्ञ बुलाए गए थे। उनकी दर्जन भर टीमों ने इन हिंसक जीवों को पकड़ने के लिए खूब खाक छानी। कहा जाता है कि भेड़िए कभी भी अकेले नहीं चलते, उन्हें झुंड में रहना या झुंड में शिकार करना पसंद है। फिर भी उनकी धर-पकड़ मुश्किल बनी हुई है। इन पर निर्णायक नियंत्रण के लिए अब शासन स्तर से थाइलैंड के विशेषज्ञों से संपर्क साधा गया है। भारत में हिंसक जंगली जीवों के हमले का लंबा-चौड़ा इतिहास रहा है। हिन्दुस्तान के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग जानवर आतंक मचाते रहे हैं। जैसे, छत्तीसगढ़ में हाथियों के हमले में 2019 से 2023 के बीच 499 लोग मारे जा चुके हैं। तराई के इलाकों में आदमखोर शेरों ने पिछले चार वर्षों में 540 लोगों को अपना शिकार बनाया है। झारखंड में बागड़बिल्लों, असम में बाघों का आतंक हमेशा से रहता है। पहाड़ी इलाकों में खुराफाती बंदरों और मैदानी इलाकों में आवारा पशुओं के चलते भी सैकड़ों लोग हर साल अपनी जान गंवाते हैं। बीते तीन वर्षों में समूचे हिन्दुस्तान में जंगली जानवरों के हमलों और आवारा पशुओं के चलते करीब 4,800 लोगों की जान चली गई। यह आंकड़ा साल-दर-साल घटता-बढ़ता रहा है। कुछ जंगली जानवरों के हमले के कारण होने वाले नुकसान की भरपायी के लिए राज्यों की हुकूमतों ने मुआवजा देने का प्रावधान किया है। उदाहरण के तौर पर, उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र में, यानी नेपाल से सटे इलाकों में शेरों के बढ़ते आक्रमण के बाद राज्य सरकार ने चार से पांच लाख रुपये बतौर मुआवजा देना आरंभ किया है, लेकिन कोई भी मुआवजा इंसानी जान का विकल्प नहीं हो सकता। इसलिए सरकार को इस समस्या के निदान के लिए कोई कारगर विधि अपनानी होगी। घटनाएं चूंकि अब गंभीर रूप लेने लगी हैं और इनके कारण लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है, इसलिए विज्ञान व आधुनिक तकनीक की मदद से इस पहेली को सुलझाने की जरूरत है। यह अध्ययन का विषय है कि आखिर ये भेड़िए इतने हिंसक क्यों हुए? क्या पर्यावरण में हो रहे बदलाव की वजह से भी इन जीवों का व्यवहार बदल रहा है? जाहिर है, जानवरों की बदलती प्रकृति के प्रति हमें संवेदनशील होना पड़ेगा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5485

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 7 | 4 | | | |
| | 1 | | | | | 4 | | |
| 6 | 7 | | 9 | | 5 | | | |
| | 8 | | 2 | | 6 | | | |
| | 6 | | 8 | 4 | 7 | | 2 | |
| | | | 5 | | 1 | | 8 | |
| | | | 7 | | 8 | | 9 | 2 |
| | | 6 | | | | | 1 | |
| | | | 4 | 1 | | | 5 | 8 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5484

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 3 | 8 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 | 7 | 8 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 |

# आज का राशिफल

### मेष

आज कारोबार में धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आपको धन के मामले में लाभ होगा और कारोबार में किस्मत का साथ मिलेगा। दिन आपके लिए मान प्रतिष्ठा में वृद्धि करने वाला और उत्तम प्रकार का धन संपत्तिदायक है। आपके लिए चंद्रमा सुख शांति देने वाला है और आपको व्यवसाय के क्षेत्र में नए सहयोगी मिलेंगे।

### वृष

आज आपका पूरा दिन काफी बिजी रहेगा और दिन भर भागदौड़ करते रहेंगे। आपका भौतिक और सांसारिक दृष्टिकोण आज के दिन कुछ बदल सकता है। सावधानीपूर्वक हर काम को करें तो आपको लाभ होगा। आपका आत्मसम्मान बढ़ेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से मन काफी प्रसन्न होगा। आपके लिए लाभ और संपत्ति प्राप्ति का दिन है।

### मिथुन

आज आपको हर मामले में विजय प्राप्त होगी। दिन कामकाज को सुधारने में विशेष योगदान दे रहा है। किसी विशेषज्ञ की सलाह आपके लिए आगे चलकर उपयोगी सिद्ध होगी। आपके मौज मस्ती के दिन आने वाले हैं। आपके घर में कोई आपकी बातों को सुनने के बाद आपकी मदद करेगा।

### तुला

आज कार्य पूर्ण होने से आपको धन संपत्ति की प्राप्ति होगी। आपका दिन आनंद में बीतेगा और रुकी हुई योजनाएं फिर से आरंभ होने से खुशी होगी। सेहत को लेकर सावधान रहें। अतिथि और मेहमान भी कुछ लंबा पड़ाव डाल सकते हैं और आपको काफी खुशी का अनुभव होगा। धन समृद्धि के मामले में दिन आपके लिए लाभ से भरा होगा।

### वृश्चिक

आज करियर में लाभ और सफलता से भरा दिन होगा और आपको हर मामले में भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी या कारोबार में आप बेहतर होगा कि चुप रहकर काम करें तो आपके कार्य पूर्ण होंगे। बहस और टकराव से बचें और किसी बात पर आपस में झगड़ा करने से बचें। परिवार के लोगों के साथ आपका कोई आउटिंग का प्लान बन सकता है।

### धनु

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। इसमें आपको पहले कुछ खर्च भी करना पड़ सकता है और आपको कहीं से ऑफिस का या फिर कारोबार से जुड़ा हर्षवर्धक समाचार मिलेगा और पूरा दिन खुशी और आनंद में बीतेगा। बहुत समय से रुके हुए किसी कार्य को बनाने की चेष्टा करेंगे तो आपको लाभ होगा। आपके धन और सम्मान में वृद्धि होगी।

### कर्क

आज धन में वृद्धि का है और आपको अकस्मात बड़ी मात्रा में पैसा मिलने से हर्ष होगा और आपका पूरा दिन समस्याओं का समाधान करने में बीतेगा। कोशिश करेंगे तो आपको कोई स्थायी सफलता मिल सकती है और आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं। कारोबार में आपको अच्छा मुनाफा हासिल होगा और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

### सिंह

आज आपके सभी कार्य बिना किसी बाधा के संपन्न होंगे। आपके घर में किसी प्रकार के मांगलिक कार्य की चर्चा हो सकती है और आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। धार्मिक कार्य में रुचि और निकट की यात्रा भी संभव है। रात का कुछ समय परिवार के साथ बिताएं तो अच्छा रहेगा।

### कन्या

आज दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और आपको अपने कारोबार पर ध्यान देने की जरूरत है। आपका दिन कुछ अधिक व्यस्तता का संकेत दे रहा है और आपकी करियर से जुड़ी योजनाएं पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। दोपहर तक आप अपना बिखरा हुआ कारोबार सही तरीके से समेट लें।

### मकर

आज दिन भाग्यशाली है। आपके सोचे गए सभी कार्य पूर्ण होंगे और कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा। दिन आनन्द में बीतेगा और आपके सौंदर्य में वृद्धि होने से मन प्रसन्न होगा। किसी निकट मित्र की सलाह और सहयोग से आप अपने बिगड़े काम ठीक कर सकते हैं, आपको कारोबाार में नवीन योजनाओं को लागू करने पर भाग्य का साथ मिलेगा।

### कुंभ

आज प्रबल से प्रबल विरोधियों के होने पर भी अन्त में आपकी हर मामले में जीत होगी और आपके जीवन में चैन और सुकून बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको आगे बढ़ने के लिए कुछ नए कार्य करने पड़ सकते हैं और थोड़े बहुत जोखिम भी लेने पड़ सकते हैं। आपका दिन सफलता से भरा होगा और कारोबार में मनचाही सफलता हासिल होने से आपको खुशी होगी।

### मीन

आज करियर में भाग्य वृद्धि के योग बन रहे हैं। हर मामले में सफलता मिलेगी और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। व्यावसायिक स्थान परिवर्तन आपके करियर के लिए अच्छा मोड़ साबित हो सकता है। कारोबार में लाभ होगा और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। व्यापार में निकटवर्ती सहयोगी के प्रति सच्ची निष्ठा और सुमधुर वाणी रखने से आप लोगों का दिल जीत सकते हैं।

## वर्ग पहेली 5485

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | | 9 | |
| 10 | | | ■ | ■ | 11 | | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 | 15 |
| | ■ | 16 | | ■ | 17 | | |
| ■ | 18 | | | ■ | | ■ | |
| 19 | | ■ | 20 | | ■ | 21 | |
| | ■ | 22 | | ■ | 23 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1982 को भारत की सबसे बड़ी बहुउद्देशीय यह नदी घाटी परियोगजना राष्ट्र को समर्पित की (6)
7. केशलता, बालों का गुच्छा जो गाल पर लटके (2)
8. आढ़त, कमीशन, दलाली (5)
10. स्थानीय (अंग्रेजी) (3)
11. घड़ियाल, नकरा का अपभ्रंश (2)
12. चैत्र माह का प्रसिद्ध अन्न (2)
13. 332 द्वीपों वाले इस देश की राजधानी सुवा है (2)
14. वचन, इकरार, प्रतिज्ञा (2)
16. नायक (अंग्रेजी)(2)
17. उत्कृष्ट, नितांत अंतिम, छोरस्थ (3)
18. भास्कर, दिनपति, सूर्य (3)
19. पसंद आना, फबना, शोभित होना (2)
20. ग्राम, देहात (2)
21. राजद्रोही, बगावत करने वाला (2)
22. सुगंधित, रूचिकर, सुवासित (2)
23. अमात्य, शतरंज की एक मोहर (3)

**ऊपर से नीचे**

1. मस्तक में तीसरा नेत्र होने के कारण भगवान शंकर का एक नाम (5)
2. खटका होना, चुभना, खलना (4)
3. चौड़े मुंह का गोल पेंदे वाला पात्र जो मिट्टी आदि का बना होता है (2)
4. गरदन, ग्रीवा, बहुत अधिक पका हुआ (2)
5. प्यार बालक, दुलारा लड़का (3)
6. कीमत, दाम, कर, महसूल (2)
9. सप्ताह के दिनों में से एक (4)
13. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता व पत्रकार जो लोकसभा के सदस्य भी रहे (निधन 8 सितंबर 1960) (5)
15. आंचल या पल्ला पकड़ने वाला (5)
16. पंजाब कीप्रसिद्ध प्रेमकथ की नायिका (2)
17. पंख, डैना (2)
18. निर्जन, वीराना, जनहीन, एकांत (2)
19. उबला हुआ चावल (2)
21. शर्त, दांव, शौकीन होने का भाव (2)

### वर्ग पहेली 5484 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हे | ल | न | ■ | गु | डा | के | श |
| म | त | ल | बी | ■ | ल | ला | ट |
| ल | ■ | से | ■ | प | ना | ■ | ल |
| ता | ■ | तु | ल | सी | ■ | ■ | कॉ |
| ■ | शू | ■ | ता | ज | ■ | श | क |
| द | र्प | ण | ■ | ना | दि | रा | ■ |
| र | ण | ■ | दा | ■ | ल | फ | ड़ा |
| स | खा | ■ | दू | ब | ■ | त | ■ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## न्यूज बाइट्स

### धूमधाम से मनाया गया गणिनाथ पूजा महोत्सव

**काराकाट (रोहतास) (नि.सं.)।** नगर पंचायत गोरई में गणिनाथ पूजा महोत्सव का धूमधाम से किया गया आयोजन। बताते चले कि हलुवाई समाज का प्रसिद्ध यह गणिनाथ पूजा प्रत्येक वर्ष भाद्रपद महीने में मनाया जाता है जहां समाज के सभी वर्ग के लोगों का सहयोग एवं श्रद्धा देखा जाता है। शनिवार को इसी क्रम में नगर पंचायत गोरारी में दुर्गा स्थान के पास गणिनाथ पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया जहां पर महाप्रसाद का वितरण हुआ एवं पूजा पाठ के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के अलावे आसपास के हलुवाई समाज एवं अन्य वर्ग के पुरुष महिला समान रूप से शामिल हुए और एक मेले का रूप दिखाई दिया।

### धूम धाम से मनाई भगवान श्रीकृष्ण की बरही

**दावथ (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रखंड मुख्यालय से नजदीक स्थानीय दावथ गांव में श्रीराम जानकी मंदिर दावथ में शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण की बरही धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान दोपहर तक हवन-पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया और दोपहर बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। राम जानकी मंदिर समिति की ओर से 27 अगस्त से ही यहां पर भगवान का संकीर्तन, मंगलगीत और सोहर आदि का कार्यक्रम लगातार चल रहा था। शनिवार को बरही के अवसर पर हवन, पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

### विद्युत धारा प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक की मौत

**नोखा (रोहतास) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के सोतवा गांव में विद्युत धारा प्रवाहित तार की चपेट में आने एक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सोतवा गांव निवासी नंदलाल राम के रूप में की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया है। घटना शनिवार की बताई जा रही है। गांव में बिजली मिस्त्री का काम कर जीविकोपार्जन करने वाले नंदलाला राम की मौत विद्युत धारा प्रवाहित तार की चपेट में आने से होने के बाद गांव में और परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम केलिए सासाराम भेज दिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि अभी तक से थाने में आवेदन नहीं दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बाइक और ट्रैक्टर के बीच टक्कर में दो घायल

**नोखा (रोहतास) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पास बाइक और ट्रैक्टर के बीच टक्कर में दो घायल हो गए। दोनों घायल पति-पत्नी बताया जा रहे हैं। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि शनिवार की दोपहर में ट्रैक्टर एक बाइक सवार में टक्कर मार दी। जिन्हें बाइक दो घायल हो गए। दोनों घायल को112 नंबर की पुलिस गाड़ी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया और ट्रैक्टर चालक को हीरासत में ले कर पुलिस को सौंप दिया। दोनों घायलों की पहचान दरीगांव गांव। निवासी सत्येंद्र कुमार और उनकी पत्नी ज्योति कुमारी बताई जा रहे हैं।

### कस्तूरबा विद्यालय मे छात्रा की तबियत बिगड़ हुई बेहोश

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)।** बीती रात करस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय भागीरथा नरवर की छात्रा की देर रात तबियत बिगड़ने से बेहोश हो गई। घटना के बाद विद्यालय मे अफरा तफरी मच गई। विद्यालय मे तैनात वार्ड इंचार्ज के द्वारा इलाज के लिए बेहोशी की हालत मे छात्रा को उपचार के लिए कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां रात्रि में रोस्टर के अनुसार तैनात डॉक्टर विकास कुमार गायब रहे। इस दौरान छात्र की स्थिति बिगड़ती जा रही थी। इसके बाद इसकी सूचना पर पहुंचे पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर तुषार कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची को सासाराम रेफर कर दिया। हालांकि वहां भी स्थिति बिगड़ने के बाद चिकित्सकों ने पटना रेफर कर दिया है।

# केंद्रीय सहायता समिति के सभापति समेत सदस्यों को डीएम ने जिले में चल रहे विकास कार्यों से कराया अवगत

निज संवाददाता | (सासाराम) रोहतास



बिहार विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति के स्थल अध्ययन यात्रा के दूसरे दिन शनिवार को सर्किट हाउस में सभापति मो. नेहालुद्दीन की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई। इस बैठक में जिलाधिकारी नवीन कुमार, अपर समाहर्ता चंद्रशेखर प्रसाद सिंह सहित समिति के आठ सदस्य और सभी विभागों एवं शाखाओं के पदाधिकारीगण मौजूद थे। पर्यटन को लेकर जिलाधिकारी नवीन कुमार ने समिति के सभापति एवं अन्य सदस्यों को जिले में चल रहे विकास कार्यों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि यह जिला पर्यटन के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण है। यहां रोहतासगढ़ किला, गुप्ता धाम, मंझार कुंड सहित अन्य पर्यटन स्थलों के सम्पूर्ण विकास को लेकर प्रस्ताव बनाकर पटना भेजा गया है। इस बाबत पर्यटन विभाग की एक टीम ने भी सभी पर्यटन स्थलों का दौरा कर जायजा लिया है। उम्मीद है जल्द ही इस दिशा में सकारात्मक खबर मिलेगी और रोहतास के पर्यटन स्थलों का कायाकल्प देखने को मिलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि रोहतास जिले में ज्यादातर पर्यटन स्थल जंगल के अंदर हैं और वहां की जमीन वन प्रमंडल के अंतर्गत आता है। उन्होंने समिति को बताया कि लगभग 100 एकड़ की जमीन जंगल के अंदर या फिर जंगल के किनारे बिहार सरकार की है।जिलाधिकारी ने बताया कि वे रोहतासगढ़ किला, गुप्ता धाम आदि पर्यटन स्थलों के पास की वन प्रमंडल की जमीन से बिहार सरकार की वन के अंदर या वन के किनारे वाली जमीन से साझा करने की बात चल रही है। इस पर जल्द ही सहमति बनने की उम्मीद है।उन्होंने समिति को अवगत करवाया कि शहर के अंदर सलीम शाह मकबरे एवं तालाब का जीर्णोधार किया गया है और वहां से अतिक्रमण हटाया गया है। यह लगभग 29 एकड़ में बना हुआ है। इसके चारों तरफ बाउंड्री की जा रही है। अगले महीने में इसे पूर्ण कर लिया जाएगा। बिहार विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति की बैठक में सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित अध्ययन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

# नदी में डूबने से हुई मौत, मृतक के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल

» मौत की खबर सुनते ही मृतक के परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। वही परिवार के लोगों ने बताया कि मृतक की पत्नी तीज का पर्व की है और पति की लंबी आयु के लिए वह व्रत रखी थी।

निज संवाददाता | नवादा

पति की दीर्घायु के लिए पत्नी ने तीज का व्रत किया था। पूजा की तैयारी में लगी थी और पति के आने का इंतजार कर रही थी। उसे क्या पता था कि उसके पति का आज अंतिम दिन था। इधर पत्नी पति की प्रतीक्षा कर रही थी तो नदी पार करने के दौरान पति की डूबने से मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। नगर थाना क्षेत्र के सिसवां नदी गांव के पास का है। मृतक की पहचान 42 वर्षीय डिंगल मांझी के रूप में की गई है। नदी पार करने के क्रम में अचानक नदी में डूबने से मांझी की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार के लोगों के द्वारा तुरंत नदी से बाहर निकाल युवक इलाज के लिए सदरक्षअस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मौत की खबर सुनते ही मृतक के परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। वही परिवार के लोगों ने बताया कि मृतक की पत्नी तीज का पर्व की है और पति की लंबी आयु के लिए वह व्रत रखी थी। पूजा करने जा रही थी कि उससे पहले ही पति नदी में डूब गए। इसके बाद परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। मौत की खबर सुनते ही परिवार के लोगों की भीड़ सदर अस्पताल में उमड़ पड़ी।

# वारिसलीगंज में हुआ अनुमण्डलीय अस्पताल भवन का उद्घाटन

वारिसलीगंज | (नवादा)।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा माननीय मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार जगत प्रसाद नड्डा के द्वारा संयुक्त रूप से पूरे बिहार में कुल 299.16 करोड़ की लागत से तैयार होने वाले 82 स्वास्थ्य से संबंधित संरचनाओं का शिलान्यास तथा 550.7 करोड़ की लागत से 304 स्वास्थ्य विभाग से संबंधित संरचनाओं का लोकार्पण किया गया। वारिसलीगंज प्रखंड में 06 करोड़ रूपये की लागत से तैयार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं अनुमंडलीय अस्पताल का उद्घाटन नवादा सांसद विवेक ठाकुर एवं विधान पार्षद अशोक यादव ने किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा की केंद्र एवं राज्य सरकार आम लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिये पूरी प्रतिवधता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा की अस्पताल में सभी चिकत्सकीय सुविधा उपलब्ध होगी एवं लोगों की सुविधाओं का ख्याल रखा जायेगा। कार्यक्रम में विधायिका नवादा विभा देवी, विधायक रजौली प्रकाशवीर, विधायिका वारिसलीगंज अरूणा देवी, एमएलसी अशोक यादव, सिविल सर्जन नवादा नीता अग्रवाल, उप विकास आयुक्त नवादा प्रियंका रानी, अपर समाहर्त्ता नवादा चन्द्रशेखर आजाद, गोपनीय प्रभारी राजीव कुमार, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार, एम एल सी अशोक कुमार, विधायक अरुणा जिला परिषद अंजनी सिंह, मुखिया प्रतिनिधि रतन सिंह, नगर अध्यक्ष रेखा देवी के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

# मतदान केंद्रों के युक्तिकरण को ले डीएम ने जनप्रतिनिधियों संग की बैठक

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)



मतदान केंद्रों के युक्तिकरण को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित न्यू मीटिंग हॉल में बैठक आहूत की गई है। इस बैठक में सांसद, विधायक, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधि, अपर समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मौजूद थें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा शनिवार को मतदान केंद्रों के प्रारूप सूची प्रकाशित कर दी गई है। उक्त प्रारूप सूची को लेकर दावा या आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 17 सितंबर निर्धारित की गई है। इस दौरान जो भी दावा या आपत्ति आएगी, उसे निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के द्वारा 25.9.2024 तक निष्पादन कर लिया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ राजनीतिक दलों की अगली बैठक 26 से 28 सितंबर, 2024 तक होगी। ज्ञात हो कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के संबंध में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण का निर्देश दिया गया था।इस निर्देश के उपरांत मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया गया। तत्पश्चात मतदान केंद्रों का युक्तिकरण किया गया है। वैसे मतदान केंद्र जहां 1400 से अधिक मतदाता हैं, उन जगहों पर वहीं दूसरे उपलब्ध कमरे में या वहीं परिसर में या फिर अन्य पोलिंग स्टेशन पर नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं। ऐसे नए मतदान केंद्रों की कुल संख्या 85 हैं। वैसे मतदान केंद्र जो जर्जर स्थिति में है, उनका स्थान परिवर्तन किया गया है। नए स्थान परिवर्तित किए गए केंद्र मतदान केंद्रों की संख्या कुल 17 है। जिन मतदान केंद्रों के नाम में परिवर्तन किया गया है उसकी कुल संख्या 10 है। सम्पूर्ण जिले में कुल 14 चलंत मतदान केंद्र हैं।

# कागजात नहीं होने पर रैयत के नाम नहीं चढ़ेगा भूमि

निज संवाददाता | राजपुर (रोहतास)

अंचल अंतर्गत भूमि सर्वे का काम जोर शोर से चालू है। भूमि सर्वे कार्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों भू स्वामियों की भीड़ जमा हो रही है। कार्यालय पहुंचने वाले लोग अपने परेशानियां को समझने की कोशिश में लगे हैं। भूमि सर्वे के उपरांत जमीन को अपने नाम कराने के लिए आवेदक तेजी से अपने मौजा में सर्वे कार्य के लिए नियुक्त पदाधिकारी के समक्ष आवेदन जमा दे रहे हैं। आवेदकों की समस्याओं को ले सर्वे पदाधिकारी उदित कुमार ने बताया कि जितना जल्दी हो सके सभी रैयत अपने भूमि कागजात के साथ आवेदन सम्बंधित मौजा के पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें। जिससे आगे की कारवाई को सुनिश्चित किया जा सके। रैयतों के समक्ष आ रहे समस्याओं को ले सर्वे पदाधिकारी ने बताया कि अगर किसी रैयत के पास जमीन के कागजात है, लेकिन दखल कब्जा नहीं है तो सर्वे रिपोर्ट में इस बात का जिक्र करते हुए उक्त भूमि आवेदक रैयत के खाते में दर्ज किया जाएगा। किसी भूमि के समबन्ध में अगर मामला कोर्ट में चल रहा है, तो उसे आवेदक रैयत के खाते में नहीं अंकित किया जाएगा। अगर कोई भू स्वामी अपने पूर्वज के खाते में दर्ज भूमि को किसी के रैयत साथ बदलैन किया हुआ है तो ऐसे मामलों में दोनों रैयतों के सहमति से पंचनामा के कागजात मान्य होंगे। अगर कोई भूमि रैयत के खतियान एवं रजिस्टर टू में दर्ज है और उक्त भूमि ऑन लाइन नहीं हुआ है तो भी उक्त भूमि आवेदक रैयत के खाते में दर्ज की जाएगी। पूर्वज रैयतों के नाम वाले भूमि को नए वंशावली वाले रैयतो के लिए पूर्वज के मृत्यु प्रमाण पत्र की बाध्यता नहीं है।

# विद्युत की चपेट में आने से बिजली मिस्त्री की मौत

निज संवाददाता | नोखा (रोहतास)



थाना क्षेत्र के सोतवा गांव में विद्युत धारा प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि शनिवार को गांव मे जीविकोपार्जन के लिए बिजली मिस्त्री का काम करने वाले सोतवा गांव निवासी नंदलाल राम की विद्युत धारा प्रवाहित तार की चपेट में आने से गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लाया गया। जहां पर की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजय प्रताप द्वार मृत घोषित कर दिया गया। जिसके बाद इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जिसे जीविकोपार्जन का साधन बनाया वही मौत के कारण बना। घटना पर सोतवा गांव निवासी बिडीसी अजय पाल, पूर्व जिला पार्षद सदस्य रवि शकर सिंह ने मृतक के परिजनों को ढाढस दिलाई। मृतक के परिजनों को जिनको जीविकोपार्जन के लिए मुआवजा दिलाने की मांग की है। मौत की सूचना पर पत्नी सुनीता देवी का बुरा हाल है। तीन बेटी एव एक मात्र पुत्र है। दो बेटी की शादी कर चुके है। एक पुत्री का शादी करनी बाकी है। गांव में सूचना मिलने के बाद गांव कोहराम मच गया।

# रंगदारी मांगने के आरोप में पूर्व सभापति समेत अन्य तीन पर दर्ज हुई प्राथमिकी

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)




नगर परिषद बिक्रमगंज के सभापति मनोरंजन सिंह ने पूर्व सभापति रबनवाज खान उर्फ राजू समेत अन्य तीन लोग भाई नफीस नवाज खान उर्फ टिंकू खान दोनो पिता शहनवाज खान, पुत्र मोहम्मद अकील नवाज पिता रबनवाज खान उर्फ राजू एव असगर हुसैन उर्फ असगर नेता पिता हैदर मिया पर रंगदारी मांगने के आरोप में स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में रंगदारी मांगने, चरित्र हनन करने आदि का आरोप लगाया गया है। उधर पूर्व सभापति के पत्नी पूर्व वार्ड पार्षद तनवीर बेगम ने नगर सभापति द्वारा दर्ज कराए गए प्राथमिकी में को झूठ का प्रतीक बताते आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि मुझे न्यायपालिका पर पूर्ण विश्वास है कि न्याय मुझे मिलेगा और जनहित का आवाज उठाने वाले पर दबिश बनाकर राजनीतिक रूप से कमजोर करने की साजिश रचने वाले धराशाही होंगे।पूर्व सभापति की पत्नी पूर्व वार्ड पार्षद तनवीर बेगम ने रोहतास के पुलिस कप्तान को पत्र भेजकर मामले की उच्च स्तरीय जांच कर न्याय संगत करवाई करने का आग्रह किया है।

# करगहर के पूर्व विधायक ने बसपा के दर्जनों युवाओं को जदयू किया शामिलं

निज संवाददाता | करगर (रोहतास)



जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव सह करगहर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विम का संचालन जदयू नेता संजय सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में समाजसेवी युवा नीतीश कुमार पटेल बहुजन समाज पार्टी का सदस्यता छोड़कर करीब दो दर्जन युवाओं के साथ शनिवार को जदयू मे शामिल हुए। पूर्व विधायक बशिष्ठ सिंह ने शामिल हुए युवा नेताओं को अंग वस्त्र और माला देखकर सम्मानित किया। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रदेश में जदयू ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गो को मान-सम्मान और उनके विकास का काम करती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी से प्रभावित होकर आज युवा लोग जदयू से जुड़ रहे है। वर्तमान में राज्य सरकार के द्वारा युवाओं के लिए कई सारे स्किम चलाए जा रहे है। उच्च शिक्षा के पठन पाठन हेतु सरकार युवाओं को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत 4 लाख दे रही है। इसके साथ ही युवाओं को रोजगार करने के लिए उद्यमी योजना अंतर्गत 10 लाख तक का लोन दे रही है जिससे युवा आगे बढ़ सके। इसके साथ ही जदयू में न कोई परिवारवाद है और यहां न इसे बढ़ावा दिया जाता है। जिससे आज के युवाओं का जदयू पर विश्वास बढ़ा है। इस मौके पर तेजनारायण पटेल, आदित्य कुमार, शिवजी कुमार, संजय सिंह, नीरज सिंह, बच्चा सिंह, चुनचुन सिंह, प्रिंस कुमार, सीपू कुमार, विकाश कुमार, बंटी कुमार, मंटू कुमार, सत्यजीत कुमार, मुकेश कुमार, प्रकाश कुमार, रामानंद कुमार, पंकज कुमार, नीतीश कुमार, उपेंद्र सिंह, छोटू कुमार आदि मौजूद रहे।

# निजी विद्यालय के संचालक एवं प्रधानाध्यापक को जिलाधिकारी ने दिया महत्वपूर्ण निर्देश

निज संवाददाता | नवादा



जिला पदाधिकारी, नवादा आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज जिला निबंधन सह परामर्श केन्द्र, नवादा में निजी विद्यालय के संचालक/प्रधानाध्यापक के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी निजी स्कूलों के संचालक को निदेश दिया कि ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर छात्र-छात्राओं के नामांकण से संबंधित आकड़ों को अपलोड करेंगे। उन्होंने बताया कि नवादा में कुल 367 निजी विद्यालय है जिसमें 284 का एनरोलमेंट हो चुका है, जिसका 77 प्रतिशत मात्र किया गया। राइट टू एजुकेशन(आरटीई) के तहत निजी विद्यालयों में कमजोर वर्ग के बच्चों का ऑनलाईन नामांकण करना है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि कमजोर वर्ग वाले बच्चे का आरटीई के तहत नामांकण मददगार साबित होगा। कमजोर वर्ग वाले भी समाज का निर्माण करते हैं। उन्होंने सभी निजी विद्यालय के संचालकों से अपील किया कि कमजोर वर्ग वाले बच्चे/गरीब बच्चों का भी नामांकण करें ताकि उनका भी भविष्य उज्जवल हो सके। इंसपायर अवार्ड मानक योजना के तहत कक्षा 06 से 10 तक के बच्चों के लिए है। बच्चों को 200 से 250 शब्दों में नया नवाचार/आईडिया लिखकर इंसपायर अवार्ड मानक योजना अन्तर्गत ईएमआईएएस पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड विद्यालय को करना है। प्रत्येक विद्यालय से 05 बच्चे के नवाचार को अपलोड किया जा सकता है। इस योजना के अन्तर्गत चयनित बच्चों के खाते पर 10 हजार रूपया दिये जाते हैं, जिनसे उन्हें जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता पदर्शनी में मॉडल तैयार कर लाना होता है। जिला स्तर पर चयनित बच्चे राज्य स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेते हैं। नवाचार को ईएमआईएएस पोर्टल पर 15.09.2024 तक अपलोड करना आवश्यक है। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय वाहनों के मानकों से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, डीपीओ शिक्षा आदि के साथ-साथ सभी निजी विद्यालयों के संचालक/प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

### जनता दरबार में एक मामले का हुआ निष्पादन

**चेनारी (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रत्येक शनिवार को थाना परिसर में आयोजित होने वाले जनता दरबार में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गावों के भूमी विवाद संबंधी मामलों का निष्पादन किया गया। यह जनता दरबार थानाध्यक्ष रंजन कुमार, प्रभारी अंचलाधिकारी जयप्रकाश के उपस्थिति में भूमी विवाद संबंधी मामलों का निष्पादन किया गया।

पूर्व मध्य रेल
शुद्धि–पत्र
**पत्र संख्या– गति शक्ति/ई–टेन्डर/11/खुली/शुद्धि/डीएनआर/24–25 दानापुर, दिनांक 06.09.2024**
निविदा सूचना संख्या गति शक्ति/ई–टेन्डर/11/खुली/शुद्धि/डीएनआर/24–25 दिनांक 20.08.2024 के मद संख्या जो कि दिनांक 11.09.2024 को खोली जानी है। उक्त कथित निविदा की विज्ञापन हेतु भेजा गया पत्र में त्रुटिवश (हिन्दी में) दिनांक 12.09.2024 लिखा गया है, **जिसे 11.09.2024 पढ़ा जाय** एवं निविदा की अन्य नियम एवं शर्तें पूर्ववत रहेगी।
**व.मं.अभि. (गतिशक्ति), पू.म.रेल, दानापुर**
पीआर/01090/डीएनआरजीएस/ईजी./सी/24–25/20

पूर्व मध्य रेल
ई–ऑक्शन सूचना सं. :–
कॉम–एनएफआर–डब्लूआर–डीएनआर2
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा निम्न कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है :–
**क्रम सं (01) कार्य का नाम :** दानापुर मंडल के अंतर्गत पटना जंक्शन (प्लेटफार्म संख्या–10) रेलवे स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं, बहुउद्देशीय स्टॉल और पर्यटक कियोस्क जैसी सुविधाओं के साथ एसी प्रतीक्षालय का उन्नयन एवं रखरखाव। **(02) अनुबंध की अवधी :** 05 वर्ष **(03) कैटेलॉग संख्या :** कॉम–एनएफआर–डब्लूआर– डीएनआर2 **(04) लॉट संख्या :** पीएनयू–डीएनआर–पी–डब्लूआरएल–89–24–2 **(05) ई–ऑक्शन की तिथि व समय :** दिनांक 25.09.2024 को 13:00 बजे से 13:30 बजे तक लॉट संख्या (पीएनयू–डीएनआर–पीएनबीइ–डब्लूआरएल–89–24–2) के लिए ई–नीलामी होगी। (प्रारंभिक कूलिंग ऑफ की अवधि 30 मिनट एवं लगातार लॉट का समापन अंतराल 10 मिनट है।) **(07) वेबसाईट जहाँ ई–ऑक्शन से संबंधित पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in.**
**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), दानापुर**
पीआर/1084/डीएनआर/सीओएमएल/एन/24–25/32

पूर्व मध्य रेल
ई–नीलामी सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा मंडल से गुजरती ट्रेनों में विविध वस्तुओं के बिक्री हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है :–
**1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : AA/1 -** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के DDU-MPO सेक्शन, SSM-ARA सेक्शन, और BD सेक्शन में सभी पैसेंजर ट्रेनों (सुपरफास्ट, मेल एक्सप्रेस, ऑर्डिनरी और DEMU/MEMU) (राजधानी, शताब्दी, वन्दे भारत, दुरंतो और सामान स्पेशल ट्रेनों को छोरकर) में लैपटॉप और मोबाइल उपकरण, कृत्रिम आभूषण और अन्य, सौंदर्य प्रसाधन, घड़ियाँ, रुमाल, होजरी, टॉयलेट्रीज, स्टेशनरी, किताबें और समाचार पत्र, शो पिस, जूते, खिलौना, आंखों के वस्त्र और चस्मा, बैग, लॉक इत्यादि जैसी विभिन्न विविध वस्तुओं (खाद्य एवं PDW वस्तुओं को छोड़कर) की वेंडिंग का कॉन्ट्रैक्ट 03 वर्षो के लिए।
**ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** NFR-HyB-DDU-03,
**ई–नीलामी लॉट संख्या :** HyB-OnB-90679-24-1,
**ई–नीलामी की तिथि एवं समय:** ई–नीलामी दिनांक 23.09.2024 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।
**वेबसाइट का पता जहां ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है – www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)**
**मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल/डी०डी०यू०**
पीआर/1091/डी.डी.यू./सीओएमएल./एन/24–25/40

## संक्षिप्त समाचार

## अश्विन ने दलीप ट्रॉफी में निकाली बल्लेबाजों की बड़ी गलती



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दलीप ट्रॉफी में चार टीमें एक-दूसरे मुकाबला कर रही हैं. बेंगलुरु में इंडिया ए की भिड़ंत इंडिया बी से हो रही है. वहीं अनंतपुर में इंडिया सी और इंडिया डी के बीच मैच खेला जा रहा है. इस बीच टीम इंडिया दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने घरेलू क्रिकेट खेलने वालों बल्लेबाजों की एक बड़ी कमी बताई है. इंडिया डी के बल्लेबाज रिकी भुइ का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा है कि अब फ्रंट फूट पर बैट को पैड से पीछे रखना घातक साबित हो सकता है. अश्विन ने DRS को गेमचेंजर बताते हुए कहा कि इसी वजह से ये बड़ी कमी सामने निकलकर आई है.

**बल्लेबाजों की गलत टेक्निक**

दलीप ट्रॉफी के दूसरे दिन मानव सुथार की गेंद पर रिकी भुइ LBW का शिकार हो गए थे. इसी का उदाहरण देते हुए अश्विन ने DRS को गेमचेंजर बताया. इस गेंद पर भुइ अपने बैट को पैड के पीछे रखकर फ्रंट फूट पर डिफेंस कर रहे थे. गेंदबाज ने आउट की अपील लेकिन ऑन फील्ड अंपायर ने मना कर दिया. इसके बाद उन्होंने इसका रिव्यू मांगा, जिसमें टीवी अंपायर ने फैसला पलटते हुए आउट करार दिया. अश्विन ने इसी घटना की तस्वीर सोशल मीडिया पर की और कहा कि बल्लेबाज की टेक्निक सही नहीं है. छ्रऋ आने के बाद से इस टेक्निक के साथ बल्लेबाज 10 में से 10 बार आउट हो सकता है.

## युवराज सिंह के पिता योगराज ने अर्जुन तेंदुलकर के भविष्य पर दिया बयान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** युवराज सिंह के पिता योगदार सिंह अटपटे बयान देने के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने कपिल देव और एमएस धोनी को लेकर टिप्पणी की थी। जी स्विच यूट्यूब चैनल पर योगराज सिंह ने कहा था कि मैं एमएस धोनी को माफ नहीं करूंगा और उन्हें अपना चेहरा आइने में देखना चाहिए। वह बहुत बड़े क्रिकेटर हैं, लेकिन उन्होंने मेरे बेटे के खिलाफ जो किया है, वह सब अब सामने आ रहा है और इसे जीवन में कभी माफ नहीं किया जा सकता।

युवराज सिंह को सफल क्रिकेटर बनाने में योगराज सिंह का अहम योगदान रहा है और शुरुआत में योगराज सिंह ने ही युवी को ट्रेनिंग दी थी। वहीं दूसरी तरफ सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन ने भी उनसे कुछ समय पहले ट्रेनिंग ली थी। जी स्विच पर ही बातचीत के दौरान योगराज सिंह से अर्जुन तेंदुलकर के बारे में सवाल किया गया और पूछा गया कि अर्जुन तेंदुलकर आपके पास ट्रेनिंग के लिए आए थे और आप उनके भविष्य को किस तरह से देखते हैं।

### इंग्लैंड वर्सेस श्रीलंका :147 सालों के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा...

# जो सचिन-ब्रैडमैन नहीं कर सके वो ओली पोप ने किया...



**लंदन, एजेंसी।** शुक्रवार का दिन अंग्रेज बल्लेबाज ओली पोप के लिए बेहद खास रहा. ओली पोप ने 103 रनों की नॉटआउट इनिंग खेली. वहीं, इंग्लैंड ने दिन का खेल खत्म होने पर 3 विकेट पर 221 रनों का स्कोर बनाया.

बहरहाल, ओली पोप के नाम खास रिकॉर्ड दर्ज हो गया है. इस अंग्रेज बल्लेबाज ने वह कारनामा कर दिखाया जो टेस्ट क्रिकेट के 147 सालों के इतिहास में डॉन ब्रैडमैन और सचिन तेंदुलकर जैसे बड़े-बड़े बल्लेबाज नहीं कर सके.

अब तक ओली पोप टेस्ट फॉर्मेट में 7 बार शतक का आंकड़ा छू चूके हैं. इस बार उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ शतक बनाया. लेकिन क्या आप जानते हैं ओली पोप के सारे शतक अलग-अलग देशों के खिलाफ आए हैं? ओली पोप ने अपने करियर के 7 शतक 7 अलग-अलग देशों के खिलाफ बनाए हैं. यह अपने आप में रिकॉर्ड है. टेस्ट क्रिकेट के 147 सालों के इतिहास में पहलप्पी बार ऐसा हुआ है. आज तक किसी बल्लेबाज ने यह कारनामा नहीं किया है.

डॉन ब्रैडमैन और सचिन तेंदुलकर जैसे बड़े-बड़े बल्लेबाज यह कारनामा नहीं कर सके. लेकिन ओली पोप ने कर दिखाया.

### अब तक इंग्लैंड-श्रीलंका टेस्ट में क्या-क्या हुआ?

बताते चलें कि इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच तीसरा टेस्ट खेला जा रहा है. इस वक्त इंग्लैंड 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे है. वहीं, अब तीसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने तक अंग्रेजों का स्कोर 3 विकेट पर 221 रन है. इंग्लैंड के लिए ओली पोप शतक बनाकर नॉटआउट हैं. बहरहाल, यह देखना मजेदार होगा कि ओली पोप और इंग्लैंड रनों का आंकड़ा कहां तक पहुंचा पाते हैं? इंग्लैंड टीम टेस्ट जीतकर श्रीलंका का सूपड़ा साफ करना चाहेगी.

### पेरिस ओलंपिक 2024:

## होकाटो होतोजे सेमा ने रचा इतिहास मेंस शॉटपुट एफ 57 में जीता ब्रॉन्ज

**पेरिस, एजेंसी।** नागालैंड के होकाटो होतोजे सेमा ने पेरिस पैरालंपिक के 9वें दिन भारत के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर कमाल कर दिया। होकाटो मेंस शॉट पुट स्न57 इवेंट में यह कारनामाम किया।

होकाटो ने 14.65 मीटर के थ्रो के साथ इस इवेंट में तीसरा स्थान हासिल किया, यह थ्रो उनका पर्सनल बेस्ट भी था। भारत की तरफ से सोमन राणा ने भी एफ 57 वर्ग के इस फाइनल में भाग लिया था और उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में 14.07 मीटर के थ्रो के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। अपने छह प्रयासों के पूरा होने के बाद वह कुछ समय के लिए ब्रॉन्ज मेडल की स्थिति में भी थे, लेकिन अंत में वह पिछड़ गए। मेंस शॉट



पुट के इस इवेंट में ईरान के यासिन खोस्रावी ने अपने चौथे प्रयास में 15.96 मीटर के थ्रो के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

यासिन खोस्रावी का यह थ्रो पैरालंपिक में रिकॉर्ड बन गया, जबकि ब्राजील के थियागो पौलीनो दोस सांतोस ने 15.06 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए सिल्वर मेडल जीता।

## चोट के कारण इस साल क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे मार्क वुड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड कोहनी की चोट की वजह से इस साल क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे। वुड श्रीलंका के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के पहले मैच में चोटिल हुए थे। अब उनके साल 2025 में वापसी की संभावना है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने यह जानकारी शुक्रवार को सीरीज के पहले टेस्ट के तीसरे दिन चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए थे। इसके बाद वह मैच में दोबारा गेंदबाजी करने नहीं उतरे।




सीरीज के बचे दो मैचों के लिए वुड की जगह लीसेस्टरशायर के युवा तेज गेंदबाज जोश हल को टीम में शामिल किया गया था। पहले टेस्ट के तीसरे दिन चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए थे मार्क वुड सीरीज के पहले टेस्ट के तीसरे दिन चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए थे। इसके बाद वह मैच में दोबारा गेंदबाजी करने नहीं उतरे। उन्हें राइट लेग में थाई इंजरी हुई है। इसलिए वह टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं।

## दूसरा टी-20 जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज पर कब्जा किया



### ● स्कॉटलैंड को 70 रन से हराया, ● जोश इंग्लिस की सेंचुरी, स्टोइनिस ने 4 विकेट लिए

**एडिनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के बीच खेली जा रही तीन मैचों की टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को 70 रन से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज पर भी कब्जा कर लिया है।

एडिनबरा में खेला गया मुकाबला बारिश की वजह से देरी से शुरू हुआ। स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बैरिंगटन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। ऑस्ट्रेलिया ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 196 रन बनाए। जोश इंग्लिश ने अपने करियर का दूसरा शतक लगाया। उन्होंने 103 रन की पारी खेली। जोश इंग्लिश ने 43 बॉल में सेंचुरी लगाई। वे ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

197 रन का पीछा करने उतरी स्कॉटलैंड टीम की शुरुआत खराब रही। 20 रन के अंदर दोनों ओपनर्स पवेलियन लौट गए। टॉप ऑर्डर बैट्समैन ब्रेंडन मैक्मुलेन 59 और जॉर्ज मुन्से 19 रन के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाया। पूरी टीम 126 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मार्कस स्टोइनिस ने 4 विकेट लिए।

जोश इंग्लिश की सबसे तेज सेंचुरी जोश ने ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 में सबसे तेज सेंचुरी लगाई। उन्होंने 43 बॉल पर अपना शतक पूरा किया। 103 रन की पारी में उन्होंने 7 चौके और 7 सिक्स लगाए।

जोश-कैमरून ने 92 रन की साझेदारी की ऑस्ट्रेलिया के पावर हीटर ट्रैविस हेड को ब्रैड क्यूरी ने शून्य के स्कोर पर बोल्ड कर दिया। लड़खड़ाती पारी को हेड और ग्रीन ने संभाला। दोनों ने मिलकर 52 बॉल पर 92 रन जोड़े। ग्रीन ने 36 रन की पारी खेली। ग्रीन के आउट होने के बाद मार्कस स्टोइनिस बल्लेबाजी करने आए।

### शेर अभी बूढ़ा नहीं हुआ...

## यूपी टी20 लीग में भुवनेश्वर कुमार की खतरनाक बॉलिंग



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया से बाहर चल रहे मीडियम पेसर भुवनेश्वर कुमार यूपी टी20 लीग में अपनी दमदार गेंदबाजी से कहर बरपा दिया। लखनऊ फाल्कन्स के लिए काशी रुद्रा के खिलाफ चार ओवर की गेंदबाजी में सिर्फ 4 रन खर्च किए। हालांकि, उन्हें विकेट नहीं मिला, लेकिन भुवनेश्वर कुमार काफी किफायती रहे। यूपी टी20 लीग 2024 में भुवनेश्वर कुमार ने अपनी कसी हुई गेंदबाजी से कहर बरपा दिया। भुवनेश्वर कुमार ने यूपी फाल्कन्स के लिए चार ओवर की गेंदबाजी में सिर्फ 4 रन खर्च किए। इस दौरान उन्होंने एक ओवर मेडन निकाला।

हालांकि, उन्हें विकेट नहीं मिला, लेकिन काशी रुद्रा के बल्लेबाज उनके खिलाफ रन बनाने के लिए तरस गए। यानी भुवनेश्वर ने अपने 24 गेंद के स्पेल में से 20 गेंद डॉट निकाल दी। यही कारण है कि भुवी को लेकर यह कहा जा रहा है कि उनमें अभी भी दम बाकी है और वह टीम इंडिया के लिए टी20 फॉर्मेट में वापसी करने की क्षमता रखते हैं। भुवनेश्वर कुमार आखिरी बार साल 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 मुकाबले में मैदान पर उतरे थे।

## राजस्थान रॉयल्स ने राहुल द्रविड़ को मुख्य कोच नियुक्त किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति मल्टी ईयर कॉन्ट्रैक्ट पर हुई है। राहुल द्रविड़ का भारतीय टीम के कोच के रूप में कार्यकाल इस साल जून में बारबाडोस में हुए टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद खत्म हुआ।

द्रविड़ ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि मैं उस फ्रेंचाइजी में वापस आ रहा हूं, जिसे मैंने कई सालों तक अपना घर माना है। वर्ल्ड कप के बाद मुझे लगा कि यह सही समय है कि मैं एक नई चुनौती को स्वीकार करूं, और



राजस्थान रॉयल्स इसके लिए सबसे सही जगह है। द्रविड़ ने अपने बयान में कहा, मनोज, जेक, कुमार और टीम ने फ्रेंचाइजी को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए काफी मेहनत की है।

हमारे पास जो टैलेंट और संसाधन हैं, उनके साथ हम इस टीम को अगले स्तर पर ले जाने के लिए तैयार हैं। मैं जल्द ही काम शुरू करने के लिए उत्साहित हूं।

द्रविड़ 2011 से 2015 तक राजस्थान रॉयल्स के साथ पांच सीजन तक जुड़े रहे, जहां उन्होंने अपने कोचिंग करियर की शुरुआत की थी। अब वह फ्रेंचाइजी के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा के साथ मिलकर टीम की रणनीति पर काम करेंगे। संगकारा ने कहा, राहुल क्रिकेट के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक हैं, लेकिन पिछले दस सालों में उन्होंने कोच के रूप में जो हासिल किया है, वह अद्भुत है।

## निराशाजनक है- मैंने 10 विकेट लिए लेकिन टीम में बाद में मौका ही नहीं मिला: अजाज पटेल

**ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश), एजेंसी।** न्यूजीलैंड के स्पिनर अजाज पटेल ने कहा कि यह उनके लिए निराशाजनक है कि एक पारी में दस विकेट लेने के बावजूद उन्हें मौके नहीं मिलते। न्यूजीलैंड सोमवार से अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में है। मैच से पहले अजाज ने कहा कि न्यूजीलैंड की घरेलू परिस्थितियों में तेज गति के अनुकूल होने के कारण मौके मिलना मुश्किल है, लेकिन अवसरों की कमी मैदान पर जाने और जब भी मौका मिले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की भूख पैदा करती है।

अजाज ने कहा कि हां, मुझे लगता है कि यदि आप न्यूजीलैंड के सभी स्पिनरों से पूछें, तो घरेलू परिस्थितियों के कारण घर पर कई अवसर प्राप्त करना कभी-कभी मुश्किल होता है। लेकिन, मुझे यह भी लगता है कि जब आप इस तरह की घरेलू परिस्थितियों में आते हैं तो अधिक भूख पैदा होती है। आप परिस्थितियों को जानते हैं यह स्पिन के अनुकूल है। आप वहां जाने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए काफी भूखे हैं। यह वास्तव में खेल में जाने और परिस्थितियों का आनंद लेने के बारे में है। अजाज ने कहा कि यह एक पेशेवर माहौल है और खिलाड़ियों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे बाहर जाएं और अपने खेल में सुधार करते रहें और आगे बढ़ते रहें।



मुझे लगता है कि 10 विकेट के बाद हां, आप निश्चित रूप से थोड़ा निराश हैं क्योंकि आपको अधिक अवसर नहीं मिलते हैं, लेकिन साथ ही, एक खिलाड़ी के रूप में, यह अभी भी आपके खेल को बढ़ाने के बारे में है। मैंने 10 विकेट लेने के बाद अपना रन अप थोड़ा बदला है। यह हमेशा सुधार करने के बारे में है और यह हमेशा यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि अगला अवसर आने पर आप तैयार हैं। न्यूजीलैंड के लिए खेलना हमेशा सौभाग्य की बात है और निश्चित रूप से अपने देश के लिए खेलना कभी नहीं आसान है और उन अवसरों को प्राप्त करना हमेशा काफी खास होता है।

बता दें कि इंग्लैंड के जिम लेकर और भारत के अनिल कुंबले के अलावा एक पारी में दस विकेट लेने वाले अजाज पटेल तीसरे खिलाड़ी हैं। अजाज अब तक 16 टेस्ट खेले हैं, जिसमें उन्होंने 29.75 की औसत से 62 विकेट लिए हैं।



# फिर कप्तानी से हटाए जाएंगे बाबर आजम?

### पाकिस्तान क्रिकेट में जल्द होगा नया विस्फोट!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान की क्रिकेट टीम मुश्किल दौर से गुजर रही है। बांग्लादेश से टेस्ट सीरीज हारने के बाद कप्तानी मे बदलाव की चर्चा तेज हो गई है। अभी वनडे और टी20 में बाबर आजम तो टेस्ट में शान मसूद टीम के कप्तान हैं।

पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप से पहले तक बाबर तीनों फॉर्मेट में कप्तान थे। टूर्नामेंट में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें हटा दिया गया था। टी20 वर्ल्ड कप से पहले शाहीन को हटाकर बाबर को फिर से व्हाइट बॉल कप्तान बना दिया गया।

**पाकिस्तान को नहीं मिल रही जीत:** बांग्लादेश के खिलाफ पहली बार टेस्ट मैच और सीरीज होने के बाद पाकिस्तान की काफी आलोचना हो रही है। दरअसल, पिछले कुछ समय से पाकिस्तानी टीम खराब फॉर्म से जूझ रही है।

वनडे वर्ल्ड कप 2023 हो या फिर टी20 वर्ल्ड कप 2024, टीम का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है। द्विपक्षीय सीरीज में भी टीम लगातार हार रही है। यही वजह है कि पाकिस्तानी टीम में एक बार फिर बदलाव की तैयारी चल रही है।

**अमेरिका तक ने हरा दिया था:** बांग्लादेश से मिली हार से पहले वनडे और टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को क्रमशः अफगानिस्तान और अमेरिका के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

पिछले तीन वर्षों में पाकिस्तान का घरेलू टेस्ट रिकॉर्ड भी खराब रहा है। इस दौरान उसे छह हार और चार ड्रॉ का सामना करना पड़ा है। इसमें 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ मिली 3-0 की टेस्ट सीरीज हार भी शामिल है। पाकिस्तान को अब अपने घर में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। यह सीरीज 7 अक्टूबर से मुल्तान में शुरू होगी।



### रिजवान बन सकते हैं नए कप्तान

रिपोर्ट के मुताबिक, मोहम्मद रिजवान तीनों फॉर्मेट में कप्तान बन सकते हैं। ऐसे में टेस्ट कप्तान शान मसूद के साथ ही बाबर आजम को भी कप्तानी से हाथ धोना पड़ेगा। पाकिस्तान को पहले टेस्ट में पारी घोषित करने के बाद बांग्लादेश ने 10 विकेट से हरा दिया था। दूसरे टेस्ट को भी बांग्लादेश ने 6 विकेट से अपने नाम किया।

इसके बाद से पाक टीम की हर तरफ आलोचना हो रही है।

## न्यूज बाइट्स

### महिला ने लगाया जानलेवा हमला व लूट का आरोप

**गोह (औरंगाबाद ) (नि.सं.)।** गोह थाना क्षेत्र के अजान गांव में एक महिला पर जानलेवा हमला और लूट का मामला प्रकाश मे आया हैं। इस सबंध मे पीड़ित महिला के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामला की अनुसंधान मे जुट गईं हैं। थाना मे दिए गए आवेदन मे अजान गांव निवासी ममता देवी ने आरोप लगाया है कि गांव के ही कुछ लोगों ने उनके ऊपर जानलेवा हमला किया और लूटपाट की। ममता देवी ने बताया कि वे किसी कार्य से जा रही थीं उसी समय गांव के रवी पासवान, मंटू पासवान, अभिषेक पासवान, पुष्प राम, राहुल पासवान सहित दर्जनों लोगों ने लोहे का रड और लाठी डंडे से हमला किया। हमलावरों ने उनके गले से सोने का चैन और कान का टप छीन लिया। पुलिस ने ममता देवी के बयान पर कांड संख्या 268/24 दर्ज किया है और उपरोक्त लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### भूमि मुआवजा भुगतान में तेजी लाने के लिए विशेष शिविर का आयोजन

**(औरंगाबाद ) (एसवीवी सं.)।** भारत सरकार द्वारा शुरू की गई महत्त्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के तहत वाराणसी-कोलकाता खंड के 4/6 लेन पथ निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए रैयतों को अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसी के तहत, औरंगाबाद जिले के नवीनगर, कुटुम्बा और देव प्रखंडों में 9 सितंबर 2024 को विशेष शिविरों का आयोजन किया गया है। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिन रैयतों की भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, उन्हें उचित मुआवजा शीघ्र मिले। इसके साथ ही सोन नगर बाईपास रेलवे लाइन निर्माण परियोजना के लिए भी अर्जित भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने हेतु 9 सितंबर को बारुण प्रखंड में एक और विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### जिलाधिकारी ने की तकनीकी विभागों की समीक्षा बैठक

# ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए सुदृढ़ व्यवस्था करने का दिया गया निर्देश

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



समाहरणालय सभाकक्ष में शनिवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में विभिन्न तकनीकी विभागों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में जारी विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना और उन्हें समय पर पूरा करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करना था। बैठक के दौरान सबसे महत्वपूर्ण चर्चा भवन निर्माण से जुड़े कार्यों पर हुई। जिलाधिकारी ने सभी कार्यपालक अभियंताओं को निर्देशित किया कि वे भवन निर्माण के दौरान चयनित स्थल तक पहुंचने के लिए पहुंच पथ (एप्रोच रोड) का प्रावधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि पहुंच पथ का उचित प्रबंध नहीं किया गया तो निर्माणाधीन भवनों का उपयोग करना मुश्किल हो जाएगा, जिससे उनकी सार्थकता नहीं रह जाएगी। इस संदर्भ में सभी अभियंताओं को अपने-अपने प्रोजेक्ट में इस बिंदु को जोड़ने की सलाह दी गई। नल जल योजना के तहत जलापूर्ति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने पीएचईडी (लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग) के अभियंताओं को सभी वार्डों में पानी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नल जल योजना के तहत हर घर तक पानी पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है, इसलिए अभियंता सुनिश्चित करें कि किसी भी वार्ड में जलापूर्ति बाधित न हो।

विद्युत आपूर्ति की समीक्षा भी इस बैठक का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिया कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में यथासंभव सुदृढ़ विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति में कोई भी बाधा लोगों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है, इसलिए इस दिशा में उचित कदम उठाए जाएं।

इसके अलावा, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के अभियंताओं को डीएमएफटी (जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट) के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि जिन परियोजनाओं का कार्य विभिन्न कारणों से बंद पड़ा है, उनका प्रतिवेदन प्रस्तुत करें और अनावश्यक रुकी हुई परियोजनाओं की राशि वापस करें। शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अभियंताओं को तत्काल कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि शिक्षा से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में कोई विलंब न हो। साथ ही जिला योजना पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अगली बैठक में संबंधित विभागों के प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी बुलाया जाए, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाई जा सके। इस समीक्षा बैठक में सभी विभागों के कार्यपालक अभियंता, जिला योजना पदाधिकारी और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में यह सुनिश्चित किया गया कि सभी विकास कार्यों को ससमय पूरा करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे और उनकी नियमित रूप से निगरानी की जाएगी, ताकि जनता को समय पर सुविधाएं मिल सकें और जिले का समग्र विकास हो सके।

इस बैठक से यह स्पष्ट हुआ कि जिलाधिकारी विकास कार्यों को लेकर गंभीर हैं और उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करें। इस प्रकार की बैठकों से जिले में विकास योजनाओं की प्रगति पर नजर रखना और उसे तेजी से पूरा करना संभव हो सकेगा।

# डीएलएसए के सचिव ने की पैनल अधिवक्ताओं से राष्ट्रीय लोक अदालत में सक्रियता भूमिका निभाने की अपील

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने शनिवार को प्राधिकार के प्रकोष्ठ में प्राधिकार में सूचीबद्ध सभी पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में सचिव ने पैनल अधिवक्ताओं को प्राधिकार द्वारा प्रदान की गयी भूमिका को सराहा। कहा कि निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने में आपकी अहम भूमिका है। आप लोग इसे निरंतर करते आ रहे हैं। विधिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को हक और अधिकार से अवगत कराने के लिए आप लोग अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हुए समूचे क्षेत्र के लोगो को लाभान्वित करतें है। इससे प्राधिकार के प्रति लोगो में काफी विश्वास पैदा हुआ है। इस कार्य को आप लोगो को निरंतर करते रहना है। उन्होंने सभी पैनल अधिवक्ताओं को राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने स्तर से पहल करते हुए अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निस्तारण के लिए सक्रिय सहभागिता का निर्देश दिया। साथ ही उन्हें आगामी 14 सितम्बर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक सुलहनीय आपराधिक वादों को अपने स्तर से चिन्हित कर निष्पादन कराने का निर्देश दिया। सचिव ने बैठक के पूर्व पैनल अधिवक्ताओं द्वारा पूर्ववर्ती आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय में लंबित सुलहनीय वादों के निस्तारण में सहयोग के लिए प्रशंसा की तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में जिले को सभी मामलें में सर्वश्रेष्ठ बनाने हेतु पूर्ण सहयोग की अपील की। इस पर सभी पैनल अधिवक्ताओं ने अपने स्तर से पहल करते हुए सुलहनीय वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक निस्तारण करने में अपनी पूरी क्षमता के साथ सहयोग करने में सक्रिया भूमिका निभाने की सहमति देते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। सचिव ने बताया कि 14 सितम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए तैयारियां अनवरत की जा रही है।

## हाई वोल्टेज बिजली के चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**गोह(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** गोह के उपहारा थाना क्षेत्र के अमारी गांव में 11 हजार वोल्ट के बिजली के चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान अमारी गांव निवासी रामेश्वर सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि रामेश्वर सिंह शुक्रवार शाम करीब 6 बजे धान के खेत देखने जा रहे थे। रास्ते मे पूर्व से गिरे बिजली के तार के चपेट में आ गए। किसी ने इसकी सुचना परिजनों को दी। परिजनों ने उन्हें तत्काल समुदायिक स्वाथ्य केंद्र गोह ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र सौरभ कुमार ने बताया कि बिजली के तार गिरे रहने के कारण उनके पिता की मौत हुई है। पुलिस ने अस्पताल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु औरंगाबाद भेजा और पोस्टमार्टम उपरांत शव को सौंप दिया गया है। इस घटना से परिजनों में चित्कार मच गया है और गांव में मतमी सन्नाटा पसरा हुआ हैं।

# अपर लोक अभियोजक मिथिलेश कुमार सिन्हा के आकस्मिक निधन पर शोक की लहर

### विधिक संघ और लोक अभियोजकों ने की श्रद्धांजलि अर्पित

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



अपर लोक अभियोजक मिथिलेश कुमार सिन्हा के आकस्मिक निधन पर आयोजित हुईं दो शोकसभाएंआज जिला विधिक संघ, औरंगाबाद में अपर लोक अभियोजक मिथिलेश कुमार सिन्हा के आकस्मिक निधन पर गहन शोक व्यक्त करते हुए दो शोकसभाओं का आयोजन किया गया। पहली शोकसभा जिला विधिक संघ के केंद्रीय कक्ष में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय ने की और संचालन महासचिव जगनरायण सिंह ने किया। सभा में सर्वप्रथम उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।मिथिलेश कुमार सिन्हा ने 13 मार्च 1992 से विधि व्यवसाय में कदम रखा था और वे अपनी ईमानदारी और समर्पण के लिए जाने जाते थे। इस शोकसभा में जिला विधिक संघ के अधिकांश सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने अपने साथी अधिवक्ता के निधन पर शोक व्यक्त किया।दूसरी शोकसभा अपर लोक अभियोजकों द्वारा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल ने की और संचालन इरशाद आलम ने किया। इस सभा में भी उनके जीवन और योगदान की चर्चा की गई। उनके पिता, राजदेव प्रसाद, सेवानिवृत्त अधीक्षक पोस्टल विभाग में थे, और उनका पुत्र बंगलौर में इंजीनियर पद पर कार्यरत है।इस अवसर पर स्पेशल पीपी कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह, रसिक बिहारी सिंह, अशोक कुमार सिंह, नागेश्वर प्रसाद सिंह, महेंद्र कुमार मिश्रा, कामता प्रसाद सिंह, परशुराम सिंह, सत्येन्द्र कुमार सिंह, अनिल कुमार शर्मा, अनिल कुमार वन, परवेज अख्तर, रामनरेश प्रसाद, प्रदीप कुमार सिंह, शिवलाल मेहता, रामस्वरूप सिंह, मंतोष कुमार, यमुना प्रसाद, नृपेश्वर सिंह देव, शिवपूजन प्रजापति सहित अन्य कई अधिवक्ता उपस्थित थे। शोकसभा के उपरांत सभी अधिवक्ताओं ने अपने आप को आज न्यायिक कार्यों से विरत रखने का निर्णय लिया और दिवंगत अधिवक्ता के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की।

# 44 भूमिहीन परिवारों को मिला जमीन का पर्चा



- ढोसिला पंचायत, चरकावां और भदुकीकला पंचायत के विभिन्न गांवों के लोगों को योजना का लाभ मिला।

**निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)**

रफीगंज अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह तथा अन्य अधिकारियों द्वारा ढोसिला पंचायत, चरकावां एवं भदुकीकला पंचायत के विभिन्न गांव के 44 भूमिहीन परिवारों को अभियान बसेरा 2 के तहत रहने के लिए आवासीय भूमि प्रदान की गई। अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह ने बताया कि वैसे लोग जो बिल्कुल भूमिहीन थे, उन्हें अभियान बसेरा-2 के तहत आवासीय भूमि के लिए पर्चा प्रदान किया गया। इस मौके पर अंचल प्रधान लिपिक अजय कुमार, नाजिर प्रशांत कुमार, राजस्व अधिकारी मो. खुर्शीद आलम, राजस्व कर्मचारी अजीत कुमार, दुर्गेश कुमार, ढोसिला मुखिया प्रतिनिधि विनोद राठौर, भदुकीकला उप मुखिया ओमप्रकाश भारती उर्फ गुड्डू यादव उपस्थित थे।

# एसडीपीओ ने की अनुमंडल स्तरीय की मासिक अपराध समीक्षा बैठक



**नि. संवाददाता | दाउदनगर (औरंगाबाद)**

दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषिराज ने शनिवार को अनुमंडल स्तरीय मासिक अपराध समीक्षा बैठक की। साथ ही नए कानूनों के तहत की जा रही कार्रवाई पर सभी थानाध्यक्षों के साथ समीक्षा की। दाउदनगर थाना प्रांगण में संपन्न बैठक में अनुमंडल के सभी थानाध्यक्ष एवं अंचल पुलिस निरीक्षक शामिल रहे। बैठक में एएडीपीओ ने अवैध बालू खनन के खिलाफ छापेमारी करने, अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी करने, मिशन 75 के अनुरूप कांडो का ससमय निष्पादन करने, महिला और बालकों से संबंधित अपराधों पर त्वरित अनुसंधान करने, वारंट-कुर्की का त्वरित निष्पादन करने, क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति बढ़ाने, कम्यूनिटी पुलिसिंग, एससी-एसटी मामलों का त्वरित अनुसंधान पूर्ण करने, नए कानूनों के कार्यान्वयन, कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप 41 सीआरपीसी और 35 बीएनएस के अनुपालन एवं अन्य विविध मामलों को लेकर दिशा निर्देश दिया।

# सम्मान समारोह में सम्मानित किए गए शिक्षक

**निज सवांददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)**




विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल के दाउदनगर के नवरतनचक स्थित संस्कार विद्या स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता, समृद्धि एजुकेशनल सोशायटी की चेयरमैन मालती देवी, सीइओ आनंद प्रकाश, डिप्टी सीईओ ई. विद्यासागर, टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश, मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनोज कुमार, एवं कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के चेयरमैन मदन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया। इस मौके पर तारिणी इंद्र गुरु ने मंत्रोच्चार किया। धर्मेंद्र कुमार एवं कंचन सिंह की टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता का जन्म दिवस भी मनाया गया। शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सीएमडी ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माण करते हैं। जो भी बच्चे सफल नागरिक बने हैं, उसमें शिक्षकों का अमूल्य योगदान है। सीईओ आनंद प्रकाश ने कहा कि शिक्षक वह दीपक हैं, जो स्वयं में जलकर दूसरों दूसरों को रास्ता दिखाते हैं। वे त्याग की प्रति मूर्ति होते हैं। पथ प्रदर्शक होते हैं। शिक्षकों को ज्ञान, शील और संस्कार से ओत-प्रोत होना चाहिए। शिक्षक वह सीढ़ी हैं, जिसके ऊपर चढ़कर समाज सफलता की ऊंचाइयों को छूता है। माता-पिता धरती पर जीवित ईश्वर हैं।

# मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

शनिवार को औरंगाबाद के समाहरणालय में जिला निर्वाचन-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण और प्रारूप सूची के संबंध में विचार-विमर्श के लिए बुलाई गई थी। बैठक में जिले के माननीय सांसद, विधायक, और विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष व सचिवों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के आलोक में जिले के मतदान केन्द्रों का पुनर्निरीक्षण और युक्तिकरण करना था। बैठक की शुरुआत जिला निर्वाचन-सह-जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा सभी उपस्थित प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए की गई। इसके बाद भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पत्रांक-23/2024-ईआरएस (Vol.IV) दिनांक 07.08.2024 और उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार, पटना के पत्रांक-5702 दिनांक-09.08.2024 में दिए गए निर्देशों की जानकारी दी गई। जिला पदाधिकारी ने बताया कि मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन किया गया है और आयोग द्वारा निर्धारित अधिकतम निर्वाचक संख्या के आधार पर नए प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों पर अधिकतम 1400 निर्वाचकों को संबद्ध किया गया है। इस निर्देश के अनुसार, औरंगाबाद जिले में सभी मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण कार्य किया गया है, और उनकी प्रारूप सूची तैयार कर प्रकाशित कर दी गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि औरंगाबाद जिले में अनुमोदित मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 2002 है। 1 जुलाई 2024 की स्थिति के अनुसार, 66 मतदान केन्द्रों पर निर्वाचकों की संख्या 1400 से अधिक है, जो आयोग द्वारा निर्धारित सीमा से ऊपर है। बैठक में प्रतिनिधियों को फोल्डर के माध्यम से जिले के सभी छः विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों - 219-गोह, 220-ओबरा, 221-नबीनगर, 222-कुटुम्बा (अ०जा०), 223-औरंगाबाद, और 224-रफीगंज के मतदान केन्द्रों की प्रारूप सूची, युक्तिकरण और पुनरीक्षण से संबंधित जानकारी दी गई। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मौखिक रूप से अपनी समस्याएं भी रखीं। कई प्रतिनिधियों ने बताया कि कुछ मतदान केन्द्र ऐसे हैं जहाँ निर्वाचकों को 2 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। यह स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मतदाताओं के लिए असुविधाजनक हो सकती है। इसके अलावा, कई मतदान केन्द्रों की संख्या में वृद्धि की भी मांग की गई, ताकि दूरदराज के क्षेत्रों के मतदाता आसानी से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी उपस्थित प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि यदि किसी को प्रारूप सूची में कोई आपत्ति या सुझाव देना हो, तो वे 7 सितंबर 2024 से 17 सितंबर 2024 के बीच लिखित रूप में जिला निर्वाचन कार्यालय में अपना सुझाव या आपत्ति जमा कर सकते हैं।



सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस
(08 सितम्बर, 2024)

संदेश

शिक्षा के प्रति लोगों को जागरुक करने तथा नवसाक्षरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 08 सितम्बर को पूरे विश्व में अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है।

शिक्षा मनुष्य में सहिष्णुता, सह–अस्तित्व और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे मूल्यों को विकसित करने में मदद कर सकती है। यह किसी भी समाज एवं राष्ट्र के विकास में केन्द्रीय भूमिका निभाती है। इसके बिना विकास की संकल्पना अधूरी है। शिक्षा को समाज के सभी वर्गों तक पहुँचाने के लिए हर संभव प्रयास हो रहे हैं। इसके लिए सरकार द्वारा कई अभियान भी चलाये जा रहे हैं। हमारा कर्त्तव्य है कि इस अत्यावश्यक कार्य में हर संभव सहयोग दें।

राज्य की जनता एवं समाज के सभी वर्गों, यथा–लेखक, बुद्धिजीवी पत्रकारों, साहित्यकारों आदि से मेरा आवाह्न है कि वे राज्य को साक्षर बनाने में अपना सक्रिय सहयोग दें तथा इसे सफल बनायें।

(राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर)

PR No.- 007307 (Education) D. 2024-25



बिहार सरकार

अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस
(08 सितम्बर, 2024)

मुख्यमंत्री
बिहार

संदेश

प्रतिवर्ष 08 सितम्बर को पूरे विश्व में अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर मैं सभी को शुभकामनाएँ देता हूँ। साक्षरता पढ़ने और लिखने में सक्षम होने तक सीमित नहीं है बल्कि साक्षरता का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरुक कर उसका सर्वांगीण विकास और चारित्रिक निर्माण करना है।

इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा महादलित, दलित, अल्पसंख्यक, अतिपिछड़ा वर्ग अक्षर आँचल योजना का संचालन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से असाक्षर महिलाओं एवं बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ी है। इस योजना के द्वारा समाज के अभिवंचित वर्ग, अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं में साक्षरता–वृद्धि, जन–जागरण एवं उनके सशक्तीकरण का कार्य किया जा रहा है।

'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' के अवसर पर सभी राज्यवासियों से मेरा अनुरोध है, कि बिहार को सम्पूर्ण साक्षर बनाने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 007306 (Education)D. 2024-25